

आपकी बात, निर्भीकता के साथ

# प्रातःनागपुरी

आरएनआई पंजीयन सं. JHABIL/2023/86791

वर्ष : 02, अंक : 80 | रांची, शनिवार, 01 मार्च 2025 (फाल्गुन शुक्ल 02, संवत 2081), पृष्ठ : 12, मूल्य : 3 रुपये | email: jharkhandwanitaudyog@gmail.com



## उत्तराखंड में हिमस्खलन, 57 मजदूर दबे, 33 बचाये गए

एजेंसियां

**देहरादून।** उत्तराखंड के चमोली जिले में स्थित सीमांत गांव माणा के पास ऊंचाई वाले क्षेत्र में शुक्रवार को हिमस्खलन के कारण बर्फ में 57 मजदूर दब गए। सूबे के उंचाई वाले क्षेत्रों में हो रही भारी बर्फबारी के बीच फंसे सीमा सड़क संगठन के लिए काम कर रहे इन 57 मजदूरों में से 33 को सुरक्षित निकाल लिया गया है। प्रदेश के आपदा प्रबंधन विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक, शाम 5 बजे तक बद्रीनाथ धाम से 6 किलोमीटर आगे हिमस्खलन में फंसे 32 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया है जबकि शेष बचे 24 अन्य को



निकालने की कार्रवाई चल रही है। सुबह करीब 07:15 बजे हुआ था हिमस्खलन : रिपोर्ट्स के मुताबिक, माणा और बद्रीनाथ के बीच में स्थित बीआरओ के मजदूरों के कैंप पर करीब 07:15 बजे हिमस्खलन हुआ था जिससे मजदूर बर्फ में दब गए थे। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस, सेना, सीमा सड़क संगठन (BRO), भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस (ITBP), राज्य आपदा प्रतिवादन बल और आपदा प्रबंधन विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे तथा बचाव और राहत कार्य शुरू किया। उत्तराखंड सरकार ने बताया कि अब तक 33 मजदूरों को रेस्क्यू किया जा चुका है। बता दें कि खराब मौसम और लगातार बर्फवारी के कारण मौके पर बचाव एवं राहत कार्य चलाने में मुश्किलें आ रही हैं। हालांकि, घटना में अभी किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। घटना में फंसे सभी मजदूरों के नाम भी सामने आ गए हैं।

### 'बर्फ नहीं गिरने से कैंप बंद नहीं किया गया था'

बता दें कि, बद्रीनाथ से करीब 3 किलोमीटर दूर माणा भारत तिब्बत सीमा पर बसा आखिरी गांव है, जो 3200 मीटर की उंचाई पर स्थित है। हादसा स्थल हिमस्खलन की दृष्टि से सर्दियों के समय में खतरनाक माना जाता रहा है। इसलिए पहले के समय में इस कैंप से लोगों को हटाकर बद्रीनाथ में रखा जाता था। माणा के गांव प्रधान पिताम्बर सिंह ने बताया कि इस बार बर्फ नहीं गिरने से कैंप बंद नहीं किया गया था और आज मजदूर हादसे की चपेट में आ गए। बद्रीनाथधाम, नर और नारायण पर्वत की तलहटी पर बसा है, जिसके बीचों बीच अलकनंदा नदी प्रवाहित होती है। हादसा नर पर्वत से आए हिमस्खलन के कारण हुआ।

## हाईस्कूल शिक्षक नियुक्ति को लेकर हाईकोर्ट ने सुनाया फैसला, 500 अभ्यर्थियों को लगा झटका

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** हाईस्कूल शिक्षक नियुक्ति (वर्ष 2016) में जेएसएससी की ओर से जारी मेरिट लिस्ट की जानकारी नहीं होने पर नियुक्ति से वंचित 30 प्रार्थियों की अपील याचिका हाईकोर्ट ने शुक्रवार को खारिज कर दी। चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस दीपक रोशन की अदालत ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि जेएसएससी ने विज्ञापन में ही स्पष्ट किया था कि राज्य स्तरीय मेरिट लिस्ट का प्रकाशन आयोग



की वेबसाइट पर किया जाएगा। आयोग ने विज्ञापन की शर्तों के अनुसार वेबसाइट पर मेरिट लिस्ट जारी किया। ऐसे में आयोग की कोई गलती नहीं है। प्रार्थियों ने वेबसाइट पर लिस्ट नहीं देखा, ऐसे में आयोग की गलती नहीं है। हाईकोर्ट के आदेश से करीब 500 उम्मीदवारों को झटका लगा है।

**30 लोगों ने दायर की थी अपील याचिका :** इस संबंध में निर्मल पाहन, अलका कुमारी समेत 30 ने अपील याचिका दायर की थी। याचिका में कहा गया था कि सोनी कुमारी के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग को राज्यस्तरीय मेरिट लिस्ट जारी करने का निर्देश दिया था। आयोग ने मेरिट लिस्ट अपनी वेबसाइट पर जारी कर दी। प्रार्थी सुदूरवर्ती और ग्रामीण इलाके में रहते हैं। इस कारण वह वेबसाइट नहीं देख सके। शेष पेज 08 पर

### झारखंड बजट सत्र

## 5508 करोड़ का तृतीय अनुपूरक बजट पास

- सीपी सिंह और इरफान अंसारी आमने-सामने

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन ध्वनिमत से सदन में 5508 करोड़ का तृतीय अनुपूरक बजट पास हो गया। इसके पहले अनुपूरक बजट पर वाद विवाद भी हुआ। साथ ही वित्त मंत्री ने सदन में आर्थिक सर्वेक्षण की भी रिर्पोट पेश की। शुक्रवार को दूसरी पाली में सदन की कार्यवाही के दौरान सीपी सिंह और इरफान अंसारी आमने-सामने हो गए। सीपी सिंह ने इरफान अंसारी को चुनौती दी कि अगर डॉ. इरफान अंसारी प्रधानमंत्री के 15 लाख देने वाले बयान का प्रमाण दिखा दें, तो वह विधानसभा सदस्य के पद से इस्तीफा दे देंगे। शेष पेज 08 पर

### मुख्यमंत्री ने 28945 सरकारी प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों को सौंपे टैबलेट

# बच्चों के समग्र विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध: हेमंत सोरेन

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** आज जमाना डिजिटल हो चुका है। कोई भी ऐसा सेक्टर नहीं बचा है, जो डिज़िटलाजेशन से अछूता हो। डिजिटल सेवाओं में भी तेजी से बदलाव हो रहा है। हर दिन डिजिटल सेवाएं अपग्रेड हो रही है। ऐसे में आप चाहे या ना चाहे, डिजिटल प्लेटफार्म से अपने को अलग नहीं रख सकते हैं। ऐसे में बेहतर है कि वक्त के अनुरूप आप अपने और आने वाली पीढ़ी को तकनीकी रूप से मजबूत बनाएं। जब आप डिजिटल फ्रेंडली होंगे, तब आगे बढ़ सकेंगे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 28 फरवरी को झारखंड मुख्यालय में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के तत्वावधान में आयोजित समारोह में 28945 सरकारी प्राथमिक विद्यालयों के बीच टैबलेट वितरण कार्यक्रम में ये बातें कही। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने कहा कि आज की शिक्षा व्यवस्था का व्यापक पैमाने पर डिजिटाइजेशन हो चुका है। स्कूलों में स्मार्ट क्लासेज चल रहे हैं। शेष पेज 08 पर

### सरकारी प्राथमिक विद्यालयों को डिजिटल सेवाओं से जोड़ने की दिशा में लिखा गया एक नया अध्याय



### शिक्षण व्यवस्था को बेहतर बनाने में मिलेगी मदद

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के सरकारी विद्यालयों को डिजिटल सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में कई ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज प्राथमिक विद्यालयों को टैबलेट उपलब्ध करने के साथ एक नए अध्याय की शुरुआत हो रही है। इससे स्कूलों में उपस्थिति से लेकर सभी रिपोर्टिंग कार्य डिजिटल माध्यम से होंगे। वहीं, टैबलेट का प्रयोग बच्चों के पठन-पाठन, शिक्षकों के प्रशिक्षण, अनुश्रवण, बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज करने से संबंधित कार्यों की मॉनिटरिंग आसान हो जाएगी। उसके आधार पर शिक्षण व्यवस्था को बेहतर बनाने में काफी मदद मिलेगी।

## सीएम हेमंत सोरेन ने स्वास्थ्य बीमा योजना का किया शुभारंभ



- राज्यकर्मियों को मिलेगा पांच लाख रुपये तक का फ्री इलाज

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में चल रही सरकार ने एक बड़ा निर्णय लेते हुए राज्य को बड़ी सौगात दी है। शुक्रवार के दिन रांची के प्रोजेक्ट भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा स्वास्थ्य बीमा योजना का शुभारंभ किया गया। इस योजना के तहत राज्यकर्मियों को पांच लाख तक का मुफ्त इलाज प्रदान किया जाएगा। इस स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ लेने के लिए JAPT द्वारा विकसित पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करना होगा। शेष पेज 08 पर

## झारखंड में प्रति व्यक्ति बढ़ी आय अर्थव्यवस्था ने भी पकड़ी रफ्तार



प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** बजट सत्र के चौथे दिन वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने झारखंड की आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत की। आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार चालू वित्तीय वर्ष की तुलना में राज्य में आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 में जीएसडीपी अधिक होगी। आकलन के मुताबिक चालू वित्तीय वर्ष 2024- 25 में 6.7% की वृद्धि होने का अनुमान है। वहीं अगले वित्तीय वर्ष 2025-26 में 7.5% की वृद्धि का अनुमान है। झारखंड आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 की रिपोर्ट के अनुसार राज्य की प्रति व्यक्ति आय वर्ष 2024-25 में स्थिर मूल्य पर 68,612 रुपये और वर्तमान मूल्य पर 1,14,271 रुपये और स्थिर मूल्य पर 72,836 रुपये और वर्तमान मूल्य पर 5,56,286 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 में इसके वर्तमान मूल्य पर राज्य की प्रति व्यक्ति आय 1,24,079 होने का अनुमान है।

**राजकीय अर्थव्यवस्था में लगातार वृद्धि :** रिपोर्ट के अनुसार राजकीय अर्थव्यवस्था में लगातार वृद्धि हुई है। पिछले 3 वर्षों में खासकर साल 2021-22 और 2023-24 के बीच राज्य के स्थिर मूल्य पर जीएसडीपी में औसतन वार्षिक 7.7% और वर्तमान मूल्य पर जीएसडीपी में 10.7% की दर से वृद्धि हुई है। इस वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्थिर मूल्य पर 6.7% और वर्तमान मूल्य पर 9.8% की वृद्धि होने का अनुमान है। वहीं बात यदि राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था से राज्य की तुलना करें, तो राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में झारखंड के जीएसडीपी में पिछले 5 वर्षों में सुधार हुआ है।

### पांच वर्षों में औसतन 10.4% बढ़ा राज्य का व्यय

आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार साल 2018-19 से 2023-24 के बीच यानी 5 वर्षों में राज्य का कुल व्यय 10.4% की औसत वार्षिक दर से बढ़ा है। वर्ष 2018-19 में राज्य का कुल व्यय लगभग 65,888 करोड़ रुपये था, जो वर्ष 2022-23 तक बढ़कर 91,638 करोड़ रुपये और वर्ष 2023-24 में 1,07,921 करोड़ रुपये हो गया। चालू वित्तीय वर्ष में इसके 1,28,900 करोड़ रुपये होने का अनुमान है।

### संक्षिप्त खबरें

#### नहीं दिखा रमजान का चांद, पहला रोजा कल

**मेरठ।** शुक्रवार को ऊंची मस्जिद गुजरी बाजार में चांद कमेटी की मीटिंग हुई। शहर काजी जैनुर साजिदीन ने रमजान का चांद नहीं दिखाई देने का एलान किया। कारी शफीकुर्रहमान कासमी ने भी चांद नज़र नहीं आया का एलान किया। अब एक मार्च को तरावीह होगी। दो मार्च को पहला रोजा होगा।

#### जैक बोर्ड की रद्द हिंदी की परीक्षा सात व विज्ञान की परीक्षा आठ मार्च को होगी

**रांची।** जैक द्वारा पेपरलीक की वजह से रद्द की गई हिन्दी व साइंस विषयों की पुनर्परीक्षा का नया डेट जारी कर दिया गया है। जैक द्वारा जारी नोटिस के अनुसार हिन्दी् ए और हिन्दीर बी की परीक्षा 7 मार्च को प्रथम पाली में होगी। इसी तरह साइंस की परीक्षा 8 मार्च को प्रथम पाली में आयोजित की जायेगी। शेष पेज 08 पर

## रांची में दारोगा पांच हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार

- मोबाइल के चक्कर में फंस गया कोतवाली थाने का दारोगा ऋषिकांत

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) रांची की टीम ने रांची के कोतवाली थाने के दारोगा ऋषिकांत को पांच हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया है। दारोगा ने जब्त मोबाइल मुक्त करने संबंधित एनओसी देने के एवज में आवेदक से पांच हजार रुपये मांगा था। एसीबी ने जाल बिछाकर महिला थाना परिसर से उसे गिरफ्तार कर



लिया। शिकायतकर्ता रांची के रातू थाना क्षेत्र के रातू चट्टी निवासी ओम शंकर गुप्ता हैं। उन्होंने एसीबी में उक्त दारोगा के विरुद्ध लिखित शिकायत की थी। उन्होंने एसीबी को बताया था कि उनके विरुद्ध छह नवंबर 2024 को कोतवाली थाने में कांड संख्या 308/24 दर्ज था। इस केस में उन्हें न्यायालय से जमानत मिल चुकी है। जब उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज हुई, तब उनके मोबाइल को कोतवाली थाना ने जब्त कर लिया था। शेष पेज 08 पर

### झारखंड में फिर बदलेगा मौसम, आज और कल बारिश के आसार

**रांची।** भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार, 2 मार्च से एक नया पश्चिमी विक्षोभ उत्तर-पश्चिम भारत को प्रभावित कर सकता है। इसका हल्का असर बिहार में भी देखने को मिलेगा। इससे पहले जो पश्चिमी विक्षोभ और चक्रवातीय परिसंचरण सक्रिय था, वह अब कमजोर हो रहा है। इसी कारण बिहार के मौसम में अचानक बदलाव देखने को मिल रहा है। शेष पेज 08 पर

## रांची के बिरसा मुंडा जेल में बंद उग्रवादी फरार

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार से एक कैदी फरार हो गया है। शुक्रवार को हुई सामूहिक हाजिरी के बाद जेल प्रशासन को जानकारी मिली कि कैदी फरार हो गया है। जिसके बाद जेल में हड़कंप मच गया।

**कड़ी सुरक्षा के बीच हुआ फरार :** रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। रांची जेल से समीर तिर्की उर्फ शाकिर तिर्की नाम का कैदी फरार हो गया है। समीर तिर्की



नाम का कैदी फरार हुआ है, इसकी जानकारी जेल प्रशासन को नहीं है। शुक्रवार की सुबह जब कैदियों की हाजिरी शुरू हुई, तब जेल प्रशासन को यह जानकारी मिली कि समीर तिर्की जेल से फरार हो चुका है। मामले की जानकारी मिलने के बाद जेल प्रशासन और जेल में हड़कंप मचा हुआ है। फरार कैदी की तलाश में कई टीमों को लगाया गया है। शेष पेज 08 पर

### कौन है समीर तिर्की

मिली जानकारी के अनुसार समीर तिर्की उग्रवादी संगठन से जुड़ा हुआ है। वह गुमला का रहने वाला है। गुमला पुलिस के द्वारा उसे साल 2018 में गिरफ्तार किया गया था। 2018 से ही समीर रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में बंद था। बताया जा रहा है कि समीर गुरुवार की शाम लगभग 7:00 बजे केंद्रीय कारागार से फरार हुआ है।

## आज से यूपीआई, एलपीजी और म्यूचुअल फंड में होंगे बदलाव

- इन बदलावों का आम जनता की जेब पर पड़ेगा सीधा असर

एजेंसियां

**नई दिल्ली।** देश में हर महीने की पहली तारीख कई नए बदलावों और नियमों के साथ आती है। मार्च 2025 की पहली तारीख से भी कुछ महत्वपूर्ण नियम लागू किए जा रहे हैं, जो आम जनता पर प्रभाव डाल सकते हैं। इनमें यूपीआई से जुड़ी नई सुविधा, एलपीजी और एटीएफ की कीमतों में संभावित बदलाव और म्यूचुअल फंड नॉमिनी नियमों में परिवर्तन शामिल हैं। आइए इन बदलावों पर एक नजर डालते हैं।

**यूपीआई में बीमा-एएसबी सुविधा लागू :** 1 मार्च 2025 से यूपीआई सिस्टम में बीमा-एएसबी (एप्लिकेशन सपोर्टेड बाय ब्लॉक




अमाउंट) नामक एक नई सुविधा जोड़ी जा रही है। यह सुविधा लाइफ और हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी होल्डर्स के लिए फायदेमंद होगी, क्योंकि वे अपने प्रीमियम पेमेंट के लिए पहले से ही राशि को ब्लॉक रख सकेंगे। पॉलिसी होल्डर के अप्रूवल के बाद ही उनके खाते से यह राशि कटेगी। इंश्योरेंस रेगुलेटरी एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने 18 फरवरी को एक सर्कुलर जारी कर सभी बीमा कंपनियों को निर्देश दिया कि वे 1 मार्च से इस नई सुविधा को अपने ग्राहकों को प्रदान करें। पॉलिसी जारी होने के बाद ही पॉलिसीहोल्डर के अकाउंट से बीमा कंपनी को राशि ट्रांसफर होगी। यह सुविधा लेने के लिए ग्राहक को अपने इंश्योरेंस कंपनी के प्रपोजल फॉर्म में इस ऑप्शन को चुनना होगा।

**हवाई ईंधन की कीमतों में संशोधन :** हर महीने की पहली तारीख को एयर टर्बाइन फ्यूल यानी हवाई ईंधन की कीमतों में भी संशोधन किया जाता है। 1 फरवरी 2025 को ATF की कीमत में 5.6% की बढ़ोतरी की गई थी, जिससे यह 5,078.25 रुपये प्रति किलोलीटर बढ़कर 95,533.72 रुपये प्रति किलोलीटर हो गया था। एयर टर्बाइन फ्यूल के दाम बढ़ने से हवाई यात्रा महंगी हो सकती है।

**म्यूचुअल फंड्स और डीमैट अकाउंट में 10 नॉमिनी जोड़ने की सुविधा :** 1 मार्च 2025 से म्यूचुअल फंड और डीमैट अकाउंट्स के नॉमिनेशन से जुड़े नियमों में बदलाव किया जा रहा है। नए नियमों के तहत कोई भी निवेशक अपने डीमैट या म्यूचुअल फंड फोलियो में अधिकतम 10 नॉमिनी जोड़ सकता है। शेष पेज 08 पर

### एलपीजी सिलेंडर की कीमत में संभावित बदलाव

हर महीने की पहली तारीख को एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में बदलाव की संभावना रहती है। 1 मार्च को भी घरेलू और कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में संशोधन किया जा सकता है। 1 फरवरी 2025 को 19 किलोग्राम के कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में 7 रुपये की कटौती की गई थी, जबकि 14 किलोग्राम के घरेलू सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ था। इस बार कीमतों में बढ़ोतरी या कटौती दोनों की संभावना बनी हुई है।




## कोल्हान और नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय में कुलपति की हुई नियुक्ति

**रांची।** राज्यपाल सह झारखंड विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति संतोष गंगवार ने कोल्हान और नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलपति की नियुक्ति कर दी है। इसका आदेश राज्यपाल के प्रधान सचिव डॉ नितिन मदन कुलकर्णी ने 28 फरवरी, 2025 को जारी कर दिया। उपरोक्त नियुक्ति अभ्यर्थी के मूल संगठन से सतर्कता मंजूरी के अधीन है। शेष पेज 08 पर

## पलामू में 251 अनुसेवकों को उपायुक्त ने किया गया बर्खास्त



प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**पलामू।** सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद पलामू में 251 अनुसेवकों को बर्खास्त कर दिया गया है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने 2010 में फोर्थ ग्रेड के पद पर निकली बहाली को अवैध करार देते हुए बहाली को रद्द करने का आदेश दिया था। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद पलामू डीसी ने सभी अनुसेवकों को बर्खास्त कर दिया है। बर्खास्तगी का पत्र 22 फरवरी को जारी हुआ है, जबकि शुक्रवार को अनुसेवकों को आधिकारिक तौर पर जानकारी हुई है। इधर अनुसेवकों ने सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दाखिल की है। शेष पेज 08 पर

## संक्षिप्त

### पुलिस ने तस्करी के पांच जानवरों किया जब्त

**इटकी।** इटकी पुलिस ने मोरो टिकरा टोली के निकट शुक्रवार को एक एसकार्यप्यू कार में ठूंस ठूंस कर लदे पांच जानवर जब्त किया है। पशु तस्करी के मामले को लेकर पुलिस ने वाहन मालिक और एसकार्यप्यू चालक के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। इस संबंध में थाना प्रभारी प्रशांत कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि इटकी चनगनी सड़क होते जेएच 17 एफ 4297 नम्बर की एक काले रंग के एसकार्यप्यू में तस्करी के जानवर लेकर आने की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर तत्काल घेराबंदी की गई। पुलिस को आता देख चालक एसकार्यप्यू को छोड़ कर भाग निकला। जब एसकार्यप्यू की तलासी ली गई तो उसमें ठूंस ठूंस कर बंधे पांच जानवर मिले। इसके बाद सभी जानवर को एसकार्यप्यू से बाहर निकाला गया। सभी जानवर की स्थिति गंभीर बनी हुई थी। जानवरों को पानी पिलाने और चारा खिलाने के बाद सभी स्थिति स्थिर हो गई है। थाना प्रभारी ने बताया कि पशु तस्कर जानवरों को तस्करी के लिए अन्यंत्र जगह ले जा रहे थे।

### सेवानिवृत्त सीआई को दी गई विदाई



**इटकी।** इटकी अंचल परिसर में शुक्रवार को एक कार्यक्रम आयोजित कर सेवा निवृत सीआई गुरुवा सिंह मुण्डा को भाव भिन्नी विदाई दी गई। इसके पूर्व सीआई के सेवा काल में की गई उल्लेखनीय कार्यों पर चर्चा करते हुए उनके स्वस्थ्य जीवन और दीर्घ आयु की कामना की गई। इसके बाद अंचल प्रशासन द्वारा उन्हें अंग वस्त्र के साथ मेमोन्टों, कई उपाहार दे कर सम्मानित किये गये। मौके पर बीडीओ प्रवीण कुमार , सीओ मो० अनीश , प्रमुख किरण उरांव सहित अंचल और प्रखण्ड के दर्जणों कर्मचारी अधिकारी मौजूद थे।

### मेडिकल कॉलेज खोले जाने की घोषणा से लोगों में हर्ष

**खूंटी।** राज्य के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी की घोषणा धरातल पर उतरती है, तो खूंटी जैसे जनजाति बहुल पिछड़े जिले के लोगों को भी मेडिकल की पढ़ाई और इलाज के लिए दूसरे जिलों में जाना नहीं पड़ेगा। ज्ञात हो कि विधानसभा के बजट सत्र के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने खूंटी सहित झारखंड के छह जिलों में पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज खोले जाने की घोषणा की है।

# उपायुक्त ने की विकास योजनाओं की समीक्षा, अधिकारियों को दिए निर्देश

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**खूंटी।** समाहरणालय स्थित सभागार में शुक्रवार को समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। इसमें उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने पशुपालन, शिक्षा, सूचना विज्ञान, राजस्व, पर्यटन, सहकारिता, विद्युत, ग्रामीण विकास, कल्याण, सामाजिक सुरक्षा, पंचायतीराज समेत विभिन्न विभागों से संबंधित योजनाओं की समीक्षा की। उपायुक्त ने पशुपालन विभाग की समीक्षा में पारदर्शी प्रक्रिया अपनाते हुए पात्रों का चयन कर समयबद्ध रूप से योजनाओं का लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए।



उन्होंने शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए झारखंड एकेडमिक काउंसिल की 10वीं एवं 12वीं परीक्षा के सुचारू, शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त आयोजन के लिए सभी को अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। सूचना विज्ञान विभाग से संबंधित कार्यों के लिए उपायुक्त ने सभी पंचायतों में भारत नेट के रिचार्ज, झारसेवा में प्राप्त आवेदनों के समयबद्ध निष्पादन, आधार इनेबल बॉयोमेट्रिक अटेंडेंस, जाति एवं आवासीय प्रमाण पत्रों के त्वरित निपटारे का निर्देश दिया। राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान हल्का वार समाधान दिवस की तर्ज पर शिविरों के आयोजन का निर्देश दिया गया। पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला पर्यटन संवर्धन समिति को और अधिक सक्रियता से कार्य करने का भी निर्देश डीसी ने दिया। सहकारिता विभाग के तहत जिले में 500 एमटी क्षमता के चार गोदामों के निर्माण के लिए भूमि चिह्नित करने और सभी लैम्पस-पैक्स में 100 एमटी की अतिरिक्त क्षमता के गोदाम निर्माण की प्रक्रिया को तेज करने के निर्देश दिए। अवैध अफीम की खेती के विरुद्ध आयोजित विशेष ग्राम सभाओं की रिपोर्ट शीघ्र संकलित कर भेजने का निर्देश दिया गया, ताकि प्रभावित किसानों को वैकल्पिक खेती से जोड़ा जा सके।कल्याण विभाग के तहत छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरण, प्री एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने 100 फीसदी लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, डीसीएलआर, संबंधित विभागों के पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी आदि उपस्थित थे।

## डीसी-एसपी को निरीक्षण में मिलीं कोयला तस्करों की अवैध सुरंगें



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**रामगढ़।** रामगढ़ में अवैध कोयला तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए डीसी चंदन कुमार काफी गंभीर है। उन्होंने तस्करी और खनन रोकने के लिए शुक्रवार को एसपी अजय कुमार और पूरी प्रशासनिक अमले के साथ विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया। डीसी चंदन कुमार सबसे पहले वेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र के कोतरे जंगल पहुंचे और अवैध खनन स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान वहां अवैध खनन का नजारा देखकर हैरान रहे गए। अवैध खनन स्थल पर बड़ी-बड़ी सुरंगें मिलीं। इन्हीं सुरंगों से तस्कर अवैध उत्खनन कर कोयला निकलवाते हैं और ट्रकों के जरिए मंडी भेज देते हैं। वर्षों से हो रहे अवैध खनन के कारण पूरे क्षेत्र में जानलेवा सुरंग बन गई जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। अवैध खनन स्थल और जानलेवा सुरंग देखकर डीसी ने मौजूद अधिकारियों को तत्काल सुरंगों को बंद कर कोयला तस्करों को चिह्नित कर क करने का निर्देश दिए।इस दौरान कई सुरंगों को बुलडोजर के माध्यम से बंद कर दिया गया। मौके पर डीसी ने कहा कि वैसे स्थानों का चिह्नित करें जहां अवैध खनन और कारोबार होने की संभावना हो। ऐसे इलाके पर नजर रखकर लगातार कार्रवाई करें। कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति हुई तो संबंधित अधिकारी पर एक्शन लिया जाएगा।

## झामुमो ने तोरपा प्रखंड में चलाया सदस्यता अभियान




**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**खूंटी।** झामुमो कार्यकताओं ने शुक्रवार को तोरपा प्रखंड के विभिन्न गांवों में सदस्यता अभियान चलाया। मौके पर झामुमो नेताओं ने लोगों को झामुमो की नीतियों और सरकार द्वारा चलाई जा रही विकास योजनाओं की जानकारी दी। अभियान के दौरान पार्टी नेताओं ने विधायक सुदीप गुड़िया के प्रयास से कोचा गांव लगे विद्युत ट्रांसफार्मर का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। मौके पर झामुमो संयोजक मंडली के तोरपा प्रखंड प्रम्फख रूबेन टोपनो, सुशांति कानगाड़ी, प्रदीप केशरी, बिमल बारला,चंद्र सिंह, दिवाकर बारवा, अर्जुन सिंह, ग्राम प्रधान सुखराम गुड़िया, तेज मोहन सिंह, जुनुल गुड़िया, अनमोल गुड़िया सुशील गुथ्ड़या, अनिल गुड़िया आदि उपस्थित थे।

## जिप उपाध्यक्ष व प्रमुख ने अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

- प्रसव वार्ड व प्रसूता की बेड की गंदगी देख भड़के

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**सिल्ली।** जिला परिषद उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, प्रखंड प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक एवं उप प्रमुख आरती देवी शुक्रवार को सामुदायिक अस्पताल का औचक निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया।

निरीक्षण के क्रम में उपाध्यक्ष, प्रमुख व उप प्रमुख ने ओपीडी, इमरजेंसी वार्ड, सामान्य वार्ड, प्रसव वार्ड तथा अस्पताल आने वाले मरीजों को दी जाने वाली अन्य सुविधाओं का भी निरीक्षण किया। इस दौरान प्रसव वार्ड में गंदगी तथा बिना



बेडशीट के बेड पर प्रसूता को देख जिप उपाध्यक्ष और प्रमुख भड़क गए तथा तुरंत व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश दिए। निरिक्षण के उपरांत जिप उपाध्यक्ष व प्रमुख ने डॉ मुकेश कुमार को एक सप्ताह के अंदर चिकित्सा सुविधाओं को दुरुस्त करने के साथ साथ मरीजों को दी जाने वाली अन्य सुविधाओं को बेहतर बनाने,अस्पताल में नियमित रूप से साफ सफाई करवाने, व्यवस्था बेहतर रखने आदि का निर्देश दिया तथा अस्पताल में पदस्थापित चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कमीर्यों की जानकारी उपलब्ध कराने की बात कही। और स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अस्पताल आने वाले मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा प्रदान करें, आपस में समन्वय बनाकर कार्यों का निष्पादन करने आदि का निर्देश दिया। जिप उपाध्यक्ष व प्रमुख ने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। इस मौके पर डॉ विवेक कुमार, संजीव कुमार महतो, छोटेलाल पटेल, संजय कुमार महतो, सुरेन्द्र महतो, कमल कुमार दे, ब्रजकिशोर महतो, दीपक कुमार, मानस कुमार, एनएम बबीता कुमारी, अर्पणा कुमारी , रीना कुमारी समेत स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

## राजा जयंती समारोह पुरस्कार वितरण व झूमर संगीत के साथ संपन्न

### राजबाड़ी से शोभा यात्रा के रूप में आयोजन स्थल तक पहुंचे क्षत्रिय समाज के लोग एवं स्थानीय कलाकार

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**सिल्ली।** सिल्ली ड्रामेटिक क्लब परिसर में शुक्रवार को ड्रामेटिक क्लब, पंच परगना ऑल आर्टिस्ट एसोसिएशन व क्षत्रिय महासभा सिल्ली के संयुक्त तत्वावधान मे स्व राजा उपेंद्र नाथ जयंती हर्षोल्लास से मनाया गया।



कार्यक्रम को लेकर सिल्ली राजबाड़ी से कार्यक्रम स्थल तक एक शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें राज परिवार के सदस्य, क्षत्रिय महासभा के सदस्य एवं कलाकारों का दल गाजे बाजे के साथ सांस्कृतिक शोभायात्रा के रूप में आयोजन स्थल तक पहुंचा। प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक,राजा पुष्पेंद्र नाथ सिंह देव, रुद्राक्ष सिंह देव, पंसस ज्योति कुमारी , दीपा कुमारी, राज परिवार के सदस्य, ड्रामाटिक क्लब के सदस्य, क्षत्रिय समाज के सदस्य,पंच परगना ऑल आर्टिस्ट एसोसिएशन के सदस्य एवं स्थानीय लोगों ने स्व राजा उपेंद्र नाथ सिंह देव एवं स्व राजा वीरेंद्र नाथ सिंह देव के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। दो दिवसीय राजा जयंती समारोह का शुभारंभ में गुरुवार को वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें रांची, बोकारो, टाटीसिलवे, सोनाहातु, बुंडू, पुरुलिया, बोकारो समेत आसपास के कुल 16 टीमों ने भाग लिया। फाइनल में सिंगपुर मुरी को 25/24, 24/22 के सिधे सेट में हराकर ड्रामेटिक क्लब की टीम चैंपियन बना। देर शाम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो, जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी,पुर्व जिप सदस्य गौतम कृष्ण साहू, गूंज परिवार के संयोजक जयपाल सिंह, जिप सदस्य लक्ष्मी कुमारी, अखिल महतो समेत आदि शामिल हुए। सुदेश कुमार महतो एवं अन्य अतिथियों ने वॉलीबॉल के चैंपियन टीम को ट्राफी देकर सम्मानित किया। इससे पूर्व सिल्ली के विभिन्न क्षेत्र से आये सांस्कृतिक कलाकारों ने अपने झूमर संगीत के माध्यम से स्व राजा उपेंद्रनाथ सिंह देव को श्रद्धांजलि दी।

ज्ञात हो कि स्व राजा उपेंद्र नाथ सिंह देव अपने जमाने के झूमर के गितकार एवं ताल मंजरी झूमर के लेखक स्व बिनंदो सिंह देव के वंशज थे। सिल्ली के सरोज सिंह एवं साथी कलाकारों ने गणेश वंदना झूमर से कार्यक्रम का आगाज किया।? कलाकारों ने पंचपरगना एवं कुड़माली झूमर गीतों की प्रस्तुति देकर दर्शकों को थिरकने को मजबुर किया।देर शाम तक दर्शकों ने कलाकारों का उत्साह वर्धन किया। संचालन भरत देव साय ने किया । पुर्व जिप सदस्य गौतम कृष्ण साहू ने ने इस तरह के आयोजन को लोक संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन का ध्वज वाहक कहा। ज्ञात हो कि दो दिवसीय राजा जयंती समारोह का शुभारंभ में गुरुवार को वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें रांची, बोकारो, टाटीसिलवे, सोनाहातु, बुंडू, पुरुलिया, बोकारो समेत आसपास के कुल 16 टीमों ने भाग लिया। फाइनल में सिंगपुर मुरी को 25/24, 24/22 के सिधे सेट में हराकर ड्रामेटिक क्लब की टीम चैंपियन बना। कार्यक्रम के सफल आयोजन में ड्रामेटिक क्लब, पंच परगना ऑल आर्टिस्ट एसोसिएशन व क्षेत्रीय महासभा के सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

## राम लखन सिंह यादव कॉलेज की एनएसएस इकाई ने कोकर में चलाया सफाई अभियान

### स्वयंसेवकों के बीच मास्क और हैंड ग्लव्स का किया वितरण



**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** शुक्रवार (28 फरवरी) को राम लखन सिंह यादव कॉलेज की एनएसएस इकाई एक तथा इकाई दो के द्वारा सात दिवसीय स्पेशल कैंप के दूसरे दिन टुनकी टोला कोकर में सफाई अभियान चलाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ मनीष चन्द्र टुडू ने स्वयंसेवकों के बीच मास्क तथा हैंड ग्लव्स का वितरण किया। तत्पश्चात स्वयंसेवकों ने सफाई जागरूकता रैली के साथ अभियान की शुरूआत की। साथ ही साथ स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को स्वच्छता बनाए रखने के लिए भी प्रेरित किया।जागरूकता रैली के पश्चात स्वयंसेवकों द्वारा गांव के नालों के किनारे ब्लीचिंग पाउडर का भी छिड़काव किया गया। स्वयंसेवकों द्वारा गांव के विभिन्न स्थानों पर कचरे की भी सफाई की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ कुमारी रीता तथा डॉ मनीष चन्द्र टुडू की विशेष भूमिका रही। इस अभियान में रवि कुमार वर्मा, डोली कुमारी, कोमल कुमारी, पूजा कुमारी, मोहन रविदास, एंजिलिना बागे, तेतरी बाड़ा, सुषमणि कुमारी, सुष्मिता कुमारी, सोनू कुमार, अनिता कुमारी सहित कई स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण के लिए चला वित्तीय साक्षरता जागरूकता अभियान



**सिल्ली।** साख फाउंडेशन के द्वारा प्रखंड के बंता पंचायत में महिला समूह के सदस्यों के साथ बैठक की। बैठक में मुखिया गंगा नारायण सिंह मुंडा, ग्राम प्रधान, वार्ड सदस्य कमलेश पातर मुंडा,ओर महिला समूह के सदस्यों की उपस्थिति में सीएलएफ ट्रेनर वीरेंद्र बैठा ने बताया कि आरबीआई इस पहल के जरिए महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और भारत के आर्थिक विकास में उनके योगदान को बढ़ाने का प्रयास कर रहा है ।भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा वित्तीय साक्षरता सप्ताह एफ एल डब्ल्यू 2025 की शुरूआत की है । यह अभियान 28 फरवरी तक चला। इस अभियान का विषय है, वित्तीय साक्षरता महिलाओं की समृद्धि किसका उद्देश्य महिलाओं को वित्तीय प्रबंधन सुख-दुख से निर्णय लेने और आर्थिक विकास में योगदान देने के लिए जागरूक करना है। 2025 में इसका विशेष फोकस महिलाओं के समृद्धि पर है। आरबीआई के अनुसार महिलाओं में वित्तीय साक्षरता बढ़ाने से घरों की आर्थिक स्थिरता मजबूत होगी उद्यमिता के अवसर बढ़ेंगे और अर्थव्यवस्था अधिक समावेशी बनेगी। ट्रेनर के द्वारा बैंकिंग से जुड़े सभी विषयों को विस्तार पूर्वक बताया गया।

## डीडीसी ने की जिला कौशल अनुश्रवण एवं कार्यान्वयन समिति की बैठक

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**रामगढ़।** रामगढ़ समाहरणालय सभागार में शुक्रवार को डीडीसी रोबिन टोप्पो की अध्यक्षता में जिला कौशल अनुश्रवण और कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान डीडीसी ने समिति के अन्य सदस्यों के साथ रामगढ़ जिले में विभिन्न क्षेत्रों में कौशल विकास को बढ़ावा देने, रोजगार मेला आयोजित करने सहित अन्य महत्वपूर्ण मामलों पर चर्चा के क्रम में आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने कौशल विकास को बढ़ावा देने को लेकर कई सुझाव भी दिए ।

## मनरेगा सिंचाई कूप योजना की राशि की निकासी का लगाया आरोप

**सोनाहातू ।** प्रखंड क्षेत्र के सोमाडीह टोला वनडीह के वीरेंद्र नाथ महतो के खेत में वर्ष 2020-21 में सिंचाई कूप योजना संख्या 7080901382284 के निर्माण कार्य के लिए 80 हजार रुपए का निकासी पत्थर ( बोल्डर ) के नाम किया गया है। जबकि योजना स्थल पर कोई पत्थर नहीं गिराया गया है। कुंआ निर्माण 4 फीट की बाद धंस गया है ।बाबजूद राशि की निकासी किया गया है। आरोप लगाया गया है कि 80 हजार रुपए का अवैध निकासी किया गया है ।इस संबंध में तेतरटांड़ निवासी संबद महतो ने शुक्रवार को सोनाहातू बीडीओ खगेश कुमार को आवेदन देकर मामले की जांच करने की मांग किया है।

## अधिकारियों की लापरवाही और शिक्षकों की मनमानी से विद्यालय में पढ़ाई बाधित



**सिल्ली।** अधिकारियों की लापरवाही और शिक्षकों की मनमानी के कारण बच्चे बगैर शिक्षक के ही स्कूलों में काफी देर रहते है। खुद स्कूल खोलकर झाड़ू लगाते है फिर बच्चे मध्याह्न भोजन खाकर घर चले जाते है। इस मामला है सिल्ली में उत्क्रमित प्राथमिक स्कूल गराय का। इस स्कूल में कुल 21 विद्यार्थी पहली से पांचवीं तक नामांकित है स्कूल में शुक्रवार को मात्र ग्यारह बच्चे उपस्थित थे। यहां एक मात्र शिक्षक मंगल सिंह महली, प्रतिनियुक्त है वे हरवाडीह के प्रथमिक स्कूल से प्रतिनियुक्त किए गए है। जब मामले पड़ताल करने शुक्रवार को स्कूल जाकर देखा गया तो बच्चों ने बताया कि शिक्षक हमेशा देर से आते है। जब हम बच्चे जब आते है तो कोई भी शिक्षक स्कूल में नहीं होता है। हमें ही स्कूल खोलकर झाड़ू भी लगाना पड़ता है। आज दिन के करीब ग्यारह बजे शिक्षक आए। शिक्षक मंगल महली ने बताया कि वे हरवाडीह स्कूल में बायोमेट्रिक हाजिरी बनाकर आते है इसलिए रोज देर हो जाती है। जबकि हरवाडीह प्रथमिक स्कूल में ड्यूटी कर रहे शिक्षक अविनाश कुमार ने बताया है कि मंगल महली गराय स्कूल में पदस्थापित है इसलिए वे यहां नहीं आए है। वे अकेले ही पढ़ाते है। अब प्रतिनियुक्त शिक्षक ने जो कहा यह जांच का विषय है। अलावे हरवाडीह एवं उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय गराय ही दोनों ही स्कूलों में मध्याह्न भोजन में भारी लापरवाही बरती जा रही है सरकार की निर्देश के बाद भी इन दोनों स्कूलों में भोजन पकाने में गैस सिलेंडर का उपयोग नहीं किया जाता है। अब भी एमडीएम जंगल से लाई लकड़ियों से ही पकाया जाता है। जबकि सिलेंडर दोनों ही स्कूलों को उपलब्ध कराया गया है। हरवाडीह स्कूल में किचेन शेड होने के बाद भी खुले में लकड़ी जलाकर ही भोजन बनाया जाता है।

# पुलिस के सहयोग से सुरुंदा गांव में बनाए गए पांच बोरीबांध

### अफीम का त्याग कर वैकल्पिक खेती की ओर बढ़े किसानों के सहयोग में आगे आया कृषि विज्ञान केंद्र

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**खूंटी।** मुरहू प्रखंड के सुरूंदा गांव के ग्रामीणों ने अफीम का त्याग कर दिया है। ग्रामीणों ने अफीम के एक-एक पौधों को नष्ट कर दिया है। अब पूरा गांव इस सीजन में मूंग की खेती करेगा। ग्रामीणों के इस शानदार पहल के बाद एसपी अमन कुमार, कृषि विज्ञान केंद्र के अध्यक्ष डॉ दीपक राय, वैज्ञानिक डॉ राजन चौधरी शुक्रवार को सुरूंदा गांव पहुंचे।



जिला पुलिस और सेवा वेलफेयर सोसाईटी की पहल और सहयोग से यहां पूरे गांव के लोगों ने श्रमदान कर सुरूंदा-मुरहू नाला पर महज तीन घंटों में कुल पांच सी?रियल बोरीबांध बना डाला। एसपी, केबीके अध्यक्ष, वैज्ञानिक समेत सेवा वेलफेयर सोसाईटी के अध्यक्ष अजय शर्मा ने भी ग्रामीणों के साथ बोरीबांध निर्माण में श्रमदान कर उनका हौसला अफजाई किया। बोरीबांध बनने के बाद गांव के सारे लोग अखरा में एकत्रित हुए। जहां कृषि विभाग, खूंटी द्वारा उपलब्ध कराए मुंग बीज का वितरण एसपी अमन कुमार और केबीके अध्यक्ष डॉ दीपक राय ने किया। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए एसपी अमन कुमार ने कहा कि अफीम की खेती अर्थात जहर की खेती। खूंटी में अफीम की खेती होती है और दूसरे जिलों और राज्यों में इसका सेवन कर बच्चे मर रहे हैं। जिस दिन खूंटी में लोग अफीम का सेवन करने लगेगें, उस दिन यहां की स्थिति भयावह हो जाएगी। हंड़िया-दारू, सिगरेट का नशा तो लोग छोड़ सकते हैं, लेकिन अफीम का नशा मरने के बाद ही छूटता है। एसपी ने कहा कि आज एक सर्वे में यह बातें सामने आई है कि वैसे गांव जहां अफीम की खेती होती है, उन गांवों में अन्य गांवों की तुलना में लोगों की मौत ज्यादा हो रही है। सुरूंदा ग्रामसभा के निर्णय का स्वागत करते हुए एसपी ने कहा कि अभी सिंचाई के लिए बने बोरीबांध में जिला पुलिस ने मदद की। आगे भी बीज उपलब्ध कराने समेत अन्य कृषि योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए उपायुक्त लोकेश मिश्रा से बातचीत की जाएगी। कृषि विज्ञान केंद्र के अध्यक्ष डॉ दीपक राय ने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्र सुरूंदा गांव के किसानों को वैज्ञानिक तरिके से खेती करना सिखाएगी। उन्होंने कहा है कि जब किसान मुंग का बीज बोएंगे, तब वैज्ञानिक गांव में आकर उन्हें तरिका सिखाएंगे। एक वर्ष में तीन फसलों की खेती करने का तरिका बताया। कहा कि धान की खेती में समय पकड़ना बहुत महत्वपूर्ण है। बारिश आने से पहले नर्सरी तैयार कर लेनी चाहिए। जैसे ही पहली बारिश हो खेतों में रोपनी का काम कर लेना चाहिए। इससे सितंबर महीने में धान की फसल तैयार हो जाएगी। तब दूसरी फसल आसानी से की जा सकेगी। उन्होंने मोटे अनाजों में मड़ुआ और मक्का की खेती पर जोर दिया। बताया कि जल्द ही मड़ुआ से बिस्किट व ब्रेड बनाने के यूनिट यहां लगाए जाएंगे। उन्होंने किसानों को समुह बनाकर खेती करने की सलाह दी।

अफीम की खेती को त्यागकर वैकल्पिक खेती की ओर बढ़े गांव के लोगों में उत्साह है। सुबह भंडारी के द्वारा हंकवा लगाया गया। हाथों में कुदाल, गैंता व बेल्चा लेकर सुरूंदा-मुरहू नाला की ओर निकल पड़े। कुछ लोग भोजन पकाने में जुट गए। महिलाएं और बच्चों को भी इस कार्य में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेते देखा गया। बोरीबांध बनने के बाद सभी ग्रामीणों ने सामुहिक रूप से भोजन किया। जिसके बाद नाच-गाना भी हुआ। श्रमदान करने में ग्रामप्रधान जोहन मुंडू, सवना मुंडू, गंगू मुंडू, बेन्जामिन मुंडू, मतियस मुंडू, पौलीना मुंडू, भोंदो मुंडू, डीबर मुंडू, संजीत सिंह, महेश सिंह, नेहमिया मुंडू, अब्रहाम पाहन, सुरेश मुंडू, मंगरा मुंडू समेत जिला पुलिस केंद्र, खूंटी से आए जवान और सुरूंदा ग्रामवासी शामिल थे।

## संक्षिप्त

### रांची में संदिग्ध हालात में मिला युवक का शव

**रांची।** रांची के सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के इंद्रपुरी रोड-1 में शुक्रवार को सुमित वर्मा उर्फ टकला का संदिग्ध अवस्था में पुलिस ने शव बरामद किया है। उसका शव रस्सी के सहारे कमरे में लटक रहा था। शुक्रवार की सुबह आसपास के लोगों ने देखा तो मामले की जानकारी सुखदेवनगर पुलिस को दी। स्थानीय लोगों का कहना है कि सुमित वर्मा की हत्या हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पूरा मामला स्पष्ट हो सकेगा। सुत्रों के अनुसार, सुमित का आपराधिक इतिहास रहा है। उसने महज 17 की उम्र में अपने बचपन के दोस्त अंकुश शर्मा की बिरला मैदान में हत्या की थी। उसकी हत्या पत्थर से कूचकर बेरहमी से की गयी थी। इस मामले में पुलिस ने उसे पकड़ कर रिमांड होम भेजा था।

### झारखंड के उत्तर-पश्चिमी जिलों में होगी एक मार्च से बारिश

**रांची।** राज्य के उत्तर पश्चिमी जिलों में शनिवार को हल्की बारिश और एक दो स्थानों पर वज्रपात होने की आशंका है। जिन जिलों में बारिश और वज्रपात की सम्भावना है। इनमें गढ़वा, पलामू, चतरा, कोडरमा और लोहरदगा शामिल है। यह जानकारी मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने शुक्रवार को दी। उन्होंने बताया कि यह स्थिति पश्चिमी विक्षोभ के चलते पैदा हो रही है। उन्होंने बताया कि राजधानी रांची और आसपास के इलाकों में इस बदलाव का असर कम देखने को मिलेगा। रांची में इसकी वजह से शनिवार को आंशिक बादल छाए रहेंगे। वहीं शुक्रवार को रांची में अधिकतम तापमान 29.4 डिग्री, जमशेदपुर में 32.5, डालटेनगंज में 33.4, बोकारो में 33.1 और चाईबासा में अधिकतम तापमान 33.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### दक्षिण पूर्व रेलवे जोन ने एसीएम पद की परीक्षा तिथि घोषित की

**रांची।** दक्षिण पूर्व रेलवे जोन ने असिस्टेंट कमर्शियल मैनेजर (एसीएम) पद के लिए परीक्षा की तिथि घोषित कर दी है। यह परीक्षा चार और 18 मई को सीबीटी मोड में आयोजित होगी। इसमें कार्यरत रेल कर्मचारियों को अवसर दिया जाएगा। परीक्षा में सीसीआई सहित अन्य रेल कर्मचारियों को 70 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। इस संबंध में चक्रधरपुर रेल मंडल के असिस्टेंट पर्सनल अफसर मो. इबरार ने शुक्रवार को आधिकारिक पत्र जारी किया है।

### फाल्गुन अमावस्या पर हुआ भगवान वेंकटेश्वर का महाभिषेक

**रांची।** दिव्यदेशम श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर में फाल्गुन कृष्ण अमावस्या के उपलक्ष पर 28 फरवरी शुक्रवार को परातपरब्रह्म परमात्मा भगवान श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर का तिरुमंजन महानुष्ठान हुआ। इसके अंतर्गत प्रातः 4:30 बजे ब्रह्ममुहूर्त के बेला में अखिलाण्ड कोटि ब्रह्माण्ड के अधिपति श्रीवेंकटेश्वर का विश्वरूप दर्शन, सुप्रभातम, मंगलाशासनम, करावलंबम स्तोत्र इत्यादि के उपरान्त वैदिक रीति और आगमोक्त विधि से नित्याराधन संपादन हुआ। फिर दूध, दधि, हरिद्रा चूर्ण, चंदन,शहद, डाभयुक्त जल और गंगाजल से पृथक-पृथक महाभिषेक हुआ। पुरुषसूक्त, श्रीसूक्त तेतिरियोंपनिषद एवं श्रुति की ऋचाएं तथा उपनिषदादि मंत्रों के उच्चारण पूर्वक शंखधारा, चक्रधारा, कुम्भधारा और सहस्त्रधारा से वारी-वारी महाभिषेक किया गया। फिर भगवान के चारों विग्रह सहित श्रीश्रीदेवी, श्रीभूमिदेवी और चक्रराज सुदर्शन जी को धूप ,दीप और गंध से सुवासित करके फिर सुगंधित तेल और इत्र से अभ्यंग करके पश्चात रजत किरीट (मुकुट), पूरे विग्रह में कवच ,चरण और कमलाशन का रजत कवच पहना कर दिव्य रेशमी वस्त्र और स्वणाभूर्षणों से अलंकार समर्पण करके पुनः दिव्य सुवासित षुष्पों के माला से भव्य श्रृंगार हुआ।

# जगन्नाथ मंदिर परिसर का 02 करोड़ की लागत से होगा समग्र विकास

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची के धुर्वा में स्थित प्रभु जगन्नाथ के ऐतिहासिक मंदिर परिसर के समग्र विकास का रास्ता साफ हो गया है। रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ के प्रयास से 450 वर्ष पुराने इस ऐतिहासिक मंदिर परिसर का समग्र विकास सीएसआर से होना है। इस कार्य के लिए 2 करोड़ 90 लाख रुपये की राशि भी स्वीकृत की जा चुकी है। रांची जिला प्रशासन के किए सीसीएल ने एमओयू भी कर किया है। बहुत जल्द यह कार्य शुरू हो जाएगा।

विदित हो कि अगस्त 2024 में संजय सेठ ने सीसीएल के सीएमडी को पत्र लिखकर जगन्नाथ मंदिर की आध्यात्मिकता और ऐतिहासिकता से अवगत कराया था। रक्षा राज्य मंत्री ने अपने पत्र में कहा था कि नागवंशी राजाओं के द्वारा स्थापित यह मंदिर भारतीय स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े नायकों की गतिविधियों का प्रमुख केंद्र रहा है। वर्तमान समय में इस परिसर के समग्र विकास की आवश्यकता है] ताकि राष्ट्रीय पटल पर इस परिसर को नई पहचान मिल सके। इसी के आलोक में सीसीएल ने जिला प्रशासन से संपर्क किया और परिसर के समग्र विकास को स्वीकृति दी।

जगन्नाथ मंदिर परिसर के समग्र विकास की स्वीकृति मिलने से क्षेत्र के लोगों में अपार हर्ष है। लोग रक्षा राज्य मंत्री की इस पहल के लिए उनके प्रति आभार प्रकट कर रहे हैं।

इस बाबत संजय सेठ ने कहा कि

### भगवान जगन्नाथ की कृपा से ही होगा यह कार्य : संजय सेठ



प्रभु जगन्नाथ की कृपा से ही यह काम संभव हुआ है। रांची की जनता ने जिस विश्वास के साथ मुझे अपना जनप्रतिनिधि चुना है, उसे विश्वास को और मजबूत बनाने के लिए मैं हर कार्य कर रहा हूं। जनता की आकांक्षाओं को पूर्ण करने के लिए मेरा हर कार्य समर्पित है।

जगन्नाथ मंदिर सिर्फ हमारी आध्यात्मिकता का केंद्र नहीं है बल्कि यह झारखंड की ऐतिहासिक धरोहर में से एक है। इस मंदिर परिसर का समग्र विकास, यहां आने वाले श्रद्धालुओं के लिए कई प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराने वाला होगा।

मंदिर के समग्र विकास की दिशा में बाउंड्री वाल, पार्क निर्माण, वॉटर फाउंटेन, बच्चों के लिए खेलने की सुविधा, शौचालय, बागवानी, कियोस्क, गजीबो, पर्याप्त लाइटिंग, रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम सहित कई कार्य किए जाएंगे।

### तीन दिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव का हुआ समापन

**रांची।** शुक्रवार को कांके पिठौरिया नवा टोली बाड़ू स्थित प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में चल रहे तीन दिवसीय शिवरात्रि महोत्सव का समापन धूम धाम से किया गया। इस अवसर पर शिव बाबा कि विशेष शोभा यात्रा भी निकली गई ।शिव बारात की सुंदर झाकियां आकर्षण का केंद्र रही ।सभी भक्तों ने अपने हाथों में शिव ध्वज लिए हुए श्वेत वस्त्र धारी ब्रह्म वत्सो ने जयकारे लगाए। यात्रा के मध्य में कई जगह शिव बाबा का फुल मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया। संस्था कि संचालिका बी के राजमती ने शिव बाबा और ब्रह्मकुमारी बहनों को फूल मालाएं और प्रसाद देकर सम्मानित किया। राजमती दीदी ने कहा वर्तमान समय कलियुग का है।

# सपनों को साकार करने के लिए काम करें विद्यार्थी : राज्यपाल

- दीक्षांत समारोह में 393 विद्यार्थियों को दी गई डिग्री
- इसमें 122 पीजी और 184 ग्रेजुएशन के विद्यार्थी हैं शामिल



प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष गंगवार शुक्रवार को झारखंड राय विश्वविद्यालय के पांचवें दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। कार्यक्रम में राज्यपाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि दीक्षांत समारोह केवल एक शैक्षिक घटना नहीं, बल्कि यह हर विद्यार्थी के जीवन में एक नए अध्याय की शुरूआत का प्रतीक है। यह दिन उनके परिश्रम, संघर्ष और समर्पण का उत्सव है।

अंत में, विद्यार्थियों, आप सभी देश की उम्मीद और भविष्य हैं। उन्होंने कहा कि सुभाष चंद्र बोस ने कहा था, तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा, वैसे ही आप सभी अपने देश को अपने ज्ञान, कड़ी मेहनत और समर्पण से एक सशक्त और समृद्ध राष्ट्र बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि आप जिस दिशा में भी कदम बढ़ाएं, सफलता आपके साथ रहेगी। हमेशा अपने सपनों को साकार करने की दिशा में काम करें और अपनी सफलता की कहानी खुद लिखें।

राज्यपाल ने कहा कि आप सभी ने जो सीखा है, वह केवल एक आधार है और जीवन भर आपको और अधिक ज्ञान अर्जित करना है। यह दिन आपके आत्मविश्वास को सुदृढ़ करेगा, क्योंकि यह दशार्ता है कि कठिनाइयों के बावजूद आप सफलता की ऊंचाई तक पहुंचने में सक्षम हैं।

राज्यपाल ने कहा कि इस दीक्षांत समारोह में 393 विद्यार्थियों को डिग्री दी गई, जिसमें 122 पीजी और 184 ग्रेजुएशन के विद्यार्थी शामिल हैं। यह विशेष अवसर विद्यार्थियों और उनके परिजनों के लिए भावनाओं से भरा हुआ है। यह एक युग का समापन है और साथ ही साथ नए सफर की शुरूआत भी है। उन्होंने कहा कि 92 बेटियों को डिग्री दी जा रही है, जिनमें से 10 को पीएचडी की उपाधि मिल रही है। यह हमारे समाज की बेटियों के बढ़ते आत्मविश्वास और सशक्तिकरण का प्रतीक है। यह दृश्य हमारे समाज के उन पुराने धारणाओं को तोड़ता है, जो कभी महिलाओं को शिक्षा से वंचित रखने के पक्षधर थे।

इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, राय विवि के वीसी सहित कई छात्र और उनके अभिभावक मौजूद थे।

### शिक्षक अपने कर्तव्यों के प्रति निष्ठा व समर्पण के कारण हमेशा रखे जाएंगे याद : सचिव



सेवानिवृत्त हो रहे शिक्षकों एवं शिक्षा पदाधिकारियों को किया गया सम्मानित

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव उमा शंकर सिंह ने शुक्रवार को रांची जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय द्वारा फरवरी, 2025 में सेवानिवृत्तश होने वाले दो प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी एवं 16 शिक्षकों को विभाग के सचिवालय स्थित सभागार में सम्मानित किया। उन्होंने शिक्षकों को मोमेंटो, शॉल एवं सभी तरह की पावनाओं को देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत नहीं होते। आप शिक्षक अपने कर्तव्यों के प्रति निष्ठा और समर्पण के कारण हमेशा याद रखे जाएंगे।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि प्राथमिक शिक्षा निदेशक शशि प्रकाश सिंह ने शिक्षकों को उनके जीवन भर की मेहनत और योगदान के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने सभी सेवानिवृत शिक्षकों को नव साक्षर भारत प्रोजेक्ट उल्लास के जन चेतना केंद्र से जुड़ने का आह्वान भी किया।

जिला शिक्षा अधीक्षक ने कहा शिक्षक समाज के निमार्ता होते हैं। उनका योगदान ना केवल एक पीढ़ी तक सीमित रहता है, बल्कि यह अनंत काल तक चलता है। उन्होंने जानकारी दी कि जनवरी, 2025 में भी 28 सेवानिवृत्त शिक्षकों को रांची उपायुक्त द्वारा सेवानिवृत्ति के दिन सभी लाभ दिए गए थे। यह कार्यक्रम भविष्य में भी जारी रहेगा। इस अवसर पर अवर सचिव शिक्षा, रांची जिला शिक्षा अधीक्षक, जिले के सभी क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।

### सीएमपीडीआई में गोंदवाना क्लब क्रिकेट लीग का शुभारंभ



प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** सीएमपीडीआई के सीएमडी मनोज कुमार ने संस्थान के खेल मैदान में तीन-दिवसीय गोंदवाना क्लब क्रिकेट लीग-2025 टूनामेंट का उद्घाटन 28 फरवरी को किया। इस टूनामेंट में 8 टीमें हिस्सा ले रही हैं।

इस टूनामेंट में महिलाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए प्रत्येक मैच में एक महिला खिलाड़ी अनिवार्य रूप से खेलेंगी और एक ओवर महिलाओं को समर्पित होगा, जहां महिला खिलाड़ी विशेष रूप से गेंदबाजी और बल्लेबाजी करेंगी।

इस अवसर पर कस्तूरी महिला सभा की अध्यक्षा श्रीमती रूपाली गुप्ता, वरीय सलाहकार (माइनिंग) एके राणा, महाप्रबंधक व विभागाध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी एवं खेलप्रेमी उपस्थित थे।

### सीए अभिषेक केडिया आईसीएआई की रांची शाखा के बने अध्यक्ष

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** दी इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) की रांची शाखा के पदधारियों का वर्ष 2025-26 के लिए चुनाव संपन्न हुआ। सीए अभिषेक केडिया को रांची शाखा का अध्यक्ष, सीए अनीश जैन को उपाध्यक्ष, सीए भुवनेश कुमार ठाकुर को सचिव, सीए विवेक खोवाल को कोषाध्यक्ष और सीए दिलीप कुमार को सीए स्टूडेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सीए हरेन्दर भारती को सीपीई कमेटी निर्विरोध चुने गए।

सीए निशांत मोदी कमेटी की अन्य कार्यकारिणी सदस्य हैं। इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की रांची शाखा के नव निर्वाचित सदस्यों (2025-29) की पहली मीटिंग रांची शाखा की निवर्तमान चेयरपर्सन सीए श्रद्धा बागला की देखरेख में हुई।




सीए अभिषेक केडिया आईसीएआई की रांची शाखा के अध्यक्ष के रूप में आसीन होने वाले 32वें सदस्य हैं। इससे पूर्व वे रांची शाखा के सचिव और कोषाध्यक्ष रह चुके हैं। रांची शाखा के द्वारा आयोजित विभिन्न महत्वपूर्ण सेमिनार/ कांफ्रेंस और सामाजिक कार्यों में अपना उल्लेखनीय योगदान दिया है।

इंस्टीट्यूट की रांची शाखा की पूर्व अध्यक्ष सीए श्रद्धा बागला, सीए प्रभात कुमार, निवर्तमान उपाध्यक्ष सीए उमेश कुमार सहित रांची शाखा के कई चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ने सीए अभिषेक केडिया और सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई दी। भरोसा जताया कि उनके कार्यकाल में रांची शाखा नई उचाइयों को छुएगी।

इस अवसर पर नवनियुक्त अध्यक्ष सीए अभिषेक केडिया ने इस प्रतिष्ठित पद के लिए समर्थन देने पर सभी कार्यकारिणी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### वसंतकालीन गुलाब प्रदर्शनी रांची क्लब में 02 मार्च को

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** द रोज सोसाइटी ऑफ रांची और रांची क्लब के संयुक्त तत्वावधान में 2 मार्च को रांची क्लब के बहुद्देशीय सभागार में वसंतकालीन गुलाब प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। रविवार को सुबह 7 से 9 बजे के बीच प्रतिभागियों के प्रादर्श स्वीकार किए जाएंगे एवं प्रदर्शित किए जाएंगे। आम लोगों के लिए प्रदर्शनी अपराह्न 3 बजे से 6.30 बजे तक खुली रहेगी।

रोज सोसाइटी के उपाध्यक्ष संतोष जायसवाल ने बताया कि कटिंग किए गए फूलों और गमले में लगे गुलाब पौधों के अलावा गुलाब चित्रकारी, गुलाब क्राफ्ट, गुलाब फोटोग्राफी, रोज अरेंजमेंट, रोज एंब्रायडरी, गुलाब की माला और पुष्पगुच्छ के प्रादर्श भी प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता में शामिल किए जाएंगे।

फूल के साइज, शेप, प्रजाति, ताजगी, खुशबू आदि मानकों के



आधार पर निर्णायक समिति के आकलन के अनुरूप अपराह्न में विजेताओं को पुरस्कार वितरित किया जाएगा। विद्यार्थियों एवं अन्य लोगों के अलावा स्कूल, कॉलेज, संस्थान, प्रतिष्ठान भी प्रदर्शनी में लगाने के लिए अपने प्रादर्श ला सकते हैं।

भागीदारी संबंधी नियम एवं शर्तों की विशेष जानकारी के लिए समिति की कोषाध्यक्ष हेजेल डेविस (9955359206) से संपर्क किया जा सकता है। प्रदर्शनी की तैयारी में गणेश मुंजाल, अरूप नंदी, नीरज कुमार, पूनम जायसवाल बिलेंडा सोरेन, राजश्री बासु आदि लोगों की टीम सक्रिय है।

# फरवरी में 100 सीसीएल कर्मी सेवानिवृत्त, दी गई भावभीनी विदाई

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) से फरवरी में 100 कर्मी सेवानिवृत्त हुए। दरभंगा हाउस में 'सम्मान समारोह' आयोजित कर मुख्यालय से सेवानिवत्तव हुए कर्मियों को विदाई दी गई। मुख्यालय में कार्यरत 7 कर्मियों को विदाई दी गई।

मुख्यादलय के आई.ई. विभाग से मुख्य प्रबंधक (आई. ई.) अरुण कुमार पांडेय, भर्ती विभाग से मुख्य प्रबंधक (कार्मिक) श्रीमती अर्चना सिन्हा, उत्खनन विभाग से मुख्य प्रबंधक (उत्खनन) धर्मेंद्र कुमार, गांधीनगर अस्पताल से मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हेमंत केरकेट्टा, गांधीनगर अस्पताल से मुख्य रेडियोग्राफर सुनील के. एन., कल्याण विभाग से वरीय लिपिक श्रीमती गीता कुमारी एवं लपंगा




ड्रिलिंग कैंप से रिगमैन मिटिक नाहक सेवानिवत्ते हुए। समारोह में आई.ई. विभाग के विभागाध्यक्ष वी.के. शुक्ला, विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, अधिकारी, कर्मचारी और सेवानिवृत्त कर्मियों के परिवारजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत्त कर्मियों के अनुभव और योगदान पर आधारित एक शॉर्ट फिल्म प्रदर्शित की गई। इस फिल्म में कर्मियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कंपनी के प्रति आभार व्यक्त किया। इसके निरंतर विकास की कामना की।

मुख्य अतिथि श्री शुक्ला ने सीसीएल परिवार की ओर से उपस्थित वरिष्ठवतम सेवानिवृत कर्मियों का अभिनंदन एवं स्वाओगत किया। कहा कि आप सभी का योगदान अपने-अपने कार्यक्षेत्र में सराहनीय रहा है। उन्होंने सेवानिवृत्तभ कर्मियों के सपरिवार सुखी, स्व्स्थ्हनी जीवन की कामना की। मंच संचालन और धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक (कार्मिक/कल्याण) श्रीमती रेखा पांडेय ने किया। कार्यक्रम की सफलता में कल्याण विभाग और अन्य विभागों का विशेष योगदान रहा।

संक्षिप्त

## नवविवाहिता ने की खुदकुशी

**पलामू।** पलामू जिले के तरहसी थाना क्षेत्र के टरिया पंचायत इलाके में नवविवाहिता विनिता देवी ने फंदे से लटकर खुदकुशी कर ली। मिली जानकारी के अनुसार नवविवाहिता का चार महीने पहले प्रेम विवाह हुआ था। मृतका पूर्व से गर्भवती भी थी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए एमआरएमसीएच भेज दिया। पुलिस पूरे मामले में छानबीन कर रही है।मृतका इसी पंचायत क्षेत्र के चौकीदार गजेंद्र राम की बहू बताई गई है। जानकारी के अनुसार गजेंद्र राम का पुत्र अर्जुन राम ने चार महीने पहले युवती से प्रेम विवाह किया था। दोनों अलग-अलग जाति के होने के कारण उनके परिजन शादी के खिलाफ थे। हालांकि इसके बाद भी पंचायत के हस्तक्षेप से शादी हुई। अचानक उसने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। महिला का शव उसके ससुराल से बरामद किया गया।

## सूचना आयोग ने राज्य के मुख्य पोस्टमास्टर जनरल को भेजा पत्र

**गुमला :** पिछले कई महीनों से गुमला के मुख्य डाकघर में पांच एवं दस रूपए के आईपीओ की कमी को लेकर आरटीआई कार्यकर्ता आनंद किशोर पंडा ने राज्य सूचना आयोग में एक शिकायत पत्र भेजा था जिसमें उन्होंने कहा था कि सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत प्रेषित आवेदन में आवेदन शुल्क के रूप में दस रूपए का इंडियन पोस्टल आर्डर संलग्न करना बेहद जरूरी रहता है किन्तु पोस्टल आर्डर नहीं रहने से आम जनता को काफी परेशानी हो रही है, जिसपर संज्ञान लेते हुए राज्य सूचना आयोग के अवर सचिव ने इस मामले पर आवश्यक कार्रवाई करने के लिए एक पत्र राज्य के मुख्य पोस्टमास्टर जनरल को भेजा है। पत्रांक - 119, दिनांक 19-02-2025 के तहत आयोग ने मुख्य हेड पोस्ट आफिस झारखण्ड जोन को पत्र प्रेषित कर नियमानुसार कार्रवाई करने का आदेश दिया है।

## रक्तदान कर अभय कुमार ने जरूरतमंद मरीज की बचायी जान

**लातेहार :** रक्तदान-महादान की भावना को साकार करते हुए आरएसएस लातेहार नगर सह कार्यवाह एवं समाजसेवी अभय कुमार ने एक जरूरतमंद मरीज की जिंदगी बचाने के लिए अपना रक्तदान किया।बारीयतु टोटी हेसला निवासी शिव कुमार उरांव (34), जो बीते चार दिनों से गंभीर रक्ताल्पता से जूझ रहे थे, उन्हें रक्त की तत्काल आवश्यकता थी। जब इस बात की जानकारी वोलेंट्री ब्लड डोनर एसोसिएशन लातेहार के जिला सह संयोजक कुमार नवनीत को मिली, तो उन्होंने तुरंत अभय कुमार से संपर्क किया। समाजसेवा को समर्पित अभय ने बिना देर किए रक्तदान करने की सहमति दी और लातेहार ब्लड बैंक पहुंचकर एबी पॉजिटिव रक्तदान कर शिव कुमार की जान बचाई।इस कार्य के लिए शिव कुमार के परिजनों ने अभय का हृदय से आभार व्यक्त किया और कहा कि उनकी संवेदनशीलता और तत्परता के कारण ही आज उनका परिवार खुशियों की ओर लौट सका।

## सीआईएसएफ ने 40 टन अवैध कोयला किया जब्त

**झरिया (धनबाद)।** बोरागढ़ ओपी क्षेत्र होरलाडीह में अवैध खनन को लेकर दो गुटों के बीच मारपीट के बाद इजे एरिया भौंरा सीआईएसएफ रेस हो गयी। सीआईएसएफ व बोरागढ़ पुलिस ने शुक्रवार को बोरागढ़ क्षेत्र में कोयला चोरी के खिलाफ अभियान चलाया। जहां सूरेंद्र कालोनी स्थित झाड़ियों में छुपाए लगभग चालीस टन कोयला जब्त किया। इसके बाद सीआईएसएफ ने भौंरा कोलियरी से डोजर व हाइवा मंगाकर कपूरगढ़ा अवैध माइंस की डोजरिंग कर दी। वहीं जब्त कोयला को भौंरा कोलियरी प्रबंधन को सौंप दिया। इस छापेमारी से कोयला चोरों के बीच हड़कंप मचा हुआ है। बता दे कि इस क्षेत्र में अवैध खनन धड़ल्ले से जारी है। होरलाडीह में अवैध खनन को लेकर दो गुटों के बीच मारपीट हुई थी।

# अवैध खनन, परिवहन व भंडारण के खिलाफ होगी छापेमारी

### उपायुक्त की अध्यक्षता में खनन टास्क फॉर्स की हुई बैठक




**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**पलामू।** जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण पर अंकुश लगाने के लिए सभी पदाधिकारी सक्रियता से कार्य करें। सभी संबंधित पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी व जवानों के आपसी समन्वय से बेहतर व कारात्मक परिणाम निकलेंगे। पदाधिकारी अपने-अपने संबंधित क्षेत्रों में गोपनीय तरीके से छापेमारी करें। अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण पर रोक लगाएं। इसमें जुड़े वाहनों को जब्त करें। अर्थ दंड लगाएं। इसमें संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कड़ी कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। यह बातें उपायुक्त शशि रंजन ने कही। वे 28 फरवरी को अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण को लेकर जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक कर रहे थे।

**सीमावर्ती क्षेत्रों में बरते विशेष चौकसी**

उपायुक्त ने अनुमंडल, अंचल एवं थाना स्तर से अवैध परिवहन, खनन एवं भंडारण के विरूद्ध की गयी कार्रवाई की समीक्षा की। उन्होंने अवैध खनन एवं परिवहन को लेकर जिला के सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष चौकसी बरतने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों से शिकायत मिलती है। इसलिए सभी की जिम्मेवारी है कि अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम करने में अपनी महती भूमिका निभाएं।

**अनावश्यक रूप से परेशान नहीं करें**

पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने भी अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरूद्ध सख्ती से कार्रवाई और चालान वाले व्यक्तियों को अनावश्यक रूप से परेशान नहीं करने का निदेश दिया।

**शिकायत पर विशेष ध्यान दें**

वन प्रमंडल पदाधिकारी सत्यम कुमार ने वन क्षेत्र में अवैध खनन की शिकायत पर विशेष ध्यान देने का आदेश दिया। उन्होंने विशेषकर छत्तरपुर, पिपरा एवं चैनपुर के अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारी को ध्यान देने की जरूरत पर बल देते हुए चौकसी बढ़ाने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम सभी की सामूहिक जिम्मेवारी है।

**कार्रवाई से अवगत कराया**

बैठक की शुरूआत में जिला खनन पदाधिकारी सुनील कुमार ने जनवरी 2025 में किए गए कार्रवाई से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि जनवरी में जिला खनन कार्यालय की ओर से 38 वाहनों को जब्त किया गया है। वहीं 6 प्राथमिकी दर्ज की गई है। साथ ही दंड स्वरूप 18.90 लाख रुपये वसूले गये हैं। परिवहन कार्यालय द्वारा भी निरंतर कार्रवाई की गई है। 16 वाहनों को जब्त किया गया है। वहीं 7.35 लाख रुपये का अर्थ दंड वसूला गया है। साथ ही वन प्रमंडल पदाधिकारी मेदिनीनगर वन प्रमंडल द्वारा 9 क्रशरों को जब्त कर सभी संचालकों पर वनवाद दायर किया गया है।

बैठक में उपरोक्त पदाधिकारी के अलावा तीनों अनुमंडल के अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी आदि उपस्थित थे।

### संबंधित क्षेत्रों में छापेमारी करें

उपायुक्त ने कहा कि अपने-अपने संबंधित क्षेत्रों में छापेमारी कर सुनिश्चित करें कि लीज एरिया का विचलन कर कोई खनन कार्य तो नहीं कर रहा है। साथ ही लीज कहीं का और खनन होने की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अंचल अधिकारी व थाना प्रभारी संबंधित क्षेत्रों में छापेमारी करना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने बालू के अवैध उठाव एवं भंडारण पर सख्ती से कार्रवाई का निर्देश दिया। साथ ही, ट्रेंच कटवाकर अवैध परिवहन के मार्ग को अवरूद्ध करने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि बालू के अवेध परिवहन एवं भंडारण पर रोक लगाने के लिए अंचल एवं थाना स्तर पर ट्रेंच कटिंग, बैरिकेडिंग एवं चौकीदार की प्रतिनियुक्ति से इसकी अवैध रोकथाम में मदद मिलेगी। उपायुक्त ने खनिजों के ओवरलोड की जांच कर कार्रवाई का आदेश दिया। बिना व्यवसायिक पंजीयन के संचालित ट्रैक्टर/ट्रॉली के विरूद्ध कार्रवाई करने और सीटीओ में अंकित शर्तो के अनुपालन की प्रदूषण विभाग द्वारा जांच का निर्देश दिया।

## स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के अंतर्गत सेवानिवृत्त शिक्षक/शिक्षकेत्तर कर्मियों को किया गया सम्मानित

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**हजारीबाग :** क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक, उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डल हजारीबाग एवं जिला शिक्षा अधीक्षक हजारीबाग द्वारा मासिक पेंशनर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों एवं कार्यालयों से सेवानिवृत शिक्षक / शिक्षकेत्तर कर्मियों को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान 'डायट', हजारीबाग में शॉल, माला पहनाकर सम्मानित किया गया एवं उनके सेवानिवृति पावंतिया उन्हें प्रदान की गई।

वही सम्मानित होने वाले शिक्षक /शिक्षकेत्तर कर्मियों में गुलाब साव, सेवानिवृत लिपिक, कार्यालय जिला शिक्षा पदाधिकारी, हजारीबाग, फागू राम, सेवानिवृत अनुसेवक, कार्यालय जिला शिक्षा पदाधिकारी, हजारीबाग, अरविन्द कुमार, सेवानिवृत लिपिक, प्लस टू उच्च विद्यालय कटकमसांडी, कपिल देव प्रसाद, सेवानिवृत लिपिक, प्लस टू उच्च विद्यालय विष्णुगढ़, मो० इम्तियाज अंसारी, सेवानिवृत अनुसेवक, हिन्दू प्लस टू उच्च विद्यालय, हजारीबाग, वीरेन्द्र कुमार दूबे, सेवानिवृत अनुसेवक, महेशरा प्लस टू उच्च विद्यालय महेशरा, दारू, रत्नेश्वर पाठक, सेवानिवृत शिक्षक, मध्य विद्यालय कण्डसार, कटकमसांडी, शंकर मिश्रा, सेवानिवृत शिक्षक, मध्य विद्यालय बडम बाजार, हजारीबाग, लक्ष्मण मृधा, सेवानिवृत शिक्षक, मध्य विद्यालय बेडोकला, बरकट्ठा, डा० प्रवीण कुमार, सेवानिवृत शिक्षक, मध्य विद्यालय गाल्होबार, विष्णुगढ़, कमला देवी, सेवानिवृत लिपिक, कार्यालय जिला शिक्षा अधीक्षक, हजारीबाग नाम है।



## बीईईओ, बीपीओ एवं एमडीएम ऑपरेटर से मांगा स्पष्टीकरण

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**पलामू।** उपायुक्त-सह-जिला स्तरीय स्टीयरिंग-सह-मॉनिटरिंग कमेटी के अध्यक्ष शशि रंजन के निर्देश पर जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक ने बीईओ, बीपीओ एवं एमडीएम ऑपरेटरों के साथ बैठक की। बैठक में पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना सहित विद्यालयों में शिक्षा विभाग की ओर से संचालित अन्य योजनाओं पर चर्चा की।



### ❑ पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत एसएमएस भेजने में शिथिलता बरतने का आरोप

पीएम पोषण शक्ति निर्माण, योजना अंतर्गत एसएमस पर विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इसके तहत विद्यालयों में प्रतिदिन उपस्थित छात्र-छात्राओं की संख्या, प्रति सप्ताह उपलब्ध अनाज एवं कुकिंग कॉस्ट, पूरक पोषाहार, प्राप्त कुकिंग कॉस्ट,पूरक पोषाहार और प्राप्त अनाज की मात्रा का एसएमएस किया जाता है।

समीक्षा के दौरान पिपरा क्षेत्र के विद्यालयों में कार्य दिवसवार एसएमएस भेजने में शिथिलता बरतने की बात प्रकाश में आने पर जिला शिक्षा अधीक्षक ने पिपरा के बीईओ, बीपीओ एवं एमडीएम ऑपरेटर से स्पष्टीकरण की मांग की। निर्धारित समयावधि में स्पष्टीकरण का जवाब नहीं मिलने एवं असंतोषजनक जवाब की स्थिति में कार्रवाई की चेतावनी दी। शिक्षा पदाधिकारियों ने कहा कि सभी प्रखंड के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी एवं एमडीएम कम्प्यूटर ऑपरेटर पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना का एसएमएस शत प्रतिशत कराना सुनिश्चितत करें। उन्होंने पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत रसोइया-सह-सहायिका का आयुष्मान भारत-मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना से शत प्रतिशत अच्छादन का आदेश दिया। इसके अलावा विद्यालयों में विद्यार्थियों का अच्छादन में बृद्धि करने, अध्यनरत विद्यार्थियों को आयरण, फॉलिक एसिड की गोली खिलाने का निदेश दिया।

उपायुक्त पलामू के निर्देश पर कार्यदिवस में जिला से जिला एमडीएम ऑपरेटर के द्वारा 25 विद्यालय एवं प्रखंड से प्रखंड एमडीएम ऑपरेटर द्वारा 10 विद्यालय का फोन पर अनुश्रवण करने का भी आदेश दिया गया।

बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी सौरभ प्रकाश, जिला शिक्षा अधीक्षक संदीप कुमार सहित बीईओ, बीपीओ एवं एमडीएम ऑपरेटर उपस्थित थे।

## किसान संगोष्ठी में नैनो यूरिया के बढ़ावा पर जोर

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**चतरा।** पत्थलगडा प्रखंड मुख्यालय के उमाकांत पाठक खेल मैदान में शुक्रवार को फसल विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इफको द्वारा नैनो तरल उर्वरक उपयोग एवं प्रोत्साहन को लेकर आयोजित कार्यक्रम में काफी संख्या में किसान और अन्य भाग लिए। इफको की ओर से नैनो उर्वरकों का महत्व और फसलों में संतुलित पोषक तत्वों के उपयोग को लेकर प्रदर्शनी भी लगाई गई। इंडियन फारमर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव लिमिटेड की ओर से आधुनिक और टिकाऊ खेती में नैनो उर्वरकों का महत्व विषय पर फसल विचार गोष्ठी का आयोजन में 300 प्रगतिशील किसान भाग लिए।

समारोह के मुख्य अतिथि डॉ रंजय कुमार सिंह, प्रधान वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र चतरा, डॉ शशि भूषण समदर्शी, राज्य विपणन प्रबंधक, चंदन कुमार क्षेत्र प्रबंधक, अमित आनंद एरिया ऑफिसर और अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि और मंचासीन अधिकारियों ने दीप प्रज्वलन कर किया ।इस मौके पर डॉ शशि भूषण समदर्शी ने कहा कि झारखंड में किसानों की आय को बढ़ाने के लिए उन्हें आधुनिक तकनीकों और उन्नत कृषि पद्धतियों को अपनाना होगा।

उन्होंने नैनो यूरिया प्लस एवं नैनो डीएपी को टिकाऊ खेती के लिए एक बेहतर विकल्प बताया और बताया कि सरकार यूरिया और डीएपी पर भारी सब्सिडी देती है। इससे किसान पारंपरिक यूरिया का अधिक उपयोग कर रहे हैं। मुख्य अतिथि डॉ रंजय कुमार सिंह ने मिट्टी की सेहत को बनाए रखने के महत्व पर चर्चा की।

## सेवा हमारी परंपरा रही है, जनहित में सेवा और विकास ही रहेगी प्राथमिकता : मनीष

### ❑ सांसद मनीष जायसवाल ने आहूत की विशेष बैठक, लोकसभा क्षेत्र के सभी बीजेपी अध्यक्ष और महामंत्री हुए शामिल



**हजारीबाग।** हजारीबाग लोक सभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल अपने बढ़ते कदम और दायरे के साथ अपने सेवा कार्यों का भी विस्तार लगातार संपूर्ण हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में कर रहें हैं। निरंतर क्षेत्र दौरा कर जहां विभिन्न क्षेत्रों की जनसमस्याओं से रूबरू हो रहें हैं वहीं जनहित में समस्याओं के निदान को लेकर भी सजग हैं। उन्होंने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में अपने सेवा विस्तार और आगामी जनहित के कार्यों को समाज के अंतिम पायदान तक पहुंचाने के उद्देश्य से शुक्रवार को सांसद सेवा कार्यालय, हजारीबाग के सभागार में संपूर्ण हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा मंडल अध्यक्ष और महामंत्रियों की एक बैठक आहूत की।

बैठक की अध्यक्षता हजारीबाग जिले के भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह और रामगढ़ जिले के भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता ने संयुक्त रूप से किया। इस अति कामकाजी और महत्वपूर्ण बैठक को संबोधित करते हुए हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने अपने सेवा और विकास के कार्यों के विस्तार में भाजपा के कार्यकताओं का अहम भूमिका बताते हुए उनका मनोबल बढ़ाया और उनसे सहयोग कर जनहित के कल्याणकारी योजनाओं को समाज के जरूरतमंदों तक पहुंचाने में सहयोग करने का आग्रह किया।

सांसद मनीष जायसवाल ने उपस्थित सभी बीजेपी कार्यकताओं को बीते दिनों हजारीबाग की धरती पर उनके द्वारा आयोजित सांसद सामूहिक विवाह उत्सव-2025 के माध्यम से 101 जरूरतमंद जोड़ों के सामूहिक विवाह को संपन्न कराने में अपार सहयोग के धन्यवाद दिया और इस आयोजन को ऐतिहासिक और अभूतपूर्ण बनाने के लिए बधाई दिया।

## प्रसव के कुछ घंटों बाद ही परीक्षा देने पहुंची परीक्षार्थी

**लातेहार ।** शिक्षा के प्रति समर्पण और हौसले की मिसाल पेश करते हुए लातेहार के इंटरमीडिएट परीक्षा केंद्र सरस्वती विद्या मंदिर में एक अभूतपूर्व घटना सामने आई। एक परीक्षार्थी ने प्रसव के कुछ ही घंटों बाद परीक्षा केंद्र पहुंचकर अपनी परीक्षा दी, जिससे परीक्षा कक्ष में मौजूद सभी लोग आश्चर्यचकित और प्रेरित हुए। इस साहसी छात्रा का परीक्षा देने का अदम्य साहस देखकर केंद्राधीक्षक प्रमोद कुमार सहित सभी वीक्षकों ने उसकी भूरि-भूरि प्रशंसा की। केंद्राधीक्षक और वीक्षकों ने उसे उपहार देकर सम्मानित किया और उसके दृढ़ संकल्प को सराहा। इस दौरान मनीष कुमार सिंह, धीरज कुमार, रोहित कुमार, मंजू कुमारी, पुनीत कुमार, उज्ज्वल खलखो, तरुण कुमार पाण्डेय समेत अन्य शिक्षकों ने भी उसका हौसला बढ़ाया।

# देश के विकास में समान रूप से सहयोग कर रही हैं बेटियां

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**गढ़वा।** बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अंतर्गत सम्मान समारोह का टाउन हॉल में शुक्रवार को आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता उपायुक्त शेखर जमुआर ने की। इस अवसर पर श्री जमुआर ने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा हमारे देश में सार्थक हो रहा है। विभिन्न क्षेत्रों में देश की बेटियां अपनी सहभागिता निभा रही हैं। देश के विकास में बढ़ चढ़कर समान रूप से सहयोग कर रही हैं। उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के नारा की जरूरत अब नहीं होनी चाहिए, बल्कि यह सभी के जेहन में होना चाहिए कि बेटा बेटी एक समान है।

मौके पर उपस्थित पुलिस उपाधीक्षक यशोधरा ने भी बालिकाओं को सशक्त करने एवं उच्च शिक्षा प्राप्त करने की बात कही।



### ❑ बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अंतर्गत सम्मान समारोह का आयोजन

उन्होंने कहा कि इस योजना का मकसद, लिंगानुपात में सुधार लाना और महिलाओं के सशक्तीकरण को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में उपस्थित बालिकाओं से उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में लड़कियां ज्यादातर सोशल मीडिया पर भी अपना समय बिताती हैं, जो कि गलत है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ नारा को और भी सार्थक बनाने की दिशा में बालिकाओं को कार्य करना चाहिए। इसके लिए उन्हें उच्च शिक्षा प्राप्त करते हुए रोजगार निर्माण कर अपने पैरों पर खड़े होने की आवश्यकता है। देश के कई महत्वपूर्ण पदों पर महिलाएं काबिज हैं। अपने माता-पिता के साथ-साथ देश का भी नाम रोशन करने का कार्य कर रही हैं। इस योजना के तहत, बालिकाओं को शोषण से बचाया जाता है। उन्हें सही-गलत के बारे में बताया जाता है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना समाज में बिना किसी लिंग भेद के सामान्य जीवन जिने के लिए जन्म अधिकारों का समर्थन करने के लिए है।

कार्यक्रम में पेंटिंग, डांसिंग, सिंगिंग, स्पीच, एसे राइटिंग समेत कई प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया था। बेटी बचाओ, बेटी पढाओ योजना के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में जिला में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं एवं उनके माता-पिता को, प्रथम बालिका जन्नी माता को एवं प्रतियोगिता में विजेता बालिकाओं को सम्मानित करने का कार्य किया गया।

उक्त मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी प्रमेश कुशवाहा, विभिन्न प्रखंडों के सीडीपीओ, महिला पर्यवेक्षिका समेत बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं उनके माता-पिता आदि उपस्थित थें।

## संक्षिप्त

### तुपकाडीह अंडरपास रेलवे पुल शुरू



**बोकारो।** तुपकाडीह रेलवे स्टेशन से उत्तर दिशा में तेनु बोकारो नहर के पास रेल फाटक को बंद करने के बाद नवनिर्मित अंडरपास पुल से लोगों का आना-जाना शुक्रवार से शुरू हो गया। स्टेशन मैनेजर सुधीर कुमार ने बताया कि गत वर्ष इस पुल का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑनलाइन किया था। अब इसे जनता के लिए तैयार कर खोल दिया गया है। इधर उप मुखिया राजू महतो ने कहा कि अक्सर रेल फाटक बंद होने के कारण स्कूली बच्चों, काम पर जाने वाले लोगों को काफी देर तक रुकना पड़ता था। अब आमजन को एक परेशानी से छुट्टी मिली, रेल विभाग का प्रयास सफल रहा।

### टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन का रक्तदान शिविर 3 को

**जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन संस्थापक दिवस के अवसर पर आगामी 3 मार्च को रक्तदान शिविर का आयोजन करेगी। इस शिविर में टाटा मोटर्स कर्मियों समेत शहर के सम्मानित रक्तदाता शिरकत करेंगे। गौरतलब है कि विगत वर्ष यूनियन के सौजन्य से आयोजित रक्तदान शिविर में कुल 2700 यूनिट रक्तदान संग्रहित हुआ था, जो अपने आप में कीर्तिमान है। यूनियन द्वारा वर्ष 2021 में मॉस ब्लड डोनेशन का शुभारंभ किया गया। मजदूर नेता स्वर्गीय गोपेश्वर बाबू की जयंती पर यूनियन द्वारा रक्तदान शिविर का शुभारंभ हुआ था। पहले रक्तदान शिविर में यूनियन द्वारा 500 यूनिट का लक्ष्य रखा गया था, परंतु यूनियन के बेहतर प्रबंध एवं कार्य कुशलता के कारण कुल 1250 यूनिट रक्तदान संग्रहित हुआ था।

### विशेष जनता दरबार 3 मार्च को

**कांड्रा।** चांडिल अनुमंडल के तिरुलडीह थाना परिसर में 3 मार्च (सोमवार) को विशेष जनता दरबार का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान कुकड़ू प्रखंड क्षेत्र के लोग अपने जमीन से जुड़े विवादों के समाधान के लिए आवेदन कर सकते हैं। थाना प्रभारी अविनाश कुमार ने बताया कि जनता दरबार का मुख्य उद्देश्य कुकड़ू प्रखंड क्षेत्र के जमीन विवादों का त्वरित समाधान करना है। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से जनता दरबार में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान कराने की अपील की है।

### उपायुक्त ने की कुसुम योजना की जिलास्तरीय गठित कमेटी की बैठक, कहा

# बोकारो में संतोषजनक नहीं प्रधानमंत्री कुसुम योजना

▸ जिला कृषि पदाधिकारी को शोकॉज



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** जिला समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त विजया जाधव ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री (पीएम) कुसुम योजना की जिला स्तरीय गठित कमेटी की बैठक की। मौके पर पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गियारी, जिला कल्याण पदाधिकारी एन एस कुजूर, कार्यपालक अभियंता विद्युत एस तिवारी, पीएम कुसुम योजना के नोडल पदाधिकारी शक्ति कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत अन्य उपस्थित थे। मौके पर पीएम कुसुम योजना के नोडल पदाधिकारी ने कमेटी अध्यक्ष व सदस्यों को बताया कि पीएम कुसुम योजनान्तर्गत जिलों में किसानों को अनुदानित दर पर सिंचाई कार्य हेतु सोलर पम्प सेट की आपूर्ति एवं अधिष्ठापन किया जाना है। इस क्रम में कृषि विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए आवेदनों की संख्या से अवगत कराया। समीक्षा क्रम में उपायुक्त ने चास, चंदनकियारी, जरीडीह और बेरमो प्रखंड में पीएम कुसुम योजना के तहत प्राप्त आवेदनों की कम संख्या पर नाराजगी जताई। उन्होंने इस बाबत जिला कृषि पदाधिकारी (डीएओ) से स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त ने पीएम कुसुम योजना के तहत जो भी आवेदक हैं, उनकी सूची श्रेणी के आधार पर सूचीबद्ध प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही, भविष्य में जो भी भौतिक सत्यापन होगा उसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) एवं मुखिया का सत्यापन अनिवार्य करने की बात कहीं।

नोडल पदाधिकारी, पीएम कुसुम योजना ने बताया गया कि कुल 542 आवेदन आनलाइन प्राप्त हुए है। ऑनलाइन आवेदन सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों द्वारा किसानों का चयन जेडा रांची के द्वारा सभी मानकों के आधार पर एवं स्थलीय जांच के उपरांत कुल 481 आवेदन स्वीकृत कर भेजने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने निरीक्षण उपरांत कमेटी सदस्यों द्वारा चिन्हित किसानों की सूची को अनुमोदित किया। उन्होंने सभी दस्तावेजों को निदेशक, जेडा, रांची को अग्रेतर कार्रवाई हेतु भेजने को कहा। इसके अलावा कई अन्य बिंदुओं पर चर्चा कर जरूरी दिशा-निर्देश दिया।

## त्रिपक्षीय समझौता वार्ता के साथ मजदूरों की समस्या का निराकरण



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो थर्मल।** बोकारो थर्मल स्थित डीवीसी पावर प्लांट में कार्यरत कंपनी मेसर्स आनंद कुमार सिंघानिया द्वारा 14 अप्रैल 2023 को कार्य से हटाए गए पांच मजदूरों और कंपनी के बीच उत्पन्न विवाद का निराकरण शुक्रवार को केंद्रीय सहायक श्रमायुक्त, हजारीबाग के कार्यालय में त्रिपक्षीय वार्ता के द्वारा किया गया।

वार्ता में केंद्रीय सहायक श्रमायुक्त के अलावा ठेकेदार मजदूर यूनियन एटक के महासचिव इफ्तेखार महमूद, डीवीसी एचआर के प्रबंधक रोहित कुमार तथा कंपनी के प्रतिनिधि सह लेखा पदाधिकारी हरित कुमार शामिल हुए। विदित हो कि वरीयता का बिना अनुपालन किए कंपनी ने पांच मजदूरों- अटल कुमार हलदर, अघनु मुंडा, डूमर चंद महतो, दिनेश सोरेन तथा संजय कुमार महतो को 14 अप्रैल 2023 से काम से हटा दिया था, जिसके बाद ही कंपनी प्रबंधन और मजदूरों के बीच विवाद उत्पन्न हो गया था। कंपनी हटाए गए सभी मजदूरों को प्रति मजदूर अधिकतम 20,000 रुपये क्षतिपूर्ति देने के लिए तैयार थी, किंतु मजदूरों का प्रतिनिधित्व कर रहे ठेकेदार मजदूर यूनियन के महासचिव इफ्तेखार महमूद द्वारा 45 से 55 हजार रुपये की मांग की जा रही थी।

केंद्रीय सहायक श्रमायुक्त की अध्यक्षता में देर तक चली त्रिपक्षीय वार्ता में 45 से 55 हजार रुपये भुगतान करने का फैसला किया गया और उपर्युक्त विवाद का निपटारा कर दिया गया।

## बोकारो में चित्रगुप्त मंदिर का मनाया गया स्थापना दिवस



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** बोकारो इस्पात नगर के सेक्टर- 6 स्थित साईं मंदिर परिसर में स्थापित भगवान चित्रगुप्त मंदिर का स्थापना दिवस शुक्रवार को हर्षोल्लास के साथ स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर भगवान चित्रगुप्त की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। प्रसाद वितरण किया गया। स्थापना दिवस के मौके पर चित्रांश परिवार और साईं मंदिर संचालन समिति के पदाधिकारी भी शामिल हुए। स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में चित्रगुप्त मंदिर के संस्थापक संजय सिन्हा और उनकी धर्मपत्नी गुंजिता सिन्हा एवं मुख्य अतिथि के रूप रजिस्ट्रार सौरव वर्मा सहित अनल कुमार एवं संजय कुमार विशेष रूप से उपस्थित थे। इस क्रम में ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस के प्रदेश उपाध्यक्ष ए के वर्मा ने सौरव वर्मा, संजय सिन्हा, अनल कुमार एवं संजय कुमार को अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया।स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि सौरव वर्मा ने भगवान चित्रगुप्त के मंदिर की स्थापना को अत्यंत पुनीत व सराहनीय बताते हुए कहा कि चित्रांश परिवार के साधन-विहीन और गरीब परिवारों को सक्षम लोगों को मदद करने के लिए आगे आना होगा।

## किसान गोष्ठी में डीजीएम ने किसानों के बीच किया बीजों का वितरण

▸ आधुनिक और विकसित तरीकों से खेती कर बनेंगे आत्मनिर्भर : होलकर



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो थर्मल।** बोकारो थर्मल स्थित सीएसआर कार्यालय परिसर के सभागार में शुक्रवार को किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस गोष्ठी में ऊपरघाट के कंजकिरो, पेंक, नारायणपुर, गोविंदपुर, गोनियाटो, अरमो, नई बस्ती, पलामू, बरई, हरलाडीह आदि से सैकड़ों महिला और पुरुष किसान शामिल हुए। गोष्ठी का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर सीएसआर के डीजीएम बीजी होलकर, हजारीबाग से आए प्रसिद्ध किसान एवं प्रशिक्षक मीनू महतो, महेंद्र महतो, नूनूचंद महतो, बाबूलाल महतो ने किया। गोष्ठी की अध्यक्षता डीजीएम ने की और संचालन जीवाधन महतो ने किया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए डीजीएम ने कहा कि वर्तमान समय में खेती में अपार संभावनाएं छिपी हुई हैं और खेती करके हम अपने परिवार, राज्य तथा देश के लोगों का भरण-पोषण कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आधुनिक और विकसित तरीकों से खेती कर हम आत्मनिर्भर बन सकते हैं। उपस्थित किसानों को कृषि के प्रति प्रेरित किया गया। प्रशिक्षक मीनू महतो ने जैविक और रासायनिक खेती के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पारंपरिक खेती से अलग वैज्ञानिक खेती की ओर रुख करने की आवश्यकता है। किसानों को बताया गया कि कीटनाशकों का सही मात्रा में छिड़काव कैसे करें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि कीटनाशक बच जाता है, तो उसे पौधों में छिड़कने के बजाय फेंक देना चाहिए, क्योंकि अधिक मात्रा में कीटनाशक होने से पौधा नष्ट हो जाता है और कम मात्रा में होने से कीट-मकोड़े पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता। किसानों को उच्च गुणवत्ता वाली खेती के बारे में बताया गया। इस अवसर पर डीजीएम ने कई फसलों के बीजों का वितरण भी किया। गोष्ठी में इंटीग्रेटिव फार्मिंग सिस्टम या मल्टी फार्मिंग सिस्टम पर भी चर्चा की गई। उन्होंने किसानों को वैज्ञानिक तरीके से खेती करने और नई तकनीकों को अपनाने की सलाह दी।

गोष्ठी में नुनूचंद महतो, महेंद्र महतो, सुभद्रा कुमारी, अनिता देवी, कंचन देवी, पिंकी देवी, वीणा देवी, नीलम देवी, लीलावती देवी, मुकेश कुमार महतो, बालेश्वर महतो, तुलसी महतो, मेघलाल महतो, लालवन महतो सहित सैकड़ों किसान मौजूद थे। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन डीजीएम ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सीएसआर के भैरव महतो, रमेश यादव, ओमप्रकाश यादव, मेहिलाल मुर्मू, सुष्मिता बर्णवाल आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## बोकारो स्टील प्लांट से सेवानिवृत्त कर्मचारियों को दी गई विदाई



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट से फरवरी 2025 माह में सेवानिवृत होने वाले कर्मियों के लिए मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) सुरेश रंगानी एवं अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) सुश्री राजश्री बनर्जी उपस्थित रहे। समारोह के आरम्भ में सहायक महाप्रबंधक (मानव संसाधन) डॉ. नन्दा प्रियदर्शिनी ने आगंतुकों का स्वागत किया तथा सेवानिवृत हो रहे कर्मियों को अंतिम निपटारा एवं मैत्री भवन से संबंधित जानकारी दी और प्रत्येक सेवानिवृत्त कर्मी का संक्षिप्त बायोडाटा प्रस्तुत किया। अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) श्री रंगानी एवं अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) सुश्री बनर्जी ने सेवानिवृत्त हो रहे सभी कर्मियों को उनके निष्ठापूर्ण सेवा के लिए बधाई देते हुए उनके सुखद एवं समृद्ध भविष्य की कामना की। उन्होंने सेवा निवृत हो रहे कर्मियों को सेवा प्रमाण पत्र तथा उपहार भी भेंट किए। फरवरी 2025 में बोकारो स्टील प्लांट से कुल 07 अधिशासी एवं 47 अनाधिशासी कर्मी सेवानिवृत्त हो रहे हैं। समारोह में अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) सुरेश रंगानी एवं अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) सुश्री राजश्री बनर्जी ने सेवानिवृत हो रहे कर्मियों तथा उनके परिवारजनों से मुलाकात की और उनके सुखमय जीवन की कामना की। कार्यक्रम का संचालन सहायक महाप्रबंधक (मानव संसाधन) डॉ. नन्दा प्रियदर्शिनी के द्वारा किया गया।

मुख्य महाप्रबंधक (संगणक एवं सूचना प्रौद्योगिकी), आइबन बंकिरा के लिए आयोजित एक अन्य विदाई समारोह में कार्यकारी निदेशक प्रभारी सी. आर. महापात्रा, अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) सुरेश रंगानी, अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) सुश्री राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक (माइंस) विकास मनवटी, अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) सी. आर. मिश्रा कार्यकारी सहित विभिन्न विभागों के मुख्य महाप्रबंधक एवं विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। निदेशक प्रभारी, श्री महापात्रा ने आइबन बंकिरा को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके उल्लेखनीय योगदान की सराहना की और उपस्थित सभी ने उनके भावी जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं।

## हेल्पिंग हैंड्स फाउंडेशन ने टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष से की मुलाकात



### जमशेदपुर में बुजुर्गों-वृद्धों के उत्थान के लिए सहायता का मिला आश्वासन

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**जमशेदपुर।** समाज में वरिष्ठ नागरिकों के प्रति समर्पण एवं सेवा की भावना को साकार करने हेतु हेल्पिंग हैंड्स फाउंडेशन की कोर टीम (प्रवीण श्रीवास्तव, अरविंद कुमार, रजत कुमार मोहंता व विनीता श्रीवास्तव) ने टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष संजीव कुमार चौधरी से भेंट की। इस महत्वपूर्ण बैठक में जमशेदपुर में बुजुर्गों के कल्याण और पुनर्वास के प्रयासों पर विस्तार से चर्चा हुई। श्री चौधरी ने फाउंडेशन द्वारा संचालित गतिविधियों की भूरि-भूरि प्रशंसा की और उनकी प्रतिबद्धता को सराहा। उन्होंने यह आश्वासन दिया कि टाटा वर्कर्स यूनियन हर संभव सहायता प्रदान करेगी, जिससे वरिष्ठ नागरिकों के जीवन में सम्मान, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता लाई जा सके। इस बैठक ने बुजुर्गों की देखभाल और पुनर्वास के प्रति एक नई उम्मीद जगाई है। हेल्पिंग हैंड्स फाउंडेशन अपने प्रयासों से समाज के इन आधार स्तंभों को संबल प्रदान करने के लिए संकल्पबद्ध है, और टाटा वर्कर्स यूनियन के सहयोग से यह पहल और भी सशक्त होगी।

## केंद्रीय विद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस आयोजित



**बोकारो थर्मल।** बोकारो थर्मल स्थित केंद्रीय विद्यालय में शुक्रवार को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. बीआर डे ने दीप प्रज्वलित कर एवं डॉ. सीवी रमण की तस्वीर पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्राचार्य ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के महत्व पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों में वैज्ञानिक चेतना को बढ़ावा देने हेतु शिक्षकों से आह्वान किया और बताया कि डॉ. रमण ने रमण प्रभाव की खोज की थी, जिसके लिए उन्हें नोबेल पुरस्कार प्राप्त हुआ था। सीवी रमण के जीवन से सभी को प्रेरित होकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर स्कूल के सभी शिक्षक एवं विद्यार्थी मौजूद थे।

## सेल एससी एसटी इम्पलाइज फेडरेशन ने किया विशेष सचिव को सम्मानित

**बोकारो।** नगर के सेक्टर-3ए स्थित सेल एससी एसटी इम्पलाइज फेडरेशन के कार्यालय में संगठन की बोकारो यूनिट की ओर से झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के विशेष सचिव राजेश कुमार राय को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर फेडरेशन के केंद्रीय अध्यक्ष एम. के. अभिमन्यु और बोकारो यूनिट के अध्यक्ष ने उन्हें शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। फेडरेशन के महासचिव रवींद्र महली ने राजेश कुमार राय को महात्मा बुद्ध की तस्वीर भेंट कर सम्मानित किया। समारोह के दौरान राजेश कुमार राय की धर्मपत्नी देविका राय को भी महात्मा बुद्ध का पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है, जिससे कोई भी व्यक्ति किसी भी मुकाम तक पहुंच सकता है।

## बोकारो थर्मल में डीवीसी के एक एवं चार सप्लाई मजदूरों को दी गई विदाई



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो थर्मल।** बोकारो थर्मल स्थित डीवीसी पावर प्लांट के तकनीकी भवन में शुक्रवार को एक समारोह आयोजित किया गया, जिसमें अवकाश प्राप्त करने वाले डीवीसी के कर्मियों को सम्मान के साथ विदाई दी गई। इस अवसर पर जीएम ओएंडएम मृत्युंजय प्रसाद और डीजीएम बीजी होल्कर मुख्य रूप से उपस्थित थे। अपने विचार व्यक्त करते हुए जीएम ओएंडएम ने कहा कि सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी संस्थान की रीढ़ होते हैं और उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा- आप सभी ने अपनी सेवा के दौरान जो समर्पण, निष्ठा और परिश्रम किया है, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणादायक रहेगा। बोकारो ताप विद्युत केंद्र आपके योगदान का सदैव ऋणी रहेगा। डीजीएम ने अपने संबोधन में कहा कि संगठन की सफलता में कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा- आप सभी के अथक परिश्रम और अनुशासन ने संस्थान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में मदद की है। आपकी कार्यशैली और अनुभव हमारे लिए हमेशा प्रेरणादायक रहेंगे। समारोह के दौरान सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों प्रयाग गोप, उमेश कुमार, शांति सामंता, प्रवीण कुमार सिंह और अनिल कुमार सिंह को शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। मौके पर मनीष चौधरी, सुनील महापात्रा, शिव कुमार ओझा और विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों के परिजन तथा मित्रगण उपस्थित थे। सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने भी अपने अनुभव साझा किए और संस्थान के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट की। संचालन दीनानाथ शर्मा और कार्यक्रम का आयोजन अनुराग सिन्हा ने किया।

# जीजीएसईटीसी बोकारो में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** गुरु गोविंद सिंह शिक्षा संस्थान तकनीकी परिसर (जीजीएसएसटीसी) बोकारो में शुक्रवार को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस विशेष दिन के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों, शिक्षकों और अधिकारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरूआत कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. मनोजीत डे द्वारा की गई। उन्होंने इस दिन की महत्ता पर प्रकाश डाला और सभी को इस दिन के ऐतिहासिक और वैज्ञानिक महत्व के बारे में बताया। निदेशक (इन-चार्ज) डॉ. ए. पी. बर्नवाल ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने इस मौके पर विज्ञान के क्षेत्र में हुई प्रगति और उभरते वैज्ञानिकों के योगदान को सराहा। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपने शोध कार्यों में नये दृष्टिकोण अपनाएं और राष्ट्र की प्रगति में योगदान करें।

इसके बाद सचिव एस. पी. सिंह ने अपने संबोधन में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि वैज्ञानिक आविष्कारों के द्वारा समाज में बदलाव लाया जा सकता है और इस दिशा में भारत तेजी से अग्रसर हो रहा है। अतिथि ए. के. झा ने राष्ट्रीय विज्ञान पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे विज्ञान के प्रति अपनी रुचि और समर्पण को बढ़ाएं और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक आदर्श प्रस्तुत करें। इसके बाद डॉ. मनोजीत डे ने राष्ट्रीय विज्ञान पर एक प्रस्तुतीकरण किया, जिसमें उन्होंने विज्ञान के विकास, महत्व और भविष्य में आने वाली चुनौतियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें साइंस क्विज, पीपीटी प्रेजेंटेशन, निबंध लेखन, स्लोगन लेखन और पेंटिंग प्रतियोगिता जैसी गतिविधियां शामिल थीं। इन प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पेंटिंग प्रतियोगिता में रिया (जीडब्लूपी, बोकारो) ने पहला स्थान प्राप्त किया, स्वस्तिका पांडे (जीजीएसईएसटीसी) ने दूसरा स्थान और सुमित सागर (जीजीएसईएसटीसी) ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में कृतिका कुमारी (जीजीएसईएसटीसी) ने पहला स्थान और सुजिता कुमारी (जीजीएसईएसटीसी) ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। क्विज प्रतियोगिता में नीतू कुमारी (जीडब्लूपी, बोकारो) ने पहला स्थान, अंकित कुमार ने दूसरा स्थान और सत्यम कुमार गोस्वामी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। पीपीटी प्रस्तुति प्रतियोगिता में मनीषा, पियूष कुमार, किशोर कुमार, अंतरिक्ष कुमार, आशीष कुमार ने क्रमशः शीर्ष स्थान प्राप्त किए। सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति में ऋद्धिमा सिंह, आदिति कुमारी और अनुषा सिंह (जीडब्लूपी, बोकारो) ने पहला स्थान प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में अनुष्का झा ने पहला स्थान और प्रिया कुमारी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम का संचालन कृतिका चौधरी, संचार प्रकोष्ठ की समन्वयक ने किया। अंत में संस्थान के निदेशक डॉ. प्रियदर्शी जरुहार और अध्यक्ष तरसेम सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया और विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के लिए आशीर्वाद प्रदान किया। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देते हैं और उन्हें समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित करते हैं।

# तस्वीर की सियासत बनाम सियासत की तस्वीर


निर्मल रानी

**दिल्ली में 27 साल का वनवास खत्म कर भाजपा सत्ता में आई व भाजपा की नई मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कार्यभार संभाला उस दिन उन्होंने सबसे पहले मुख्यमंत्री की कुर्सी के पीछे लगे अंबेडकर और भगत सिंह के चित्रों को हटाकर उनके स्थान पर राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी,प्रधानमंत्री तथा राष्ट्रपति के चित्र लगा दिए। जबकि पूर्व में लगे चित्रों को दूसरी दीवार पर स्थान दिया गया। इसी बात पर आम आदमी पार्टी ने हंगामा खड़ा करते हुये इसे राजनैतिक मुद्दा बना लिया।**

देश सरकारी कार्यालयों में प्रायः राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी,देश के राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री के चित्र लगाये जाते हैं। जबकि राज्यों में इनके साथ मुख्यमंत्री व राजयपाल के चित्र भी लगाये जाते हैं। इस व्यवस्था को प्रोटोकॉल अथवा शिष्टाचार / नवाचार कहा जाता है। शीर्ष पदों पर बैठे लोग समय समय पर अपनी सुविधानुसार या किसी पूर्वाग्रह के चलते स्वेच्छा से इसमें बदलाव भी करते रहते हैं। उदाहरण के तौर पर आपको झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कार्यालय में मुख्यमंत्री की कुर्सी के ठीक पीछे मुख्य रूप से केवल उनके पिता शिबू सुरेन का ही चित्र लगा मिलेगा। जाहिर है वे उन्हें ही अपना आदर्श नेता मानते हैं। इसी तरह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के कार्यालय में राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री के चित्र से आकार में भी बड़ा तथा बिल्कुल मध्य में गुरु गोरखनाथ का चित्र लगाया गया है। अनेक मुख्यमंत्रियों के कार्यालयों में उनकी अपनी पसंद के आधार पर चित्र लगाये गए हैं।

दिल्ली के तत्कालीन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी जनवरी 2022 में गणतंत्र दिवस से एक दिन पूर्व दिल्ली के मुख्यमंत्री कार्यालय सहित राज्य के सभी सरकारी कार्यालयों में केवल बाबासाहेब अंबेडकर और भगत सिंह के चित्र लगाने के निर्देश जारी किये थे। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया था कि दिल्ली सरकार के सभी कार्यालयों में किसी अन्य नेता की तस्वीरें प्रदर्शित नहीं की जायें। तब से लेकर पिछले दिनों दिल्ली की सत्ता बदलने तक दिल्ली के मुख्यमंत्री कार्यालय से लेकर राज्य के अधिकांश कार्यालयों में महात्मा गाँधी, प्रधानमंत्री व राष्ट्रपति की तस्वीर हटाकर बाबासाहेब अंबेडकर और भगत सिंह के चित्र लगा दिए गये थे। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपनी कुर्सी के ठीक पीछे बाबासाहेब और भगत सिंह के चित्र लगाये थे जो उनके बाद आतिशी के मुख्यमंत्री काल में भी लगे रहे।

परन्तु जिस दिन दिल्ली में 27 साल का वनवास खत्म कर भाजपा सत्ता में आई व भाजपा की नई मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कार्यभार संभाला उस दिन उन्होंने सबसे पहले मुख्यमंत्री की कुर्सी के पीछे लगे अंबेडकर और भगत सिंह के चित्रों को हटाकर उनके स्थान पर राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी,प्रधानमंत्री तथा राष्ट्रपति के चित्र लगा दिए। जबकि पूर्व में लगे चित्रों को दूसरी दीवार पर स्थान दिया गया। इसी बात पर आम आदमी पार्टी ने हंगामा खड़ा करते हुये इसे




राजनैतिक मुद्दा बना लिया। पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी ने तस्वीर हटाने पर कहा कि 'यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि दिल्ली विधानसभा का नेतृत्व ऐसी पार्टी कर रही है, जो दलित और सिख विरोधी है। भाजपा ने अपना दलित विरोधी रुख दिखाते हुए मुख्यमंत्री कार्यालय से बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर और शहीद भगत सिंह के चित्र हटा दिए हैं।' परन्तु तस्वीरों पर सियासत करने वाली आप भी ऐसे सवालों से बच नहीं सकती। आम आदमी पार्टी नेताओं को भी यह बताना पड़ेगा कि उन्होंने अपने कार्यालय से राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की फोटो क्यों हटाई थी? यदि मान लिया जाये की नरेंद्र मोदी उनके घोर विरोधी नेता हैं परन्तु वे देश के प्रधानमंत्री भी हैं। मान लीजिये कि राजनैतिक पूर्वाग्रह के कारण उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चित्र नहीं लगाया परन्तु उन्होंने आखिर राष्ट्रपति का चित्र क्यों नहीं लगाया गया?

जहाँ तक सवाल है तत्कालीन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा मात्र चित्र लगाकर बाबासाहेब अंबेडकर और भगत सिंह को सम्मान दिये जाने का, तो यदि अरविंद केजरीवाल के वक्तव्यों पर नजर डालें तो केजरीवाल की बातें तो इन नेताओं के मूल विचारों के बिल्कुल विरुद्ध हैं। मिसाल के तौर पर अरविंद केजरीवाल ने 27 अक्टूबर 2022 को मुख्यमंत्री के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखे एक पत्र के माध्यम से यह मांग की थी कि भारतीय नोटों पर गांधी जी के साथ-साथ लक्ष्मी-गणेश की तस्वीर भी छपे। उनका कहना था कि इससे देश की अर्थव्यवस्था को भगवान का आशीर्वाद मिलेगा। विघ्नहर्ता का आशीर्वाद होगा तो अर्थव्यवस्था सुधर जाएगी। इसलिए मेरी केंद्र सरकार से अपील है कि भारतीय करेंसी के ऊपर लक्ष्मी गणेश की तस्वीर छापें। क्या केजरीवाल का यह सुझाव बाबासाहेब अंबेडकर और भगत सिंह जैसे महापुरुषों के विचार सम्मत है? किसी का चित्र लगाने का अर्थ आखिर क्या होता है? केवल उस महापुरुष के समर्थकों या उनके समुदाय को खुश करना या उनके आदर्शों को मानना व उनपर चलना? बाबासाहेब अंबेडकर और भगत सिंह के जीवन की कौन सी शिक्षा है जिसने केजरीवाल को इस बात के लिये प्रेरित किया कि उन्होंने प्रधानमंत्री को उपरोक्त सलाह दे डाली। वह भी स्वयं एक शिक्षित व राजस्व सेवाओं के अधिकारी होने के बावजूद। हद तो यह है कि प्रधानमंत्री को यह पत्र लिखते समय केजरीवाल ने यह भी लिहा था कि यह देश के 130 करोड़ लोगों की इच्छा है कि भारतीय करेंसी पर एक ओर महात्मा गांधी व दूसरी ओर लक्ष्मी-गणेश जी की तस्वीर भी लगाई जाए। केजरीवाल ने 130 करोड़ लोगों का प्रतिनिधि होने के नाते नहीं बल्कि सही मायने में देश के बहुसंख्य समाज को वरगलाने के लिये ही तस्वीर की सियासत यह शगूफा छोड़ा था।

इसी तरह विधान सभा चुनावों की घोषणा से पूर्व दिसंबर 2024 में दिल्ली में अरविंद केजरीवाल ने एक और ऐसी ही चुनावी फुलझड़ी छोड़ते हुये यह घोषणा कर डाली कि आम आदमी पार्टी के चुनाव जीतने पर मंदिरों के पुजारियों और गुरुद्वारों के ग्रंथियों को 18 हजार रुपए प्रति माह की सम्मान राशि दी जाएगी। केजरीवाल ने इसे पुजारी-ग्रंथी सम्मान योजना का नाम दिया। इस घोषणा की आलोचना करते हुये भाजपा ने उसी समय यह जवाब दिया था कि चुनावी हिंदू केजरीवाल ने मंदिर और गुरुद्वारों के बाहर शराब के ठेके खोले हैं और उनकी पूरी राजनीति हिंदू विरोधी रही है। यहाँ भी यही सवाल है कि क्या पुजारी-ग्रंथी सम्मान योजना की घोषणा बाबासाहेब अंबेडकर और भगत सिंह जैसे महापुरुषों की सोच के अनुरूप थी जिनके चित्र उन्होंने अपने कुर्सी के पीछे लगा रखे थे?

भाजपा भी इसी तरह गांधी व बाबासाहेब अंबेडकर व भगत सिंह जैसे आदर्श पुरुषों के केवल चित्र लगाकर या उनपर खास अवसरों पर माल्यार्पण कर उनके प्रति अपने आदर व सम्मान का दिखावा तो जरूर करती है परन्तु हकीकत में वह भी दिखावा मात्र ही है। अन्यथा घोर हिंदुत्ववादी राजनीति का गांधी व बाबासाहेब आंबेडकर व भगत सिंह जैसे महान देशभक्त मानवतावादी नेताओं से क्या लेना देना? यह तो धर्म और राजनीति के ऐसे घालमेल को ही विध्वंसक मानते थे। कहना गलत नहीं होगा की इसी तस्वीर की सियासत ने ही देश की सियासत की तस्वीर को बदनुमा कर डाला है जिसकी भरपाई महात्मा गांधी व बाबासाहेब , व भगत सिंह जैसे आदर्श पुरुषों के केवल चित्र लगाकर या उन की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर नहीं बल्कि केवल सच्चे मन से उनके बताये हुये रास्तों व उनके आदर्शों पर चलकर ही की जा सकती है?

(यह लेखिका के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)

## संपादकीय

### अधिकार क्षेत्र की बात

दोषी करार दिए गए नेताओं पर आजीवन प्रतिबंध लगाने वाली याचिका का केंद्र सरकार ने विरोध किया है। सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हलफनामे में सरकार ने कहा आजीवन प्रतिबंध लगाना उपयुक्त होगा या नहीं, यह पूरी तरह संसद के अधिकार क्षेत्र में आता है। केंद्र का कहना है, याचिका में जो अनुरोध किया गया है वह विधान को फिर से लिखने या संसद को विशेष तरीके से कानून बनाने का निर्देश देने सरीखा है। दागी नेताओं के बचाव में मोदी सरकार यूं ही नहीं नजर आ रही। उसके 39 फीसद मंत्री भी दागी हैं। 2009 की लोक सभा में केवल 30 फीसद दागी नेता थे, जबकि 2024 में यह बढ़कर 46 फीसद हो चुका है। 251 सांसदों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें भी 27 सांसदों को अदालतों द्वारा दोषी करार दिया जा चुका है। केरल, तेलंगाना, ओड़िसा के 95, 82, 76 फीसद दागी हैं तो झारखंड़, बिहार व बंगाल के 71, 53, 52 फीसद दागी सांसद हैं। उप्र, हिमाचल व महाराष्ट्र के आधे यानी 50 फीसद सांसद दोषी हैं। बहरहाल, जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा8(1) के तहत अयोग्यता की अवधि दोषसिद्धि की तारीख से छह साल या कारावास के मामले में रिहाई की तारीख से छह साल है। शीर्ष अदालत के समक्ष आने वाले दोषी नेताओं के मसलों पर हमेशा यह सवाल खड़ा होता है। पारदर्शिता, भ्रष्टाचार मुक्ति व पक्षपात के खिलाफ बढ़-चढ़कर बोलने वाली मोदी सरकार दागियों को पार्टी में शामिल करने, उन्हें टिकट देने और मंत्री बनाने में तनिक हिचकती नहीं नजर आती। गंभीर मामलों के दोषियों को माननीय का चोला ओढ़ाने में सरकार की भूमिका स्पष्ट है। देश भर के राजनीतिक दलों का यही हाल है। यही कारण है, इस गंभीर बात पर कोई चीख-चिल्लाहट नहीं मचती। राजनीति में स्वच्छ छवि वालों का टोटा होता जा रहा है। हालांकि सिर्फ राजनीतिक कीचड़. उछालने के लिए छद्म आरोपों का भी कम इस्तेमाल नहीं किया जाता है। मगर त्वरित आरोपों को सुलझाने की व्यवस्था भी की जा सकती है। कानून बनाने वाले सम्मानियों का दोषमुक्त नजर आना बेहद जरूरी है। लोकतंत्र का अर्थ यह कदापि नहीं होना चाहिए कि सजायाफ्ताओं को देशवासी सम्मान देने को मजबूर हों। संसद का अधिकार क्षेत्र सर्वोपरि है मगर सांसदों के चरित्र और दोषमुक्त होने के प्रति जवाबदेही राजनीतिक दलों की होनी चाहिए।



## सूक्ति

शिक्षा किसी घड़े को भरने जैसा नहीं है यह तो अग्नि प्रज्वलित करने के समान है
- डब्ल्यू बी. बीट्स

बड़ा सोचें, जल्दी सोचें, आगे सोचे विचारों पर किसी का एकाधिकार नहीं है
- धीरूभाई अंबानी

## चिंतन-मनन

### दीर्घजीवी होती है विनम्रता

एक साधु बहुत बूढ़े हो गए थे। उनके जीवन का आखिरी क्षण आ पहुंचा। आखिरी क्षणों में उन्होंने अपने शिष्यों और चेलों को पास बुलाया। जब सब उनके पास आ गए, तब उन्होंने अपना पोपला मुंह पूरा खोल दिया और शिष्यों से बोले- 'देखो, मेरे मुंह में कितने दांत बच गए हैं?' शिष्यों ने उनके मुंह की ओर देखा। कुछ टटोलते हुए वे लगभग एक स्वर में बोल उठे- 'महाराज आपका तो एक भी दांत शेष नहीं बचा। शायद कई वर्षों से आपका एक भी दांत नहीं है' साधु बोले-'देखो, मेरी जीभ तो बची हुई है' सबने उत्तर दिया- 'हां, आपकी जीभ अवश्य बची हुई है'

इस पर साधू ने कहा- 'पर यह हुआ कैसे? मेरे जन्म के समय जीभ थी और आज मैं यह चोला छोड़ रहा हूं तो भी यह जीभ बची हुई है। ये दांत पीछे पैदा हुए, ये जीभ से पहले कैसे विदा हो गए? इसका क्या कारण है, कभी सोचा?' शिष्यों ने उत्तर दिया-ह्यहमें मालूम नहीं। महाराज, आप ही बतलाइए' उस समय मृदु आवाज में संत ने समझाया - यही रहस्य बताने के लिए मैंने तुम सबको इस बेला में बुलाया है। इस जीभ में माधुर्य था, मृदुता थी और खुद भी कोमल थी, इसलिए वह आज भी मेरे पास है, परंतु मेरे दांतों में शुरू से ही कठोरता थी, इसलिए वे पीछे आकर भी पहले खत्म हो गए, अपनी कठोरता के कारण ही ये दीर्घजीवी नहीं हो सके। दीर्घजीवी होना चाहते हो तो कठोरता छोड़ो और विनम्रता सेखो।

# मिसाल नहीं, मशाल बनें


ललित गर्ग

दुनिया में भेदभाव की ऊंची-ऊंची दीवारों पर अमानवीयता, छूआछूत, अन्याय, शोषण, उत्पीड़न के काले अध्याय लिखे हैं, इनके खिलाफ लड़ाई के लिए बहुआयामी, उदार एवं मानवीय दृष्टिकोण की आवश्यकता है जो मूल कारणों एवं जड़ों पर प्रहार करते हुए सामाजिक-राजनैतिक मानदंडों को चुनौती दे और पहचान के विभिन्न आयामों में समावेशिता और समानता को बढ़ावा दे। भेदभाव के विभिन्न रूपों के बारे में जागरूकता और समझ को बढ़ावा देकर, हम सभी के लिए एक अधिक न्यायपूर्ण और समतापूर्ण दुनिया बनाने की दिशा में काम कर सकते हैं। इसी उद्देश्य से संयुक्त राष्ट्र (यूएन) और अन्य अंतरराष्ट्रीय संगठनों द्वारा प्रत्येक वर्ष 1 मार्च शून्य भेदभाव दिवस मनाया जाता है, जो कोई प्रतीकात्मक उत्सव नहीं है, बल्कि सीमाओं, संस्कृतियों और समुदायों के बीच समानता की एक शक्तिशाली घोषणा है, इसे मिसाल नहीं, मशाल बनाना होगा। यह निष्पक्षता, समानता और सभी के लिए सम्मान के लिए लड़ने की अटूट प्रतिबद्धता को दशार्ता है। शून्य भेदभाव दिवस-2025 की थीम है ह्यहम एक साथ खड़े हैंह्ण इसके द्वारा जातिवाद, रंगवाद, नस्लवाद, भाषावाद आदि विषमता एवं विसंगतिमूलक व्यवस्थाओं एवं सोच की जड़े हिलाई गयी है। दुनियाभर में इस क्रांतिकारी अभियान का मुक्तभाव से स्वागत हो रहा है।

इक्कींसवी सदी का आदमी हवा में उड़ने लगा है, चांद पर चहलकदमी करने लगा है, ग्रह-नक्षत्रों की दुनिया में झांकने लगा है, यंत्र मानव का निर्माण करने लगा है, अपनी अधिकांश समस्याओं का समाधान कम्प्यूटर-कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) से पाने लगा है, लेकिन इंसान इंसान के बीच के भेदभाव को मिटाने की दिशा में अभी भी यथोचित सफलता नहीं मिली है। यही कारण है कि नस्लीय, लैंगिक, जातीय, भाषायी भेदभाव खड़े हैं। नस्लीय भेदभाव एक गहरा मुद्दा बना हुआ है जो अल्पसंख्यक समूहों को प्रभावित करता है। रूढ़िवादिता, पूर्वाग्रह और प्रणालीगत नस्लवाद असमान अवसरों, संसाधनों तक सीमित पहुंच और शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य सेवा में व्यापक असमानताओं का बड़ा कारण हैं। इसी तरह लैंगिक पूर्वाग्रह और रूढ़िवादिता भेदभाव को बढ़ावा देती है, जिससे महिलाओं को अक्सर वेतन में अंतर, सीमित करियर उन्नति और सामाजिक अपेक्षाओं का सामना करना पड़ता है जो उन्हें पारंपरिक भूमिकाओं तक सीमित कर देती हैं, जिससे उनकी स्वतंत्रता और क्षमता सीमित हो जाती है। उम्र के आधार पर भेदभाव युवा और बुजुर्ग दोनों को प्रभावित करता है। विभिन्न अध्ययनों और रिपोर्टों से वैश्विक स्तर पर संस्कृतियों एवं समाजों में भेदभाव के बारे में चिंताजनक आंकड़े मिलते है। भेदभाव के दुष्परिणाम व्यक्तिगत अनुभवों से कहीं आगे तक फैले हुए हैं, जो पूरे समुदाय को नकारात्मक रूप से प्रभावित करते हैं। भेदभाव सामाजिक और आर्थिक असमानताओं को बढ़ावा देता है, जिससे पीढ़ियों तक नुकसान का चक्र चलता रहता है। जैसे-जैसे शून्य भेदभाव दिवस आंदोलन ने गति पकड़ी, भेदभाव के खिलाफ लड़ाई में मील के पत्थर हासिल होते गए, जिससे अधिक समावेशी भविष्य की उम्मीद जगी है।

महात्मा गांधी ने भारत में भेदभाव, ऊंच-नीच, छूआछूत की अमानवीता को न केवल धोया, बल्कि एक अधिक समानता एवं समतापूर्ण आदर्श-समाज व्यवस्था की नींव रखी। अगर गांधी ने अछूतोद्धार आन्दोलन नहीं चलाया होता, उनके कल्याण के लिए संघर्ष नहीं किया होता, उनकी बस्ती मे उनके साथ जाकर नहीं रहे होते तो ये हरिजन आज हीन एवं दीन ही बने रहते। जब गांधी के गुजरात का प्रमुख शहर, हीरों का विश्वभर में निर्यात करने वाला सूरत गन्दगी से सड़कर ह्यप्लेगह्ण से जूझ रहा था, तब देश के सबसे बड़े प्रान्त उत्तर प्रदेश में आन्दोलनकारियों पर गोली चलाई गई। जिसने राजघाट में सोयी उस आत्मा को पीड़ा से भर दिया। गांधी ने एक मुट्ठी भर नमक उठाया और करोड़ों लोगों ने मुट्ठियां तान दी थीं। चर्खे पर खादी का धागा काता और विदेशी कपड़ों की होली हर चौराहे पर जला दी। ह्यकरो या मरोह्ण का नारा दिया और कितने ही वकील, डॉक्टर, अध्यापक, व्यापारी अपना पेशा छोड़कर मैदान में कूद पड़े। ऐसा चरित्र आज कहां? उनका व्यक्तित्व सुन्दर चमड़ी का नहीं था, उनकी छवि विदेशी कपड़ों से नहीं थी, उनके विचार आयात किए हुए नहीं थे। एक दुबला, पतला, लंगोटीधारी, जो भारत की धरती के लोगों के हृदय की भाषा बोलता था और इंसान इंसान को बांटने वाली हर दीवार को और हर भेदभाव को मिटाता चला गया। आज तो नेता समस्याओं को सड़ा रहे हैं-- समाधान नहीं दे रहे हैं। लोगों का विश्वास टूट रहा है।

भेदभाव के खिलाफ लड़ाई गांधी जैसे अनेक विश्व व्यक्तित्वों के अथक प्रयासों से प्रेरित हैं, जिनकी न्याय और समानता के प्रति प्रतिबद्धता ने वैश्विक मंच पर एक अमिट छाप छोड़ी है। उन्होंने सामाजिक मानदंडों को चुनौती देने, हाशिए पर पड़े समुदायों के लिए आवाज उठाने और बदलाव को प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। ऐसी ही एक प्रतिष्ठित हस्ती हैं नेल्सन मंडेला, जिनकी दक्षिण अफ्रीका में रंगभेद को खत्म करने के लिए आजीवन प्रतिबद्धता उत्पीड़न के खिलाफ लचीलेपन का प्रतीक है। लड़कियों की शिक्षा के लिए निडर योद्धा मलाला यूसुफजई तालिबान द्वारा हत्या के प्रयास से बचने के बाद एक प्रमुख व्यक्ति के रूप में उभरीं। सभी के लिए शिक्षा के प्रति मलाला के अटूट समर्पण और लैंगिक समानता के लिए उनके अथक प्रयास ने उन्हें 17 साल की उम्र में नोबेल शांति पुरस्कार दिलाया, जिससे वह इतिहास में सबसे कम उम्र की पुरस्कार प्राप्तकताओं में से एक बन गईं। हार्वे मिल्क ने पहले खुले तौर पर समलैंगिक सार्वजनिक अधिकारी के रूप में कैलिफोर्निया में समलैंगिकों के अधिकारों की व्यापक दृश्यता और स्वीकृति का मार्ग प्रशस्त किया। मिल्क की साहसी सक्रियता ने समलैंगिक अधिकार आंदोलन के शुरूआती चरणों में महत्वपूर्ण योगदान दिया। रूथ बेडर गिन्सबर्ग, एक अग्रणी कानूनी विद्वान और सुप्रीम कोर्ट की न्यायाधीश, ने अपना करियर लैंगिक भेदभाव से लड़ने के लिए समर्पित कर दिया। उनके अभूतपूर्व काम और ऐतिहासिक कानूनी फैसलों ने महिलाओं के अधिकारों को गहराई से प्रभावित किया है और कानूनी परिदृश्य को आकार देना जारी रखा है। मार्टिन लूथर किंग जूनियर के नागरिक अधिकारों की खोज से लेकर मैल्कम एक्स की नस्लीय न्याय की वकालत और एम्मा गोंजालेज की बंदूक हिंसा के खिलाफ सक्रियता से लेकर ग्रेटा थनबर्ग की जलवायु न्याय की लड़ाई तक, प्रत्येक व्यक्ति ने एक स्थायी विरासत छोड़ी है।

शिक्षा और जागरूकता भेदभाव से निपटने की नींव बनाती है, जो समझ को बढ़ावा देने और गहराई से जड़ जमाए हुए पूर्वाग्रहों को खत्म करने में महत्वपूर्ण है। समाज विभिन्न शैक्षिक स्तरों पर समावेशी पाठ्यक्रम को एकीकृत करके रूढ़िवादिता को चुनौती दे सकता है और सहानुभूति को बढ़ावा दे सकता है। भेदभाव से निपटने के लिए कानूनी और नीतिगत विकास महत्वपूर्ण प्रगति के साथ अधिक समावेशी समाज बनाने के लिए वैश्विक प्रतिबद्धता को दशार्ता है। दुनिया भर की सरकारें और संगठन व्यक्तियों को भेदभाव से बचाने के लिए मजबूत कानून की आवश्यकता को महसूस करते हैं। हाल के वर्षों में हाशिए पर पड़े समूहों की सुरक्षा और समान अवसरों को बढ़ावा देने वाले प्रभावशाली कानून की ओर बदलाव देखा गया है। ये कानून विविधता, निष्पक्ष व्यवहार और भेदभाव को बनाए रखने वाली प्रणालीगत बाधाओं को तोड़ने के महत्व पर जोर देते हैं। भेदभाव के खिलाफ प्रगति के बावजूद, एक संतुलित, समानता एवं समतापूर्ण समाज-निर्माण में महत्वपूर्ण चुनौतियाँ बनी हुई हैं।

# ईवीएमः विवाद का हो जाना चाहिए निपटारा


रजनीश कपूर

अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने पिछले दिनों एक बयान देकर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) पर फिर से सवाल खड़े कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि 'चुनाव के लिए सबसे सुरक्षित माध्यम बैलट पेपर ही है।' ट्रंप ने टेक्नोलॉजी दिग्गज एलन मस्क के साथ हुई बातचीत का हवाला देते हुए कहा कि मस्क का भी यही मानना है कि 'कंप्यूटर वोटिंग के लिए नहीं है।' ट्रंप के बैलेट पेपर के समर्थन के बयान पर भारत में करीब सभी विपक्षी दलों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। कांग्रेस लंबे समय से बैलेट पेपर की वापसी की मांग कर रही है। कांग्रेस समेत कई विपक्षी दल लगातार ईवीएम से चुनाव में हेरफेर का आरोप लगाते रहे हैं। ऐसे में अमेरिका के राष्ट्रपति के बयान ने तो आग में घी डालने का काम किया है।

जब भी कभी देश में चुनाव होते हैं तो ईवीएम फिर से चर्चा में जरूर आती है। चुनाव के बाद सत्ता परिवर्तन होगा या नहीं होगा यह तो नतीजों के बाद ही पता चलता है। परंतु बीते कुछ चुनावों में यह देखा गया है कि इलाक़ेकी जनता की नाराजगी के बावजूद वहां के मौजूदा विधायक या सांसद ने पिछले चुनावों के मुकाबले काफी अधिक संख्या से जीत हासिल की। ऐसे में चुनावी मशीनरी पर सवाल खड़े होना जाहिर सी बात है। जो भी नेता हारता है वो ईवीएम या चुनावी मशीनरी को दोषी ठहराता है। ऐसा नहीं है कि किसी एक दल के नेता ही ईवीएम की गड़बड़ी या उससे छेड़-छाड़ का आरोप लगाते आए हैं। इस बात के अनेकों उदाहरण हैं जहां हर प्रमुख दलों के नेताओं ने कई चुनावों के बाद ईवीएम में गड़बड़ी का आरोप लगाया है। चुनाव आयोग की बात करें तो वो इन आरोपों का शुरू से ही खंडन कर रहा है। आयोग के अनुसार ईवीएम में गड़बड़ी की कोई गुंजाइश ही नहीं है। 1998 में दिल्ली, राजस्थान और मध्य प्रदेश के विधान सभा की कुछ सीटों पर ईवीएम का इस्तेमाल हुआ थाः परंतु 2004 के आम चुनाव में पहली बार हर संसदीय क्षेत्र में ईवीएम का पूरी तरह से इस्तेमाल हुआ। 2009 के चुनावी नतीजों के बाद इसमें गड़बड़ी का आरोप भाजपा द्वारा लगा। गौरतलब है कि दुनिया के 31 देशों में ईवीएम का इस्तेमाल हुआ परंतु खास बात यह है कि अधिकतर देशों ने इसमें गड़बड़ी कि शिकायत के बाद वापस बैलट पेपर के जरिये ही चुनाव किए जाने लगे। किसी भी समस्या की शिकायत करने से उसका हल नहीं खोजा जाता, मगर जब शिकायत के साथ समाधान का सुझाव भी दिया जाए तो उस पर गौर करना चाहिए। 2023 में मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्य मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेसी नेता दिग्विजय सिंह ने विधान सभा चुनाव में ईवीएम की गड़बड़ी पर आरोप लगाए और उन्हें रोकने के लिए सुझाव भी दिया। उन्होंने केंद्रीय चुनाव आयोग को सुझाव दिया कि यदि ईवीएम से निकलने वाली पर्ची को मतदाता को दे दिया जाए और इन पर्चियों को अलग से रखी मतपेटी में डाल दिया जाए। तो न सिर्फ मतदाता को इस बात की संतुष्टि हो जाएगी कि उसके द्वार चुने गए उम्मीदवार को ही उसका वोट मिला। मशीनों से किसी भी तरह की छेड़छाड़ नहीं हुई। इसके साथ ही मतगणना के पहले ऐसी किसी भी दस पेटियों के वोट गिन लिए जाएं और बाद में उनका मिलान काउंटिंग यूनिट के साथ कर लिया जाए। यदि नतीजे मेल खाते हैं तो काउंटिंग यूनिट के नतीजे को घोषित कर दिया जाए। सिंह के इस सुझाव पर सोशल मीडिया पर हजारों प्रतिक्रियाएं आई और अधिकतर लोगों ने इस सुझाव को व्यावहारिक माना है। जब भी कभी कोई प्रतियोगिता होती है तो उसका संचालन करने वाले शक के घेरे में न आएं इसलिए उस प्रतियोगिता के हर कृत्य को सार्वजनिक रूप से किया जाता है। आयोजक इस बात पर खास ध्यान देते हैं कि उन पर पक्षपात का आरोप न लगे। इसीलिए जब भी कभी आयोजकों को कोई सुझाव दिए जाते हैं तो यदि वे उन्हें सही लगें तो उसे स्वीकार लेते हैं।

ऐसे में उन पर पक्षपात का आरोप नहीं लगता। ठीक उसी तरह एक स्वस्थ लोकतंत्र में होने वाली सबसे बड़ी प्रतियोगिता चुनाव हैं। उसके आयोजक यानी चुनाव आयोग को उन सभी सुझावों को खुले दिमाग से और निष्पक्षता से लेना चाहिए। चुनाव आयोग एक संविधानिक संस्था है, इसे किसी भी दल या सरकार के प्रति पक्षपात होता दिखाई नहीं देना चाहिए। यदि




चुनाव आयोग ऐसे सुझावों को जनहित में लेती है तो मतदाताओं के बीच भी एक सही संदेश जाएगा, कि चाहे ईवीएम पर गड़बड़ियों के आरोप लगें पर चुनाव आयोग किसी भी दल के साथ पक्षपात नहीं करता। जहां तक ईवीएम पर एक बार फिर से खड़े हुए विवाद की बात है तो सभी राजनैतिक दलों को इस बात को गंभीरता से लेना चाहिए। सभी दलों को एकजुट हो कर अमेरिकी राष्ट्रपति के ताजा बयान के चलते चुनाव आयोग के पास एक प्रस्ताव लेकर जाना चाहिए और विधान सभा चुनाव में ईवीएम के बजाय बैलट पेपर से चुनाव की मांग करनी चाहिए। यदि यह संभव न हो और चुनाव आयोग को ईवीएम की गुणवत्ता और उसकी कार्य पद्धति पर पूरा विभास है तो उसे दिग्विजय सिंह के सुझाव पर एक प्रयोग करा लेना चाहिए। इससे भारत जैसे मजबूत लोकतंत्र को और मजबूती भी मिलेगी।

# जानवरों की दुनिया में भी हैं अच्छे पापा




**बच्चों, जैसे तुम्हारे पापा तुम्हारा ध्यान रखते हैं, जरूरतों को पूरा करते हैं और एक कामयाब इंसान बनने में मदद करते हैं, उसी तरह जीव-जंतुओं की दुनिया में भी अच्छे पापा होते हैं, जो बच्चों के सिर्फ रखवाले ही नहीं होते, बल्कि उन्हें जीने के गुर भी सिखाते हैं।**

## विशाल वॉटर बग

कैलिफोर्निया में पाए जाने वाले वॉटर बग भी एक आदर्श पिता हैं। मां वॉटर बग नर की पीठ पर करीब 150 अंडे देती है। इन अंडों को वह एक प्रकार की गोंद से चिपका देती है, जिससे वे पीठ पर सुरक्षित रहते हैं। पिता वॉटर बग तीन सप्ताह तक अंडों को सहेज कर रखते हैं। गोंद उतरने के डर से इस दौरान वह पानी में भी कम जाते हैं। पानी के बाहर सूरज की गर्मी में उन्हें सेंकते रहते हैं। अंडों का आकार बढ़ने पर भी वह अपनी पीठ से नहीं गिराते। अंडों में से बच्चे निकलने के बाद ही पिता वॉटर बग उन्हें लेकर पानी में जाते हैं। तब भी उनकी जिम्मेदारी खत्म नहीं होती। वह उन्हें फीड कराने के साथ जिंदा रहने के तरीके भी सिखाते हैं।

## कैटफिश

ये मैक्सिको और दक्षिणी फ्लोरिडा की उत्तरी खाड़ी में शीतोष्ण तटों और समुद्री खारे पानी में रहते हैं। पिता कैटफिश तट के पास दरारों में घोंसला बनाते हैं। मां सिर्फ अंडे देती है, उसके बाद पिता अंडों को सेते हैं और पानी बहाव से बचाने के लिए वे उन्हें अपने मुंह में रख लेते हैं। अंडे पिता कैटफिश के मुंह में ही विकसित होते हैं। इन्हें वे कई हफ्तों तक मुंह में रखते हैं, जब तक उनमें से बच्चे न निकल जाएं। अंडों को कोई नुकसान न पहुंचे, इस डर से वे इस दौरान खाना भी नहीं खाते। इससे उनका वजन काफी कम हो जाता है।



## नामाकुआ सैंड ग्रूस

दक्षिण अफ्रीका के कालाहारी रेगिस्तान में पाए जाते हैं ये, जहां बहुत गर्मी होती है और पानी मिलना कठिन होता है। अपने बच्चों को पानी पिलाने के लिए पिता नामाकुआ रोजाना 50 मील का सफर तय करता है। उसके पंख स्पोंज का काम करते हैं। वह अपने पंखों में अपने वजन से ज्यादा करीब 40 मिलीलीटर तक पानी सोख सकता है। सोचो, भारी हुए शरीर से ग्रूस का उड़ान भरना कितना मुश्किल होता होगा। वह तो मीलों दूर उड़ कर वापस लौटता है और अपने बच्चों को पानी पिलाता है। बच्चे उसके पंखों से सीधे पानी पी सकते हैं।

## एंपरर पेंगुइन

ये -40 डिग्री फारेनहाइट तापमान वाले अंटार्कटिक महासागर में रहते हैं। ये अकसर समूह में रहते हैं। मां एंपरर पेंगुइन सर्दियों में चार महीने की गर्भावस्था के दौरान समुद्र से करीब 74 मील का सफर तय कर बर्फीले तट पर आती है। सुरक्षित नेस्टिंग साइट ढूंढ़कर अंडा देती है, जिसे वह पिता की देखरेख में छोड़ कर वापस महासागर में भोजन की तलाश में चली जाती है। अंडे सेने की जिम्मेदारी पिता पेंगुइन की होती है। वह यह काम समूह में एक-दूसरे से सट कर करते हैं, जिससे एक तो बर्फीली हवाओं से उनका बचाव हो जाता है और दूसरे शिकारी से बचाव भी हो जाता है। वे खड़े-खड़े अंडे को अपने पैरों के बीच ऊपर रख कर पंख के फ्लैप से करीब 60 दिन तक सेते हैं। इस बीच वे न तो ठीक से सो पाते हैं और न ही कुछ खा पाते हैं। इससे उनका करीब 25 पौंड वजन कम हो जाता है। अंडे से बाहर आने के बाद भी पिता पेंगुइन अपने बच्चे को मां के आने तक फीड कराते हैं। वे उसे अपने गले की घेंघा ग्रंथियों से निकलने वाले प्रोटीनयुक्त दूधनुमा विशेष लिक्विड खिलाते हैं। बच्चा, मां को सौंपने के बाद ही वे भोजन के लिए जा पाते हैं।





## भेड़िया

भेड़िया इंसानों की तरह जीवन जीते हैं। मांद में मां वुल्फ जब बच्चे को जन्म देती है, तो वह अपने बच्चों के साथ मांद में ही रहती है। पिता वुल्फ, मां और अपने बच्चों के लिए गार्ड का काम करता है। वह मांद के बाहर खड़ा रहता है और मादा के लिए खाना लाता है। जब बच्चे थोड़ा बड़े हो जाते हैं तो पिता उनके साथ खेलते हैं और शिकार करना सिखाते हैं।

## सी हॉर्स

सी हॉर्स एक प्रकार की मछली है। नर सी हॉर्स दुनिया भर में पाए जाने वाले जानवरों में एक ऐसा जीव है, जो एक गर्भवती महिला का रोल अदा करता है। अंडों से बच्चे करीब दो महीने बाद निकलते हैं। यही नहीं, बेबी सी-हॉर्स के वयस्क होने तक पिता ही उन्हें पालते हैं और जीवन जीने के लिए दांव-पेंच सिखाते हैं।



## ग्रेटर हॉर्नबिल

इंडोनेशिया में पाए जाने वाले हॉर्नबिल खोखले पेडम् की कोटर में घोंसला बनाते हैं। इसमें मां हार्नबिल अंडे देती है। अंडे की रक्षा के लिए वह उसे कीचड़ और मल से घोंसले में बंद कर लेती है। खुद वहां रह कर अंडे सेती है। पिता हॉर्नबिल घोंसले के बाहर गार्ड की तरह तैनात रहता है और मादा के खाने का इंतजाम करता है। वह पेड़ की कोटर में बने घोंसले में छोटा-सा छेद कर चोंच से खाना खिलाता है। बच्चे निकलने पर पिता का काम और बढ़ जाता है। वह 4-5 महीने तक बच्चों और मादा के लिए लगातार खाना लाता है। कई बार तो उसे दिन में 6-7 बार खाना लाना पड़ता है। बच्चों के बड़े होने पर घोंसला तोड़ कर बच्चों को बाहर निकालते हैं।



## विशाल डार्विन मेंढ़क

अफ्रीका में रहने वाले मेंढ़क के मुंह में एक बड़ा-सा पाउच होता है। पिता डार्विन मेंढ़क अपने अंडों को इस पाउच में रख लेते हैं, जहां ये अंडे टेडपोल बनने तक सुरक्षित रहते हैं। मुंह में होने पर भी इस पाउच से मेंढ़क को कैटफिश की तरह खाना खाने में कोई दिक्कत नहीं होती। उसका यह पाउच इतना बड़ा होता है कि अंडों से निकले टेडपोल को भी आराम से संभाल लेता है। जब इन टेडपोल की पूंछ खत्म हो जाती है और वे छोटे-से मेंढ़क का रूप ले लेते हैं, तब वे मुंह से कूद कर बाहर आ जाते हैं।





## रिया

शुतुरमुर्ग की तरह दिखने वाला पक्षी रिया दक्षिण अमेरिका में मिलता है। बच्चों के लालन-पालन में पिता रिया ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। नर रिया ही घोंसला बनाते हैं। मां रिया इनमें अंडे देकर चली जाती है। पिता 6 सप्ताह तक अंडे को सेते हैं। पिता ही शिशु रिया को 6 महीने तक फीड कराते हैं, देखभाल करते हैं, उन्हें अपनी पीठ पर बिठा कर एक जगह से दूसरी जगह ले जाते हैं और बड़े होने पर उन्हें अपने दम पर जीवन जीने के गुर सिखाते हैं।



# ऐसे हुआ पेन का जन्म

अपनी सोच, अहसास और इतिहास तक का संग्रह बनाने में सबसे बड़ी भूमिका निभाने वाले औजार का नाम कलम यानी पेन है। इसी कलम की वजह से आज हमें अपने पूर्वजों के बारे में जानकारियां मिली हैं। इसके इतिहास की बात करें तो माना जाता है कि करीब 24,000 बीसी का वक्त रहा होगा जब नुकीले पत्थरों से लिखने का काम दुनिया में आरंभ किया गया। गुफाओं में रहने वाले लोगों ने इन्हीं नुकीले पत्थरों से दीवारों पर चित्रकारियां कीं। इन चित्रों में उनकी जिंदगी की झलक थी। ये चित्रकारी शिकार या खेती पर आधारित थी। नामीबिया व दक्षिण पश्चिम की दीवारों पर मिली पेंटिंग को अब तक की सबसे पुरानी रॉक पेंटिंग माना जा रहा है। कागज के आने से पहले लोग क्ले या मोम के पटल पर तीखे नोक वाली धातु से लिखा करते थे। लगभग 6,000 वर्ष पहले मिस्त्र के लोगों ने पेपर जैसी चीज खोजी। इसका नाम पैपीरस था। यह बुनी हुई चटाई की तरह था, जिसे कूटकर पतले से कड़े कागज का रूप दिया गया। प्राचीन यूनानियों को भी लिखने के लिए इस तरह के कागज के उपयोग के बारे में जाना जाता है। यूनानी इसे जानवरों के चमड़े से बनाते थे। अब लिखने के लिए किसी पटल की जरूरत तो थी ही, साथ में किसी ऐसी चीज जैसे नुकीली धातु या नुकीली हड्डियों से लिखना भी इस तरह कागज पर उचित नहीं था, क्योंकि यह फट सकता था। इसलिए मिस्त्र के लोगों ने रीड पेन का निर्माण किया, जिससे आराम से उनके द्वारा बनाए गए पटल पर बिना किसी खरोंच के शब्दों को उकेरा जा सके। बांस के पौधे के तने से पतले व खोखले हिस्से का उपयोग पटल पर लिखने के लिए किया जाने लगा। इसे ही मिस्त्र के नागरिकों ने बाद में फाउंटेन पेन का शुरुआती रूप दिया। वे इसके एक सिरे को नुकीला बना निब या प्वाइंट का रूप देते थे तथा इसके खोखले हिस्से में स्याही भरकर लिखने का काम करते थे। लिखने के दूसरे औजार के रूप में क्विल पेन यानी किसी पक्षी के पंख से बना पेन भी लंबे समय तक उपयोग में लाया जाता रहा। यह 1,300 वर्ष पहले 700 एडी में अस्तित्व में आया। साधारणतः बत्तख का पंख उपयोग किया जाता था, हंस के पंख उच्च कोटि के थे, जो काफी मुश्किल से मिलने के साथ ही महंगे भी हुआ करते थे। सुंदर चित्रकारी के लिए कौवे का पंख बेहतर माना जाता था, उसके बाद चील, उल्लू व पेरू पक्षी का पंख आया। पर इन पक्षियों के पंख से बने पेन को तैयार करना अपने आप में एक लंबा काम था, जिसमें समय भी लगता था और ये काफी महंगे भी हुआ करते थे। समय के साथ लोगों ने हर क्षेत्र में काफी उन्नति की। साथ ही लेखन क्षेत्र में भी अपनी निर्माण कुशलता दिखाते हुए उन्होंने लेखन के लिए उपयोग में लाए जाने वाले औजार को भी विकसित करने की सोची, जो 19वीं शताब्दी में आधुनिक फाउंटेन पेन के रूप में विकसित हुआ। इसके बाद बॉल पेन आदि बाजार में आए।



# चर्चित योगेंद्र हत्याकांड में 28 साल बाद आया फैसला, 14 दोषियों को उम्रकैद

एजेंसियां

**मधुबनी।** भैरवस्थान थाना क्षेत्र में करीब 28 वर्ष पूर्व चर्चित योगेंद्र हत्या मामले में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनामिका टी के कोर्ट में शुक्रवार को सजा के बिंदु पर सुनवाई हुई। न्यायालय ने दोनों पक्ष के बहस सुनने के बाद आरोपी भैरवस्थान थाना क्षेत्र के झौआ निवासी कमल यादव को दफा 302 भादवि व अन्य 13 आरोपी कुशे यादव, जामुन यादव, प्रमोद यादव, चंदर यादव, महेश यादव, रघुनी यादव, बौअन यादव, विदेश्वर यादव, कारी यादव, ललीत यादव, उत्तीम यादव, सुरेश यादव एवं सूरत यादव को आजीवन सश्रम कारावास की सजा सुनायी। साथ ही प्रत्येक आरोपी पर 10- 10 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। जुर्माने की राशि नही देने पर छह माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। साथ ही अन्य दफा 148 भादवि में प्रत्येक को दो वर्ष कारावास व एक हजार रुपये जुर्माना, दफा 452 भादवि एक वर्ष एक हजार रुपये जुर्माना, वहीं आरोपी चंदर यादव एवं विन्देश्वर यादव को दफा 326/34 भादवि 5 वर्ष कारावास व तीन- तीन हजार रुपये जुर्माना लगाया है। सभी सजाएं साथ साथ चलेंगी। सरकार की ओर से लोक अभियोजक मनोज तिवारी एवं अपर लोक अभियोजक अजित कुमार सिन्हा ने बहस करते हुए कड़ी से कड़ी सजा की मांग की थी। सूचक इतना गंभीर था कि मामले में विचारण के दौरान फैसला के लिए न्यायालय में हमेशा उपस्थित रहता था। कई बार मामला निर्णय पर आने के बाद तकनिकी कारणों से तारीख बढ़ जाती थी। इसी दौरान सूचक नागेश्वर यादव की 10 जून 2024 में निधन हो गया। इसके बाद मामले को उसके पुत्र पवन कुमार यादव ने आगे बढ़ाया।



## पांच अक्टूबर 1997 की है घटना

लोक अभियोजक के अनुसार घटना पांच अक्टूबर 1997 का है। पहले से विवाद को लेकर आरोपित सब पहले से बाहरी लोगों को अपने दरवाजा पर बैठा कर रखा था। इसके बाद सूचक नागेश्वर यादव को संवाद भिजवाया कि विवादित जमीन का पंचायत कर निपटारा करा ले। संवादकर्ता बिरबल यादव व भोस यादव सूचक को संवाद कह ही रहा था कि इसी दौरान सभी आरोपित लाठी, फरसा व हरबे हथियार से लैश नाजायज मजमा बनाकर गाली देते हुए सूचक के दरवाजे पर पहुंच कर घर के छ्प्पर का खर (घास) नोचने लगा। जब सूचक की बहन मना करने लगी तो उसे गड़सा से सिर पर हमला कर दिया। जिससे वह जख्मी हो गयी। इसी दौरान सूचक का भतीजा योगेन्द्र यादव बचाने आया तो सभी आरोपी फरसा व भाला से मारा। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया।

## संक्षिप्त खबरें

### पॉलिटेक्निक की छात्रा ने फांसी लगा कर दी जान

**खगड़िया.** पसराहा थाना क्षेत्र स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज की छात्रा ने हॉस्टल में फंदे से लटककर जान दे दी है। घटना शुक्रवार 11.45 बजे सुबह की है। प्राचार्य डॉ संजीव कुमार ने बताया कि कॉलेज के बालिका छात्रावास रूम नंबर एफ-9 में रहने वाली फाइनल ईयर की छात्रा ने फंदे से लटककर जान दे दी है। घटना की जानकारी पुलिस को दी गयी।

### हथियार व चरस के साथ दो अपराधी गिरफ्तार



**मोतिहारी।** मुफस्सिल थाने के पटखौलिया व पटपरिया से दो अपराधी पकड़े गये हैं। उनकी की निशानदेही पर पुलिस ने पटखौलिया से चरस, देसी पिस्टल व गोली बरामद किया है। अपराधियों की गिरफ्तारी से एक संगठित गिरोह के भंडाफोड़ के साथ चार लूटकांडों का भी खुलासा हुआ है। सदर 2 के डीएसपी जितेश कुमार पांडेय ने बताया कि चंद्रहिया में उज्जीवन स्मॉल बैंक के कर्मी से हथियार के बल पर 1।35 लाख, शहर के मीना बाजार पानी टंकी के पास पूजा मेडिकल के मालिक को गोली मार आभषण तथा बलुआ टाल में एयरटेल पेमेंट बैंक से 1।15 लाख की लूटकांड को इसी गिरोह ने अंजाम दिया था।गिरफ्तार अपराधियों में पटपरिया का आदित्य कुमार सिंह उर्फ रिपू सिंह व पटखौलिया का अमित कुमार ठाकुर शामिल है। दोनों ने लूट की तीनों घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकारी है।

### 20 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**मधुबन (पूचं)।** राजेपुर पुलिस ने लूटकांड में फरार 20 हजार रुपये के इनामी बदमाश पंकज कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार बदमाश मुजफ्फरपुर जिले के मीनापुर थाना क्षेत्र के छितरपट्टी टोला लोनवा गांव के विनोद साह का 25 वर्षीय पुत्र है। इसके विरुद्ध राजेपुर थाने कांड संख्या 80/22 दर्ज है। गिरफ्तारी आरोपी के घर से हुई है। राजेपुर थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि 16 अप्रैल 2022 की शाम तेतरिया बाजार से मधुबन थाना क्षेत्र के लहलादपुर स्थित घर जा रहे जितेंद्र कुमार को रोककर बदमाशों ने हथियार के बल पर मोबाइल, 18 हजार कैश, सोने का हनुमानी लूट लिये था। बाइक सवार दो अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया था।

### करंट से भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष के पुत्र की मौत

**मोरवा (समस्तीपुर)।** प्रखंड क्षेत्र की निकसपुर पंचायत में एक युवक की मौत बिजली का करंट लगने से हो गयी। मृतक भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रेम कुमार दास का इकलौता बेटा राकेश कुमार था। वह खेत में आलू खुदवाने के लिए गया था, जहां बिजली का तार गिरे होने के कारण यह हादसा हुआ। वह दिल्ली में रहकर टेक्निकल पढ़ाई करता था। कुछ दिन पहले ही घर आया था। खेत में तार गिरे होने की जानकारी उसे नहीं थी। जैसे ही खेत में गया, तार की चपेट में आ गया। काफी देर बाद जब वह घर नहीं लौटा, तो खोजबीन शुरू हुई। इसी क्रम में लाश को खेत में मिली।

### दो बाइकों की टक्कर में तीन लोग हुए घायल

**सोनवर्षाराज (सहरसा)।** थाना क्षेत्र के एनएच पर शुक्रवार की शाम दो बाइकों की की टक्कर में तीन युवक घायल हो गये। घायलों में एक युवक की स्थिति देख सीएचसी में इलाज बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। शुक्रवार शाम नगर पंचायत के रजवाड़ा गांव निवासी पंकज कुमार सिंह रिश्तेदार मनीष कुमार के साथ बाइक से सोनवर्षाराज बाजार से घर लौट रहा था। इस दौरान सामने से आ रही अनियंत्रित बाइक से टकरा गयी।

## नेपाल और बिहार में महसूस किए गए भूकंप के तेज झटके

**पटना।** फरवरी के महीने में दिल्ली, असम, गाजियाबाद, बंगाल की खाड़ी में भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप के इन झटकों ने हर किसी को डरा दिया। इन भूकंप का डर लोगों के जेहन से निकलने से पहले ही नेपाल और पाकिस्तान में भी भूकंप आ गया, जिससे लोग और सहम गए। भूकंप के झटके नेपाल के अलावा बिहार के कई जिलों में भी महसूस किए गए। जहां नेपाल में आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.5 रही। वहीं शुक्रवार की सुबह 05.14 बजे पाकिस्तान में आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.5 थी। नेपाल और पाकिस्तान में आए भूकंप ने भारत के लोगों को फिर से डरा दिया है। नेपाल के भूकंप की खबर जैसे ही लोगों तक पहुंची वैसे ही लोगों को नेपाल के उस विनाशकारी भूकंप की याद आ गई, जिसने नेपाल में भारी तबाही मचाई थी। नेपाल में आए भूकंप का केंद्र बागमती था। हालांकि राहत की बात ये है कि अभी तक भूकंप के कारण जान-माल का किसी प्रकार का नुकसान होने की कोई खबर नहीं मिली है।

## पानी लोड टैंकर से कुचल कर युवक की मौत, सड़क जाम



**कल्याणपुर (समस्तीपुर)।** निर्माणाधीन सिक्स लेन होकर शुक्रवार को खेत देखने जा रहे बाइक सवार युवक को शिवनंदपुर सिमाना के निकट पानी लोड टैंकर ने कुचल दिया। घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि दूसरे का इलाज जारी है। मृत युवक की पहचान थाना क्षेत्र के वासुदेवपुर गांव निवासी रमेश शर्मा के 18 वर्षीय पुत्र आशु कुमार के रूप में बतायी गयी है। वहीं घायल की पहचान मृतक के फुफेरे भाई बंगरा थाना क्षेत्र के सरसौना गांव निवासी संजय शर्मा के 19 वर्षीय पुत्र छोटू कुमार के रूप में हुई है। घटना के बाद चालक वाहन छोड़ कर मौके से फरार हो गया। आक्रोशित लोगों ने टैंकर को बीच सड़क पर लगा कर समस्तीपुर-दरभंगा मुख्य मार्ग को वासुदेवपुर कुशवाहा चौक के समीप जाम कर दिया। लोग मृतक के परिजनों को मुआवजा व निर्माण कंपनी पर हत्या की प्राथमिकी दर्ज करने की मांग पर अड़े थे।

## मधेपुरा में चोरों ने सात लाख के जेवरात व नकद उड़ाये

**सिंहेश्वर (मधेपुरा)।** सिंहेश्वर थाना क्षेत्र के कलवारा पेट्रोल पंप के पास स्थित एक घर में गुरुवार की रात्रि चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों ने सात लाख के जेवरात व 70 हजार रुपया चुरा लिये। पीड़ित कलवारा सिंहेश्वर वार्ड 12 निवासी लल्लू यादव ने बताया कि मेडिकल इमरजेंसी के कारण सपरिवार मधेपुरा गये थे। उनके ससुर पूर्व विधायक परमेश्वरी प्रसाद निराला की तबीयत खराब थी। उन्हीं को देखने मधेपुरा गये थे। रात होने के कारण मधेपुरा में ही रुक गये। दूसरे दिन घर पहुंचने पर पता चला कि घर में चोरी हो गयी है। चोरों ने गोदरेज तोड़कर 70 हजार नकद व सात लाख रुपये के जेवरात चुरा लिये।

## 14 लोगों को बचानेवाले पटोरी के नेत्रहीन भुल्ला सहनी को मुख्यमंत्री ने दिया वीरता पुरस्कार

**शाहपुर पटोरी (समस्तीपुर)।** प्रखंड के चकसाहो स्थित दुमदुमा गांव के भुल्ला सहनी को सीएम नीतीश कुमार ने पटना में वीरता पुरस्कार देकर सम्मानित किया है। वार्ड 9 निवासी कैलू सहनी के मंझले पुत्र भुल्ला सहनी नेत्रहीन होने के बावजूद अब तक 27 से अधिक डूबते लोगों को पानी से निकाला है, जिसमें 14 लोगों की जान बचाकर मिसाल स्थापित की है।

35 वर्षीय भुल्ला के आंखों की रोशनी नगण्य है। बावजूद इसके भुल्ला ने बिना अपनी जान की परवाह किए लोगों को डूबने से बचाते हैं। भुल्ला सहनी को पटना में पुलिस सप्ताह कार्यक्रम के तहत सीएम ने वीरता पुरस्कार दिया और नागरिक प्रशस्ति पत्र तथा दस हजार रुपये का चेक प्रदान कर सम्मानित किया। यह पुरस्कार निर्भीकता पूर्वक नदी में छलांग लगाकर लोगों की जान बचाने के लिए दिया गया है। भुल्ला सहनी इस काम को लगभग 10 वर्ष की आयु से कर रहा है। अब तक उसने 27 लोगों को बाहर निकाला है, जो किसी भी दिव्यांग के लिए न सिर्फ आश्चर्यजनक है बल्कि नामुमकिन भी। वह नहीं देख सकता किन्तु पानी में दूर-दूर तक उसे दिखाई देता है। भुल्ला सहनी का मुख्य पेशा ठेले पर झाल- मूढ़ी बेचना है। किंतु कहीं पर भी कोई लोग डूब रहा हो तो भुल्ला नहीं रुकता।



## पेज एक का शेष

### हाईस्कूल शिक्षक नियुक्ति को...

उनका चयन मेरिट लिस्ट में हो गया था, लेकिन सूचना नहीं मिलने के कारण वह अंतिम चयन प्रक्रिया में शामिल नहीं हो सके और आयोग ने उन्हें नियुक्ति से वंचित कर दिया।

प्रार्थियों की दलील थी कि आयोग के एसएमएस और ई-मेल से भी मेरिट लिस्ट भेज कर जानकारी दी जानी चाहिए थी। पूर्व में एसएमएस से ऐसी जानकारी दी जाती थी। आयोग की ओर से बहस करते हुए महाधिवक्ता राजीव रंजन और अधिवक्ता संजय पिपरावाल ने अदालत को बताया था कि सोनी कुमारी मामले में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आलोक में मेरिट लिस्ट जारी की गई है। आयोग ने इस संबंध में नोटिस जारी करते हुए यह स्पष्ट कहा था कि मेरिट लिस्ट आयोग की वेबसाइट पर ही उपलब्ध रहेगी। प्रार्थियों ने आयोग की वेबसाइट नहीं देखी, तो यह प्रार्थियों की गलती है न की आयोग की।

पलामू जिले के टीजीटी को पांच माह से वेतन नहीं, कोर्ट नाराज : वहीं, दूसरी ओर पलामू जिले के प्रशिक्षित स्नातक शिक्षकों (टीजीटी) को पिछले पांच माह से वेतन भुगतान नहीं किए जाने पर हाईकोर्ट ने नाराजगी जताई है और सरकार से जवाब तलब किया है। कोर्ट ने शुक्रवार को सरकार को जवाब दाखिल कर यह बताने को कहा कि इन शिक्षकों का कितने माह से वेतन बकाया है और भुगतान क्यों नहीं किया जा रहा है। मामले की अगली सुनवाई अगले सप्ताह होगी। झारखंड माध्यमिक शिक्षक संघ पलामू इकाई ने याचिका दायर की है। प्रार्थियों का पक्ष रखते हुए अधिवक्ता अमृतांश वत्स ने अदालत को बताया कि पलामू जिले के विभिन्न स्कूलों में टीजीटी शिक्षक कार्यरत हैं। शिक्षकों को पांच-छह साल से वेतन नहीं मिला है। वेतन नहीं मिलने का कारण आवंटन नहीं होना बताया जा रहा है। वेतन नहीं मिलने से शिक्षकों के समक्ष आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है।

### बच्चों के समग्र...

डिजिटल शैक्षिक सामग्रियों का इस्तेमाल हो रहा है। ऑनलाइन कोचिंग क्लासेज चल रहे हैं। ऐसे में अगर हमारे बच्चे अगर डिजिटल फ्रेंडली नहीं होंगे तो उनके आगे की राह आसान नहीं होगी। उन्हें हर कदम पर कई चुनौतियां एवं परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। इसी बात को ध्यान में रखकर सरकार ने सरकारी विद्यालयों में पढ़ रहे बच्चों को गुणवत्ता युक्त शिक्षा देने और डिजिटल रूप से उन्हें मजबूत करने करने के अभियान में जुट गई है। बच्चों का समग्र विकास हमारी सरकार प्रतिबद्धता है। इस अवसर पर उन्होंने गुणवत्तायुक्त शिक्षा संवर्धन के लिए विद्यालय रिपोर्ट कार्ड एवं शिक्षकों के लिए 50 घंटे का अनिवार्य समेकित- सतत क्षमता विकास कार्यक्रम का भी ऑनलाइन शुभारंभ किया।

**मोबाइल में सिमट गई है दुनिया** : मुख्यमंत्री ने कहा कि तकनीक में आज तेजी से बदलाव हो रहा है। आपकी मुट्ठी में मोबाइल है। उस मोबाइल में सारी दुनिया सिमट गई है। अब आपको ना को पर्स लेकर चलने की जरूरत है और ना ही कैश। आप अपने मोबाइल फोन के माध्यम से अपनी जरूरत को पूरा करने के साथ तमाम जानकारियां हासिल कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि हर चीज की सकारात्मक और नकारात्मक पहलू होते हैं। मोबाइल फोन भी इससे अच्छा नहीं है,लेकिन यह आप पर निर्भर करता है कि इसका इस्तेमाल किस रूप में करते हैं। अगर आप इसका सदुपयोग करेंगे तो निश्चित रूप से उन्नति के राह पर आगे बढ़ेंगे। बच्चों से कहा कि वे इस डिजिटल जमाने में कहां खड़े हैं और दुनिया कहां पहुंच चुकी है उसका आकलन करते हुए आगे बढ़ाने की दिशा में कदम बढ़ाएं।

**बच्चों को प्रोत्साहित कर रही है सरकार** : मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के होनहार बच्चों को विभिन्न माध्यम से प्रोत्साहित कर रही है ताकि वे आगे बढ़ सकें। आज जैक के साथ सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड के टॉपर्स को प्रोत्साहन राशि के साथ लैपटॉप और मोबाइल फोन दिया जा रहा है। वहीं, राज्य सरकार अपने खर्चे पर यहां के गरीब और होनहार विद्यार्थियों को विदेश में पढ़ने का मौका दे रही है। इसके अलावा अनेक ऐसी योजनाएं हैं, जिनके माध्यम से विद्यार्थियों को आगे बढ़नी एवं उनके भविष्य को संवारने का काम हो रहा है।

**पंचायतों में नेटवर्क कनेक्टिविटी मजबूत होगा** : मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में डिजिटल सेवाओं के प्रभावित होने की बात बार-बार सामने आती है। डिजिटल कनेक्टिविटी की समस्या से तमाम प्रकार के कार्यों एवं सेवाओं में बाधा उत्पन्न होती है, जिससे लोगों को काफी परेशानियां होती है। ऐसे में सरकार सभी पंचायतों में मोबाइल टावर स्थापित करने की दिशा में कदम बढ़ाएगी ताकि डिजिटल माध्यम से होने वाले सभी सरकारी कार्य सुचारू, सरल एवं सुविधाजनक तरीके से संचालित हो सके।

शिक्षा मंत्री सहित ये अधिकारी भी मौजूद : इस अवसर पर मंत्री रामदास सोरेन, मुख्य सचिव श्रीमती अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, शिक्षा सचिव उमा शंकर सिंह एवं झारखंड राज्य शिक्षा परियोजना परिषद के निदेशक शशि रंजन मौजूद थे।

### सीएम हेमंत सोरेन...

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने संबोधन में कहा, झारखंड सरकार राज्य के विभिन्न समस्याओं को जड़ से खत्म करने का प्रयास कर रही है। आज के समय में हर व्यक्ति स्वास्थ्य संबंधी विषयों से परेशान है। कोई शुगर से ग्रसित है, तो कोई ब्लड प्रेशर से। जीवन अस्पताल और दवा से ही चल रहा है। पुराने वैद और झाड़ फूक ओझा वाला समय बीत गया। ऐसे में एक ऐसी योजना लाई गयी, जिससे काफी मदद पहुंचेगी।

स्वास्थ्य बीमा योजना के उद्घाटन समारोह के दौरान राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि स्वास्थ्य बीमा जैसी प्रभावशाली योजना को लागू करने में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का अहम योगदान है। यह दर्शाता है राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने राज्यवासियों के हित के लिए कार्य करने को अग्रसर हैं।

**राज्यकर्मियों के अलावा इन लोगों को भी मिलेगा लाभ** : प्राप्त जानकारी के अनुसार, राज्यकर्मियों के अलावा जो पेंशनर हैं। साथ ही साथ विधानसभा के सदस्य, पूर्व सदस्य, विश्वविद्यालय के शिक्षक और कर्मियों को भी पांच लाख रुपये तक का इलाज मुफ्त में होगा। इसके अलावा गंभीर बीमारियों की स्थिति में कुल 10 लाख रुपये तक चिकित्सा व्यय का वहन भी किया जाएगा। वहीं, विशेष परिस्थितियों में लाभुकों को एयर एंबुलेंस की भी सुविधा उपलब्ध करवायी जाएगी।

### झारखंड में प्रति..

वर्ष 2019-20 में राज्य का जीएसडीपी देश के वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद का 1.59% था जो वर्ष 2023- 24 में बढ़कर 1.64% हो गया।

**राजकोषीय घाटा भी लगातार बढ़ा** : रिपोर्ट के अनुसार राजकोषीय घाटा भी लगातार बढ़ा है। वर्ष 2023-24 में राज्य का राजकोषीय घाटा राज्य के जीएसडीपी का सिर्फ 1.4% था, लेकिन चालू वित्तीय वर्ष में या जीएसडीपी का 1.9% रहने का अनुमान है। हालांकि पिछले 5 वर्षों में यानी 2018-19 से लेकर 2023-24 में राज्य के राजस्व प्राप्तियां औसतन 9.4% की वार्षिक दर से बढ़ी है। राज्य अपने संसाधन के जरिए आय बढ़ाने में सफल रहा है। जिसके तहत औसतन 12.5% की वार्षिक दर से वृद्धि हुई है। रिपोर्ट के अनुसार चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में 1,10,800 करोड़ रुपये राजस्व प्राप्ति का अनुमान है। चालू वित्तीय वर्ष में कर राजस्व से 74,538.22 करोड़ और गैर कर राजस्व से 36261.8 करोड़ रुपये की प्राप्ति होने का अनुमान लगाया गया है।

वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि जो इकोनामिक सर्वे है वह झारखंड के एकदम फैक्ट पर आधारित है, जो वास्तविकता है। इस राज्य की आर्थिक सामाजिक स्थिति है, उसका उल्लेख आर्थिक सर्वे में किया गया है। आप देखेंगे कि रेवेन्यू एक्सपेंडिचर और रेवेन्यू कलेक्शन हेमंत सोरेन जी के विगत 5 वर्षो के पूर्व की सरकार से बहुत ज्यादा बेहतर है। प्रति व्यक्ति आय बढ़ी है, तो यूं ही नहीं बढ़ी है, रुरल सेक्टर में काम हुए हैं तब जाकर प्रति व्यक्ति आय बढ़ी है।

उन्होंने कहा कि सिर्फ शहरी क्षेत्रों में नहीं, बल्कि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों में भी उनके बीच में प्रति व्यक्ति आय बढ़ी है। जहां तक कि कुछ सेक्टर में तो देखिए यह सिर्फ 5 -6 वर्षो की तुलना आप नहीं कर सकते हैं। जब से ये राज्य बना है उस समय की पूर्ववर्ती सरकार को जिस दिशा में जिस विजन के साथ काम करना चाहिए था उस विजन के साथ लोगों ने काम नहीं किया, यही वजह है कि कुछ सेक्टर में हम पीछे चल रहे हैं।

### 5508 करोड़ का..

विधायक नवीन जायसवाल ने नौकरी से संबंधित मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन ने 10 लाख नौकरी देने का वादा किया था, लेकिन वह वादा आज तक पूरा नहीं हो सका है। नवीन जायसवाल ने आगे कहा कि जेपीएससी में आज 1700 से अधिक पद खाली हैं। इसके अलावा आज हर परीक्षा का पेपर लीक हो जा रहा है, तो ये पद कहां भरेगा।

### जैक बोर्ड की रद्द..

बताते चलें कि, उक्त विषयों का प्रश्नपत्र परीक्षा के पूर्व ही सोशल मीडिया में वायरल हो गया था। उक्त विषयों में 18 फरवरी को प्रथम पाली में हिन्दीह और 20 फरवरी को प्रथम पाली में आयोजित की जानेवाली साइंस बिषय की परीक्षा रद्द की गई थी।

### रांची में दारोगा..

जमानत मिलने के बाद वे अपना मोबाइल मुक्त कराने के लिए न्यायालय गए।

**दारोगा ने की थी रिश्वत की मांग** : जब्त मोबाइल का एनओसी न्यायालय में भेजने के लिए उक्त कांड के अनुसंधानकर्ता कोतवाली थाने के दारोगा ऋषिकांत ने पांच हजार रुपये रिश्वत की मांग की। वे रिश्वत देकर काम नहीं कराना चाहते थे। उन्होंने इसकी शिकायत एसीबी से की। उनकी शिकायत का एसीबी ने सत्यापन कराया, तो मामला सही पाया। इसके बाद एसीबी रांची में 27 फरवरी को एसीबी थाना कांड संख्या 02/2025 में भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। शुक्रवार को एसीबी ने महिला थाना परिसर में अपना जाल बिछाया। यहां दारोगा ने पीड़ित से जैसे ही पांच हजार रुपये रिश्वत ली, एसीबी ने उसे पकड़ लिया। अब एसीबी की टीम दारोगा के ठिकानों की तलाशी सहित आगे की कार्रवाई कर रही है।

**झारखंड विस का चुनाव लड़ चुका है शिकायतकर्ता** : रांची के कोतवाली थाने के दारोगा ऋषिकांत को पांच हजार रुपये रिश्वत देकर गिरफ्तार करवाने वाले शिकायतकर्ता ओम शंकर गुप्ता गत वर्ष झारखंड विधानसभा चुनाव लड़ चुके हैं। वे वर्ष 2024 में हटिया विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी थे। गत वर्ष छह नवंबर 2024 को कोतवाली थाने में उनके विरुद्ध जब प्राथमिकी दर्ज हुई, तब उनके दो मोबाइल को पुलिस ने जब्त किया था। उसी जब्त मोबाइल को मुक्त कराने के लिए एनओसी देने के एवज में दारोगा ने पांच हजार रुपये रिश्वत मांगी थी, जिसमें एसीबी से शिकायत कर ओम शंकर गुप्ता ने दारोगा ऋषिकांत को गिरफ्तार करवाया है। शिकायतकर्ता ओम शंकर गुप्ता ने एसीबी को पूछताछ में बताया है कि कोतवाली थाने में उनके विरुद्ध दर्ज केस को मैनेज करने के नाम पर कांड के अनुसंधानकर्ता ऋषिकांत ने उनसे दो लाख रुपये की भी मांग की थी। ऋषिकांत ने उनसे कहा था कि चुनाव में इतना खर्च कर सकते हो, तो केस मैनेज करने के लिए पैसे देने होंगे। शिकायतकर्ता का आरोप है कि केस डायरी कोर्ट में भेजने के लिए भी आरोपित दारोगा ऋषिकांत ने 20 हजार रुपये की मांग की थी। यह भी कहा था कि पैसे नहीं देने पर केस लंबा चलेगा और वह सजा दिलवा देंगे।

### झारखंड में फिर...

**झारखंड में बारिश के आसार** : झारखंड का मौसम बदलने की संभावना है। राज्य में पश्चिमी विक्षोभ के कारण रांची समेत राज्य के कई जिलों में अगले दो दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री तक बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, इस दौरान 5 जिलों में बादल छाए रह सकते हैं और हल्की बारिश हो सकती है। विभाग के अनुसार, अगले दो दिनों के दौरान पलामू, गढ़वा, चतरा, कोडरमा जिले में बारिश की संभावना है।

### रांची के बिरसा...

मामले की जांच जारी : झारखंड के जेल आईजी सुदर्शन मंडल ने बताया कि एक कैदी के भागने की सूचना मिली है। उसकी तलाश में रांची पुलिस के साथ छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। हत्या के मामले में जेल में बंद समीर तिर्की किन परिस्थितियों में जेल से भागा, इसकी जांच की जा रही है।

### आज से यूपीआई,...

नए नियमों के तहत, नॉमिनीज को जॉइंट होल्डर्स के रूप में देखा जा सकता है या अलग-अलग सिंगल अकाउंट्स/फोलियो के लिए अलग-अलग नॉमिनी चुने जा सकते हैं। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) की नई गाइडलाइंस 1 मार्च 2025 से लागू होंगी। इससे निवेशकों को अधिक लचीलापन मिलेगा और उनकी संपत्ति का प्रबंधन बेहतर तरीके से किया जा सकेगा।

मार्च 2025 की पहली तारीख से लागू होने वाले ये नए नियम आम जनता के लिए महत्वपूर्ण हैं। यूपीआई में बीमा-एएसबी सुविधा से इंश्योरेंस प्रीमियम भुगतान में आसानी होगी, जबकि एलपीजी और एटीएफ की कीमतों में संभावित बदलाव से घरेलू बजट और हवाई सफर प्रभावित हो सकते हैं। वहीं, म्यूचुअल फंड और डीमैट अकाउंट्स में नॉमिनी जोड़ने के नए नियम निवेशकों के लिए अधिक सुविधाजनक होंगे। इन बदलावों के प्रति जागरूक रहना आवश्यक है, ताकि हम अपने वित्तीय निर्णयों को सही तरीके से प्रबंधित कर सकें।

### कोल्हान और नीलांबर...

जारी आदेश के मुताबिक वर्तमान में जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय की कुलपति के रूप में कार्यरत डॉ. श्रीमती अंजिला गुप्ता को उनके कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से कोल्हान विश्वविद्यालय (चाईबासा) का कुलपति नियुक्त किया गया है। वे कुलाधिपति की इच्छानुसार तीन वर्षों से अनधिक अवधि के लिए पद पर रहेंगी। डॉ. दिनेश कुमार सिंह को नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय (मेदिनीनगर, पलामू) का कुलपति नियुक्त किया गया है। डॉ सिंह वर्तमान में जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (पंतनगर) में प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं। वे पदभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्षों से अनधिक अवधि के लिए पद पर बने रहेंगे।

### पलामू में 251...

अनुसेवक राजेंद्र राम के नेतृत्व में 239 अनुसेवक सुप्रीम कोर्ट गए हैं। सभी अनुसेवक बर्खास्त होने के बाद शुक्रवार को पलामू के शिवाजी मैदान में जमा हुए। अनुसेवकों का कहना है कि सरकार और प्रशासन की तरफ से सुप्रीम कोर्ट में अपील नहीं की गई है। वे वर्षों से नौकरी कर रहे हैं। उनकी क्या गलती है। बर्खास्त होने वाले अनुसेवक नरेश भारती और विवेका शुक्ला ने बताया 2010 के विज्ञापन पर कई अनुसेवक बहाल हुए थे। लेकिन सात अनुसेवकों को बर्खास्त नहीं किया गया है।

अनुसेवक धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि कई अधिकारियों से उन्होंने मिलने का समय मांगा था, लेकिन समय नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन को मामले में अपील करनी चाहिए थी, लेकिन अपील नहीं की गई है। कई ऐसे अनुसेवक हैं, जो दिव्यांग हैं। अब अगले चार से पांच महीना में सेवानिवृत्ति भी होने वाले थे। बर्खास्त अनुसेवकों ने बताया कि इस तरह की बहाली के विज्ञापन झारखंड के अन्य जिलों में भी निकली थी।

2010 में निकला था विज्ञापन, 2017-18 में हुई थी बहाली : दरअसल, 2010 में पलामू में फोर्थ ग्रेड बहाली के लिए विज्ञापन निकाला गया था। 2017-18 में सभी लोगों की बहाली हुई थी। बहाली के लिए 22000 लोगों ने उस दौरान आवेदन दिया था। पूरी नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर अभ्यर्थी अमृत यादव कोर्ट गए। अमृत यादव का आरोप था कि नियुक्ति में कई प्रकार की गड़बड़ी हुई थी। परीक्षा में उनका चयन हुआ था, दोबारा जब पैनल बनाया गया तो वे शामिल नहीं थे। उन्हें बताया गया था कि नंबर कम है, वे मामले को लेकर हाईकोर्ट गए थे। हाईकोर्ट में राहत नहीं मिलने के बाद वे सुप्रीम कोर्ट गए। विज्ञापन में इस बात का जिक्र नहीं था कि कितने पदों पर बहाली होनी है।

# आगामी विधानसभा चुनाव को ले क्या डर गये नीतीश कुमार?

## अपने काम गिनाने के साथ बार-बार याद दिला रहे लालू का जंगल राज

**पटना (एजेंसी)।** इस साल बिहार में होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए चुनावी बिसात बिछ चुकी है। सत्तारूढ़ गठबंधन को एक बार फिर अपने किए गए के कामों पर ही ज्यादा भरोसा है। लालू यादव के राज को जिस तरह जंगल राज का नाम दिया गया है उसे निशाने पर रखकर पिछले कई चुनाव एनडीए जीत चुका है। एक बार फिर उसी को भुनाने की तैयारी है। अब देखना है कि ये कहां तक सही साबित होती है। पीएम नरेंद्र मोदी ने इसी हफ्ते भागलपुर में एक सभा में राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के शासनकाल को 'जंगल राज' बताते हुए हमला किया था। नीतीश कुमार तो हर मंच पर जंगल राज को याद कराते रहते हैं। पीएम मोदी के साथ सभा में उपस्थित नीतीश कुमार ने कहा था कि मुझे उम्मीद है कि आपको याद होगा कि जब हम बिहार 2005 में सत्ता में आए थे, तब क्या स्थिति थी। सूर्यास्त के बाद कोई भी घर से बाहर नहीं निकलता था। जाहिर है कि एनडीए एक बार फिर जंगल राज को फिर से मुद्दा बनाकर जनता के डर को भुनाना चाहती है लेकिन क्या 20 साल बाद भी आम लोग लालू के कार्यकाल की गलतियों को आधार बनाकर वोटिंग करेंगे?

क्या एनडीए सरकार के पास अपनी उपलब्धियां कम हैं जो उसे एक बार फिर नकारात्मक कैंपेन जो 20 साल पहले की बात है उस पर भरोसा करना पड़ रहा है? आखिर 20 सालों से प्रदेश के सीएम नीतीश कुमार सत्ता में हैं। क्या इतना समय जनता के बीच बताने के लिए काफी नहीं होता है? फिर अब तो बीजेपी भी साथ में हैं। केंद्र सरकार के साथ मिलकर बिहार में डबल इंजन की सरकार चल रही है। राज्य सरकार में दो-डिप्टी सीएम बीजेपी के ही हैं, फिर आखिरकार लालू राज का नाम क्यों लिया जा रहा है? आखिर बीजेपी ने ये देख लिया है कि अब नेगेटिव कैंपेन का असर जनता पर नहीं हो रहा है।

दिल्ली विधानसभा का चुनाव जीतने के पीछे सबसे बड़ा कारण यही रहा है। बीजेपी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव प्रचार में ध्रुवीकरण की राजनीति के बजाय एक सूत्रीय विकास की बातें की थी, जिसका असर हुआ और लोगों ने बीजेपी को आम आदमी पार्टी के मुकाबले तरजीह दी और बीजेपी को जीत हासिल हुई। ऐसा भी नहीं है कि नीतीश के नाम उपलब्धियां नहीं हैं। नीतीश सरकार के नेतृत्व में कानून व्यवस्था आज भी पहले की तुलना में बेहतर है। यही कारण है कि कभी बिहार से बड़े डॉक्टर्स ने पलायन कर दिया था। आज मेदान्ता और पारस जैसे बड़े हॉस्पिटल ग्रुप बिहार पहुंच रहे हैं। बिहार में विदेशी सैलानियों की बढ़ती संख्या बताती है कि बिहार में कानून व्यवस्था में सुधार हुआ है। 2023 की तुलना में 2024 में करीब 2 लाख विदेशी पर्यटक बिहार पहुंचे। बिहार में विदेश निवेश में भी



लगातार बढ रहा है। पावर सप्लाई भी पिछले कुछ सालों में बहुत बेहतर हुई है।

सात महीनों के अंतराल में आए दो केंद्रीय बजटों में बिहार के लिए बुनियादी ढांचे में निवेश की झड़ी लगा दी है, जिसमें राजमार्ग, हवाई अड्डे, बाढ़ नियंत्रण और पर्यटन विकास जैसी योजनाएं शामिल हैं। हालांकि विपक्ष बार-बार नीतीश सरकार पर विशेष राज्य की मांग पूरी न करा पाने के लिए दबाव डालता रहता है।

## ओडिशा दौरे पर नड्डा, एनएचएम कार्यक्रम में करेंगे शिरकत



भुवनेश्वर। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा अपने दो दिवसीय दौरे पर ओडिशा पहुंचे हैं। इस दौरान वह पुरी में आयोजित राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के एक विशेष कार्यक्रम में आज शामिल होंगे। जेपी नड्डा जब भुवनेश्वर के बीजू पटनायक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे, तो मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी, भाजपा की ओडिशा इकाई के अध्यक्ष मनमोहन सामल और अन्य वरिष्ठ नेताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

**पुरी में होगा राष्ट्रीय स्वास्थ्य शिखर सम्मेलन**

भाजपा प्रदेश इकाई के उपाध्यक्ष बिरंची नारायण त्रिपाठी ने बताया कि नड्डा पहले कोणार्क रवाना हुए, जहां उन्होंने रात्रि विश्राम किया। कार्यक्रम के अनुसार, वह शुक्रवार को पुरी में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा आयोजित नौवें राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। इस दौरान वह 16वें 'कॉमन रिव्यू मिशन' की रिपोर्ट का भी अनावरण करेंगे। इस सम्मेलन का उद्देश्य भारत की सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को और बेहतर बनाना है।

## पत्थरबाजी के झूठे आरोप में फंसी फरहाना, 87 दिन बाद जेल से रिहा

संभल। 26 नवंबर को संभल हिंसा के दौरान पत्थरबाजी के आरोप में गिरफ्तार की गई 48 वर्षीय फरहाना को 87 दिनों बाद जेल से रिहा कर दिया गया। जांच में पाया गया कि फरहाना का वजन 120 किलोग्राम है, जिससे वह छत पर चढ़कर पत्थर फेंकने में सक्षम नहीं थी। पुलिस ने फरहाना पर दंगा, हत्या के प्रयास, सार्वजनिक सेवक पर हमले जैसी कई गंभीर धाराएं लगाई थीं। लेकिन स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) की जांच में सामने आया कि सोशल मीडिया पर दिखी महिला की बनावट फरहाना से मेल नहीं खाती थी। जांच के दौरान यह भी पता चला कि फरहाना की पड़ोसी जिकरा से पुरानी दुश्मनी थी, जिसने उसे झूठे आरोप में फंसाया। जिकरा ने अपनी बहन को बचाने के लिए फरहाना का नाम लिया था। फरहाना की रिहाई के बाद उसके परिवार ने राहत की सांस ली, लेकिन जेल में बिताए गए समय की यादें उसे अब भी परेशान कर रही हैं। इस मामले में एसआईटी ने निष्पक्ष जांच का दावा किया है और झूठे बयान देने वाली जिकरा के खिलाफ भी कार्रवाई की तैयारी कर रही है। यहां बताते चलें कि संभल हिंसा में कुल 26 गिरफ्तारियां हुई थीं, जिनमें से 25 पर आरोप तय हुए, लेकिन फरहाना के खिलाफ कोई सबूत न मिलने पर उसे रिहा कर दिया गया।

## माता वैष्णो देवी के भक्तों के लिए खुशखबरी : वंदे भारत चलेगी 7 मार्च से

जम्मू। दिल्ली-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन, जो जम्मू रेलवे स्टेशन के विस्तारीकरण कार्यों के चलते अस्थायी रूप से बंद थी, अब 7 मार्च से फिर से शुरू होने जा रही है। यह सेमी-हाई-स्पीड ट्रेन जम्मू रेलवे स्टेशन पर नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के कारण कुछ दिनों के लिए बंद कर दी गई थी। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, 6 मार्च तक यह कार्य पूरा कर लिया जाएगा, जिसके बाद 7 मार्च से वंदे भारत एक्सप्रेस फिर से अपनी सेवाएं बहाल करेगी।

**रेलवे ने दी यात्रियों को सलाह-** रेलवे प्रवक्ता ने कहा कि यात्रियों को अपनी यात्रा की योजना बनाते समय इस सूचना का ध्यान रखना चाहिए। यदि किसी यात्री को अधिक जानकारी चाहिए या अन्य ट्रेनों के शेड्यूल के बारे में जानना हो, तो वे रेलवे स्टेशन या रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट पर संपर्क कर सकते हैं।

**अब यात्रा होगी आसान-** वंदे भारत एक्सप्रेस के फिर से शुरू होने से माता वैष्णो देवी जाने वाले श्रद्धालुओं और यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। इससे दिल्ली और कटरा के बीच यात्रा पहले की तरह तेज और सुविधाजनक हो जाएगी।

## संभल में शाही जामा मस्जिद में नहीं होगी रंगाई-पुताई

संभल। उत्तर प्रदेश के संभल में विवादित धर्मस्थल शाही जामा मस्जिद की रंगाई-पुताई नहीं होगी। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने शुक्रवार को बड़ा फैसला दिया है। एएसआई की टीम को केवल सर्वेक्षण और सफाई करने की अनुमति दी गई है। कोर्ट के निर्देश पर 3 सदस्यीय टीम मस्जिद के सर्वे के लिए पहुंची थी, सर्वे टीम ने यहां अपनी रिपोर्ट पेश की है। इस रिपोर्ट के आधार पर हाई कोर्ट ने रंगाई-पुताई नहीं करने का फैसला दिया है। दरअसल, संभल मस्जिद समिति की ओर से इलाहाबाद हाई कोर्ट में एक सिविल रिवीजन याचिका दाखिल हुई थी। इसमें मस्जिद में रंगाई-पुताई कराने की अनुमति मांगी गई थी। इस पर अदालत ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया था। मस्जिद कमेटी से साफ तौर पर कहा कि वे इस समय केवल सफाई कार्य करवा सकते हैं। एएसआई ने कोर्ट को अपनी जॉइंट इंस्ट्रक्शन रिपोर्ट सौंप कर बताया कि मस्जिद की वर्तमान स्थिति में किसी भी तरह की रंगाई-पुताई की जरूरत नहीं है। रिपोर्ट के अनुसार मस्जिद में कोई ऐसी संरचनात्मक समस्या नहीं है, जिसके लिए मरम्मत या फिर रंगाई करने की आवश्यकता हो।

## दिल्ली पुलिस ने निजामुद्दीन इलाके से एक संदिग्ध आतंकवादी परवेज को उठाया

नई दिल्ली। कश्मीर और दिल्ली पुलिस ने निजामुद्दीन इलाके में स्थित फजार रेजीडेंसी और गेस्ट हाउस से एक संदिग्ध आतंकवादी परवेज अहमद खान को गिरफ्तार किया। फजर रेजीडेंसी के मैंनेजर मोहम्मद शमी ने बताया कि एक रात पहले कश्मीर और दिल्ली पुलिस आई थी। हमारे एक कमरे में दो मेहमान ठहरे थे, एक का नाम परवेज और दूसरे का नाम फारुक था। पुलिस ने परवेज को होटल के बाहर से उठाया। फजर रेजीडेंसी के मैनेजर ने दावा किया कि ये दोनों कश्मीर से हैं। परवेज ने बताया था कि वह घूमने के लिए दिल्ली आये थे। 12 फरवरी की रात करीब 11 बजे परवेज आया। उसका दोस्त फारुक अभी भी हमारे कमरे में रहता है। हमें नहीं पता कि वह 12वीं से 26वीं तारीख तक कहां गए। हमें नहीं पता कि वह कहां जाता था और क्या करता था। हमारे गेस्ट हाउस में भी कोई उनसे मिलने नहीं आया। अगर कोई आता है तब उसके लिए हमारे पास विजिटर एंट्री होती है। परवेज़ के एक कारोबारी दोस्त मोहम्मद फारुक ने कहा कि मैं परवेज को 5-6 साल से जानता हूँ, मेरा उससे आर्थिक लेन-देन है। हमारा शॉल का कारोबार है। उन्होंने बताया कि जब पुलिस आई तब मुझे और परवेज़ को थाने ले गई, हम दोनों से पूछताछ की गई, पूछताछ के बाद कश्मीर पुलिस परवेज को ले गई और मुझे छोड़ दिया। मुझे कभी नहीं लगा कि वह किसी आतंकवादी गतिविधि में शामिल था।

## गडचिरौली में 18 लाख के इनामी दो नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

गडचिरौली। महाराष्ट्र के नक्सल प्रभावित गडचिरौली जिले में 18 लाख रुपये के इनामी दो नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को इसकी जानकारी दी। आत्मसमर्पण करने वालों में भामरागढ़ स्थानीय संगठन दस्ते (एलओएस) की डिवीजनल कमेटी सदस्य (डीवीसीएम) कांता उर्फ कंटक्का उर्फ मंडी गालू पल्लो (56) और सुरेश उर्फ वारलू इरपा मज्जी (30) शामिल हैं।

## एनएसए डोभाल को लेकर खालिस्तानी आंतकी पन्नू के वकीलों के दावे निकले फर्जी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** खालिस्तानी आतंकियों में हताशा कितने ऊंचे स्तर पर पहुंच गई है, इसका एक और नमूना हाल में सामने आया है। खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू के वकीलों ने फर्जी दावा किया कि राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल को अमेरिका दौरे के दौरान समन दिया था। लेकिन सच यह हैं कि आंतकी पन्नू और वकीलों को पता नहीं कि प्रधानमंत्री के साथ एनएसए की यात्रा हो, तब उन्हें किसी भी तरह की कानूनी कार्रवाई से छूट मिले है।

मोदी सरकार के सूत्रों ने बताया कि एनएसए डोभाल को प्रधानमंत्री मोदी के साथ यात्रा करते समय समन से छूट मिली है। मतलब साफ है, डोभाल पर कोई समन नहीं थोपा जा सकता जब वे प्रधानमंत्री के साथ हों। सूत्रों ने कहा कि अमेरिका ने यात्रा से पहले ही उनकी इम्यूनिटी की पुष्टि की गई थी। वकीलों के दावे को खालिस्तानी आतंकियों की हताशा भरी हरकत बताया जा रहा है।

13 फरवरी को पीएम और अमेरिकी राष्ट्रपति के बीच हुई शिखर बैठक में दोनों पक्षों ने सिख आतंकी ढांचे के खिलाफ मिलकर काम करने का फैसला किया। यानी, दोनों देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट हैं। इसके बाद पन्नू के वकीलों का दावा थोड़ा अजीब लगता है। पन्नू के वकीलों की ओर से दावा किया गया, भारत सरकार द्वारा न्यूयॉर्क में सिख कार्यकर्ता गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की कोशिश के नवीनतम घटनाक्रम में, संघीय अदालत में दायर दस्तावेजों से पता चलता है कि पन्नू ने अपने मुकदमे की एक प्रति भारत की शीर्ष खुफिया एजेंसी के प्रमुख और डोभाल को उनकी हाल ही में भारत के प्रधानमंत्री मोदी के साथ राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मिलने के लिए अमेरिका की यात्रा के दौरान दी थी... यदि सेवा पूरी हो जाती है, तब डोभाल के पास सेवा से 21 दिनों के भीतर सिविल सूट में पन्नू की शिकायत का जवाब देने होगा। विदेश सचिव विक्रम मिश्री ने कहा था, जैसा कि हमने पहले कहा है, ये पूरी तरह से अनुचित और निराधार आरोप हैं। अब जबकि यह विशेष मामला दर्ज किया गया है, इससे अंतर्निहित स्थिति के बारे में हमारे विचार नहीं बदलते... डोभाल ने रक्षा उद्योग और नागरिक उच्च तकनीक और दूरसंचार क्षेत्रों में सहयोग के लिए आईसीईटी ढांचे को एक साथ रखने में अपने पूर्व अमेरिकी समकक्ष जेक सुलिवन के साथ महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## 15 मार्च तक बीजेपी को मिल जाएगा जेपी नडडा का उत्तराधिकारी

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** दिल्ली, हरियाणा और महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने शानदार जीत हासिल की है। अब हर किसी के मन में बस एक ही सवाल है कि बीजेपी का अगला राष्ट्रीय अध्यक्ष कौन होगा? राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाम को लेकर संशय बना हुआ है। लेकिन इस बीच एक बड़ी खबर आई है कि अध्यक्ष का नाम 15 मार्च से पहले घोषित हो सकता है।

सूत्रों के मुताबिक ऐलान अगले दो हफ्ते के अंदर हो सकता है। पार्टी के संगठनात्मक चुनाव 12 राज्यों में पूरे हो चुके हैं और बताया जा रहा है कि अध्यक्ष का नाम 15 मार्च से पहले घोषित किया जा सकता है। उसके बाद हिन्दू कैलेंडर के अनुसार अशुभ अवधि शुरू होती है।

बीजेपी अध्यक्ष के चुनाव के लिए करीब आधे राज्यों में संगठनात्मक चुनाव होना जरूरी है। इसके पहले, बूथ, मंडल और जिला स्तर पर चुनाव होते हैं। अभी 36 राज्यों में से सिर्फ 12 में ही चुनाव पूरे हुए हैं। इसलिए करीब 6 और राज्यों में चुनाव कराने की जरूरत है। बीजेपी उन राज्यों में इस प्रक्रिया को तेजी से आगे बढ़ा रही है जहां अगले साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं, जिसमें तमिलनाडु, बंगाल, असम और गुजरात शामिल है। बिहार में कोई बदलाव नहीं होगा, जहां इस साल के अंत तक चुनाव होने हैं।

बीजेपी अध्यक्ष पद के लिए उम्मीदवार का चयन कई बातों को ध्यान में रखकर किया जाएगा। सबसे जरूरी है कि उम्मीदवार को सभी का समर्थन हासिल हो, इसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) भी शामिल है। साथ ही उम्मीदवार को संगठनात्मक मूल्यों से ओतप्रोत होना चाहिए। पार्टी जातिगत समीकरण, उत्तर-दक्षिण भाषा विवाद, परिसीमन और सबसे महत्वपूर्ण उत्तर प्रदेश में अपने जनाधार को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करेगी। लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में पार्टी को झटका लगा था, जिससे उसे सदन में पूर्ण बहुमत नहीं मिल सका था। जेपी नड्डा ने 2019 में कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में पार्टी की जिम्मेदारी संभाली थी। जनवरी 2020 में, उन्हें सर्वसम्मति से बीजेपी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया और उन्होंने वर्तमान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से पदभार ग्रहण किया। लोकसभा चुनाव को देखकर उनका कार्यकाल जून 2024 तक बढ़ा दिया गया था। मोदी सरकार में शामिल होने के साथ, पार्टी उनके उत्तराधिकारी के लिए संभावित उम्मीदवारों की तलाश कर रही है। लेकिन यह प्रक्रिया धीमी रही है, क्योंकि नेता इस मुद्दे पर आम सहमति बनाने की उम्मीद कर रहे हैं। कई नामों पर चर्चा हो रही है, लेकिन पार्टी किसी भी नाम की आधिकारिक पुष्टि नहीं कर रही है।

## असम में कांग्रेस की बैठक, आगामी चुनाव में बीजेपी सरकार को उखाड़ फेंकने का लिया संकल्प

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस को अगले साल होने वाले असेंबली चुनावों को लेकर जिन दो राज्यों से उम्मीद हैं, उनमें असम और केरल प्रमुख है। इन राज्यों में सत्ता वापसी की बात हो रही है। असम चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस के नए मुख्यालय में पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने प्रदेश नेताओं से गुरुवार को बैठक की, जिसमें कई पहलुओं पर चर्चा की गई। असम नेताओं के साथ कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी और संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल मौजूद थे।

वहीं दूसरी ओर असम के प्रभारी भंवर जितेंद्र सिंह, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र बोरा, लोकसभा में कांग्रेस के उप नेता गौरव गोगोई, सांसद रकीबुल हुसैन, सीएलपी लीडर देवब्रत सैकिया, प्रदेश के सीनियर लीडर प्रदीप बारदोलोई समेत कई लोग शामिल थे।



बैठक के बाद राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर लिखा- आज कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे के नेतृत्व में असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेताओं के साथ बैठक में शामिल हुआ। असम ने भ्रष्टाचार और नफरत की राजनीति को हटाने और कांग्रेस के साथ मोहब्बत और प्रगति की राजनीति को गले लगाने का मन बना लिया है।

वही बैठक खत्म होने के बाद प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र कुमार बोरा ने कहा कि असम से जुड़े अहम मुद्दों और रणनीति को लेकर शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात की, जहां असम के सीनियर नेता और तमाम पदाधिकारी मौजूद थे। सभी ने एकसुर से संकल्प लिया कि हम एकजुट होकर आने वाले चुनाव में असम से बीजेपी सरकार को उखाड़ फेंकेंगे। बोरा ने सीएम हिमंता बिस्वा सरमा पर निशाना साधते हुए कहा कि सरमा देश के सबसे भ्रष्ट सीएम हैं और हमने उनके भ्रष्टाचार से जुड़े तमाम सबूत अपने शीर्ष नेतृत्व के सामने रख दिए हैं।

## हिमाचल, उत्तराखंड और कश्मीर में भारी बर्फबारी, जनजीवन प्रभावित

**- सड़कों पर बर्फ जमा होने के कारण वाहनों की आवाजाही बाधित**

**- कई ग्रामीण इलाकों का संपर्क कटा**

**- गंगोत्री में 4 फीट तक बर्फ, स्कूलों में छुट्टी**



**नई दिल्ली/ शिमला/ देहरादून/ श्रीनगर (एजेंसी)।** उत्तर भारत के पहाड़ी राज्यों में भारी बर्फबारी और बारिश से जनजीवन प्रभावित हो गया है। हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और कश्मीर के कई इलाकों में बीते तीन दिनों से लगातार बर्फबारी हो रही है, जिससे कई सड़कें बंद हो गई हैं और स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया गया है।

हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति, चंबा (भरमौर-पांगी) और किन्नौर जिले में भारी बर्फबारी के कारण यातायात पूरी तरह बाधित हो गया है। सड़कों पर बर्फ जमा होने के कारण वाहनों की आवाजाही संभव नहीं है, जिससे कई ग्रामीण इलाकों का संपर्क कट गया है। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक ठंड बढ़ने और बर्फबारी जारी रहने की संभावना जताई है। प्रशासन ने जरूरी सेवाओं के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं और लोगों को घर से बाहर न निकलने की सलाह दी है।

उत्तराखंड में भी मौसम का कहर जारी है। खासतौर पर गंगोत्री और यमुनोत्री क्षेत्र में 4 फीट तक बर्फबारी दर्ज की गई है। राज्य के कई हिस्सों में तापमान माइनस डिग्री तक पहुंच गया है, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। पहाड़ों में रहने वाले लोगों को खाद्य सामग्री और ईंधन की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन ने सुरक्षा के मद्देनजर स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया है।

जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग, सोनमर्ग और पहलगाम में भी भारी बर्फबारी हो रही है। कई स्थानों पर राष्ट्रीय राजमार्ग-44 बंद हो गया है, जिससे जम्मू से श्रीनगर का संपर्क टूट गया है। श्रीनगर और आसपास के इलाकों में ट्रैफिक जाम और बिजली कटौती जैसी समस्याएं सामने आई हैं।

हालांकि, बर्फबारी के चलते पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों की संख्या बढ़ने लगी है। शिमला, मनाली, मसूरी और गुलमर्ग में पर्यटकों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। प्रशासन ने पर्यटकों से सतर्क रहने और मौसम के पूर्वानुमान के आधार पर यात्रा करने की अपील की है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 48 घंटों तक हिमाचल, उत्तराखंड और कश्मीर के ऊंचे इलाकों में बर्फबारी जारी रह सकती है। साथ ही मैदानी इलाकों में बारिश और ओलावृष्टि की संभावना भी जताई गई है। प्रशासन ने सभी जरूरी सेवाओं को अलर्ट मोड पर रखा है और बचाव दल तैनात किए गए हैं। जनता से अपील है कि मौसम को देखते हुए अनावश्यक यात्रा से बचें और प्रशासन की सलाह का पालन करें।

## बोले डीके शिवकुमार: मैं हिंदू हूं, इसलिए शिवरात्रि के कार्यक्रम में की शिरकत

**- अमित शाह की मौजूदगी से शुरू हुआ था विवाद**

**- कर्नाटक कांग्रेस में गहराये मतभेद**

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और डिप्टी मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार और पार्टी के अन्य नेताओं के बीच मतभेद खुलकर सामने आ रहे हैं। हाल ही में शिवकुमार के ईशा फाउंडेशन के महाशिवरात्रि कार्यक्रम में जाने को लेकर कांग्रेस में अंदरूनी बहस छिड़ गई है।

गौरतलब है की 26 फरवरी को कोयंबटूर में ईशा फाउंडेशन की ओर से महाशिवरात्रि समारोह का आयोजन किया गया था, जिसमें गृह मंत्री अमित शाह भी शामिल हुए थे। शिवकुमार की इस कार्यक्रम में उपस्थिति पर, द्रष्टि के सचिव पीवी मोहन ने सवाल उठाए। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, शिवकुमार उस व्यक्ति के निमंत्रण पर गए, जो कांग्रेस नेता राहुल गांधी का मजाक उड़ाता है। उनका इशारा



ईशा फाउंडेशन के संस्थापक सद्गुरु जग्गी वासुदेव की ओर था।

इस आलोचना का जवाब देते हुए डीके शिवकुमार ने कहा, मैं एक हिंदू हूं। मैं हिंदू के रूप में पैदा हुआ और हिंदू के रूप में मरूंगा, लेकिन मैं सभी धर्मों से प्यार करता हूं और उनका सम्मान करता हूं। उन्होंने आगे कहा कि वे महाशिवरात्रि पर भगवान शिव की पूजा करने के लिए इस कार्यक्रम में गए थे, राजनीति करने के लिए नहीं। इस मुद्दे ने कांग्रेस पार्टी के अंदर मौजूद विभाजन को उजागर कर दिया है। कुछ नेता शिवकुमार के इस कदम को निजी आस्था का मामला बता रहे हैं, जबकि कुछ इसे पार्टी लाइन के खिलाफ मान रहे हैं। कांग्रेस की राज्य इकाई पहले भी हिंदुत्व से जुड़े मुद्दों पर दो गुटों में बंटी रही है।

कर्नाटक में कांग्रेस सरकार बनने के बाद से मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार के बीच नेतृत्व को लेकर खींचतान की खबरें आती रही हैं। शिवकुमार के इस बयान के बाद कयास लगाए जा रहे हैं कि वे राज्य में हिंदू वोट बैंक को मजबूत करने की रणनीति बना रहे हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह विवाद जल्द थमने वाला नहीं है। कांग्रेस के अंदरूनी मतभेद राज्य में सत्ता संतुलन को प्रभावित कर सकते हैं। आने वाले दिनों में पार्टी आलाकमान इस मुद्दे पर डीके शिवकुमार और अन्य नेताओं को तलब कर सकता है।

**भाजपा ने साधा निशाना**

शिवकुमार के बयान के बाद भाजपा ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी हिंदू आस्था का अपमान करती है और उनके ही नेताओं को कटघरे में खड़ा करती है। भाजपा नेताओं ने दावा किया कि कांग्रेस के अंदर हिंदू विरोधी मानसिकता हावी है।

## कई कठिनाइयों से जूझने के बाद भारतीय स्किल वर्कर्स को मिलता है अमेरिकी वीजा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिका में नौकरी करने की इच्छा रखने वाले भारतीयों के लिए अंग्रेजी दक्षता परीक्षा एक बड़ी चुनौती बन रही है। हाल ही में एक नए सर्वे में बताया गया कि कई भारतीय टेस्ट देने वालों को डर लगता है कि उनके स्कोर उनकी स्किल के बजाय एक्सेंट (भाषा बोलने का तरीका), रंग और यहां तक कि कपड़े पहनने के तरीकों जैसे फैक्टर्स से प्रभावित हो सकते हैं।

भारतीय स्किल प्रोफेशनल्स के लिए अमेरिका हमेशा से पसंदीदा देश रहा है। 2023 में एच-1बी वीजा के अकेले 72 प्रतिशत भारतीयों को दिए गए। एच-1बी वीजा मिलन से करियर में ग्रोथ का गोल्डन टिकट तो मिल जाता है, लेकिन इस वीजा को पाना आसान नहीं होता है। भारतीय स्किल वर्कर्स को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इन्हीं में से एक अंग्रेजी दक्षता परीक्षा है। वैसे यूएससीआईएस की तरफ से एच-1बी वीजा देने के लिए कोई टेस्ट स्कोर नहीं मांगा जाता है। अमेरिका में नौकरी करने की इच्छा रखने वाले भारतीयों के लिए अंग्रेजी दक्षता परीक्षा एक बड़ी चुनौती बन रही है। हाल ही में एक नए सर्वे में बताया गया कि कई भारतीय टेस्ट देने वालों को डर लगता है कि उनके स्कोर उनकी स्किल के बजाय एक्सेंट (भाषा बोलने का तरीका), रंग और यहां तक कि कपड़े पहनने के तरीकों जैसे फैक्टर्स से प्रभावित हो सकते हैं। सर्वे में 1000 भारतीय टेस्ट देने वाले लोगों ने हिस्सा लिया और उन्होंने अपनी चिंताएं बताईं।

दरअसल, भले ही यूएससीआईएस एच-1बी वीजा देने के लिए कोई टेस्ट स्कोर नहीं मांगे, लेकिन कई अमेरिकी कंपनियां अच्छी अंग्रेजी बोलने और समझने वाले लोगों को ही नौकरी देती हैं। खासकर साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग, मैथ्स, हेल्थकेयर और कानून जैसे क्षेत्रों में तो यह और भी जरूरी है। सर्वे में बताया गया है कि 62 प्रतिशत से ज्यादा लोगों को लगता है कि अगर कोई इंसान उनकी परीक्षा ले रहा है, तो उनका एक्सेंट उनके खिलाफ जा सकता है। ये उनकी चिंताओं को उजागर कर रहा है।



अफ्रीकी बल्लेबाज ने किया एलान

# यह मेरा आखिरी आइसीसी टूर्नामेंट है

**कराची।** कराची में इंग्लैंड के खिलाफ अपने अहम मुकाबले से पहले दक्षिण अफ्रीका के दाएं हाथ के बल्लेबाज रासी वैन डेर डुसेन ने कहा कि मौजूदा टूर्नामेंट संभवतः उनके क्रिकेट करियर का आखिरी बड़ा आइसीसी टूर्नामेंट होगा। शनिवार को कराची के नेशनल स्टेडियम में प्रतियोगिता के अपने आखिरी ग्रुप स्टेज मैच में प्रोटियाज का मुकाबला जोस बटलर की अगुआई वाली टीम से होगा। वैन डेर डुसेन ने कहा, यह निश्चित रूप से एक संभावना है कि यह मेरा आखिरी आइसीसी टूर्नामेंट हो। मैं यह किसी पूर्वधारणा के साथ नहीं कह रहा हूं कि मैं इसे खत्म कर दूंगा या प्रबंधन मेरे करियर को खत्म कर देगा। यह सिर्फ वास्तविकता है। इसके अलावा अनुभवी क्रिकेटर ने कहा कि उनके लिए अपने देश के लिए खेलना हमेशा उनका सबसे बड़ा और




एकमात्र लक्ष्य रहा है। वैन डेर डुसेन ने कहा, मेरा अंतिम लक्ष्य हमेशा प्रोटियाज के लिए खेलना रहा है। लोग मुझसे पूछ रहे हैं, क्या आप इसके बाद लीग खेलेंगे? मुझे नहीं पता। मुझे नहीं पता कि प्रोटियाज के लिए नहीं खेलने की संभावना खत्म हो जाएगी या नहीं, मुझमें लीग में खेलने की भूख बनी रहेगी। अपने देश का प्रतिनिधित्व करना हमेशा से मेरा सबसे बड़ा और एकमात्र लक्ष्य रहा है, इसलिए अगर यह लक्ष्य पूरा नहीं होता है, तो मुझे नहीं पता कि मैं क्या करूंगा। अगर मुझे दूसरा अनुबंध दिया जाता है, तो मैं निश्चित रूप से इसे स्वीकार करूंगा और उस अवधि के लिए प्रतिबद्ध रहूंगा। 36 वर्षीय खिलाड़ी ने टीम के युवा बल्लेबाजों (ट्रिस्टन स्टब्स, टोनी डी ज़ोरज़ी और मैथ्यू ब्रीट्ज़के) की प्रशंसा की जो वर्तमान में पाकिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में चल रही चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में उनके साथ भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा, यह बहुत अच्छी बात है कि इतने सारे युवा खिलाड़ी सामने आ रहे हैं, जो वाकई अच्छा खेल रहे हैं। ट्रिस्टन स्टब्स या टोनी डी जोरजी जैसे खिलाड़ी किनारे पर बैठे हैं। अगर आप घरेलू ढांचे में भी जाएं, तो मैथ्यू ब्रीट्ज़के आए और उन्होंने 150 रन बनाए। आप इससे भी पीछे जा सकते हैं; लुआन-ड्रे प्रीटोरियस ने वन-डे कप में वेस्टर्न प्रोविंस के खिलाफ शतक बनाया। रयान [रिकेल्टन] वास्तव में अभी शुरुआत कर रहे हैं, इसलिए बहुत सारे अच्छे खिलाड़ी हैं।

मजाक में बोले वसीम जाफर

## भारत को अबू धाबी और शारजाह में खेलना चाहिए था

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व बल्लेबाज वसीम जाफर ने मजाक में कहा कि भारत को अबू धाबी और शारजाह में खेलना चाहिए था और शायद चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में एक ही स्थान पर खेलने के आलोचकों का मुंह बंद करने के लिए किसी दूसरे होटल में ठहरना चाहिए था। भारत एकमात्र ऐसी टीम है जिसने अपने सभी मैच एक ही मैदान, दुबई



इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले हैं। पाकिस्तान के मुख्य कोच आकिब जावेद, ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस, इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर और कई अन्य लोगों का मानना ??है कि भारत के पास बहुत बड़ा फायदा था क्योंकि उन्हें पूरे टूर्नामेंट में बेस बदलने की जरूरत नहीं पड़ी। जाफर ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच राजनीतिक तनाव के कारण भारत के पास कोई विकल्प नहीं था।

जाफर ने कहा, आईसीसी को शारजाह में एक मैच और अबू धाबी में एक मैच आयोजित करना चाहिए था और शायद उन्हें दूसरे होटल में चेक इन करने की अनुमति देनी चाहिए थी। तब शायद यह मुद्दा नहीं उठता। भारत राजनीतिक कारणों और सरकार की भागीदारी के कारण पाकिस्तान नहीं जाना चाहता है – हर देश के पास यह विकल्प है।



प्राग मास्टर्स 2025

# प्रज्ञानंद ने फिर से बाजी ड्रॉ खेली अरविंद ने कीमर को हराया

**प्राग, एजेंसी।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंद ने यहां प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के दूसरे दौर में तुर्की के गुरेल एडिज़ के खिलाफ अपनी बाजी ड्रॉ खेल कर लगातार दूसरे मैच में अंक बांटे जबकि अरविंद चिदंबरम ने काले मोहरों से खेलते हुए जर्मनी के विंसेंट कीमर को हराया। पहले दौर में चैक गणराज्य के ग्रैंडमास्टर गुयेन थाई दाई वान के खिलाफ अंक बांटने वाले अरविंद ने काले मोहरों के साथ अपनी पहली जीत हासिल की।अरविंद दस खिलाड़ियों के बीच राउंड रोबिन आधार पर खेले जा रहे इस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जीत हासिल करने वाले एकमात्र खिलाड़ी थे। दूसरे दौर के अन्य मुकाबलों में दाई वान ने अमेरिका के सैम शैंकलैंड के साथ, शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन के वेई यी ने नीदरलैंड के अनीश गिरी के साथ और वियतनाम के क्वांग लीम ले ने चेक गणराज्य के नवारा डेविड के साथ अंक बांटे। अब जबकि टूर्नामेंट में सात दौर की बाजी खेली जाने बाकी हैं तब भारतीय खिलाड़ी अरविंद ने 1.5 अंक लेकर शैंकलैंड के साथ संयुक्त बढ़त हासिल कर ली है। उनके बाद गिरि, लीम, दाई वान, डेविड, कीमर और प्रज्ञानानंद का नंबर आता है। एडिज और वेई यी अपने दो मैचों में आधे-आधे अंक के साथ अंतिम स्थान पर हैं।



# डोपिंग प्रतिबंध के कारण सिनर का लॉरियस नामांकन रद्द

**पेरिस, एजेंसी।** लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अकादमी ने घोषणा की है कि वह 2025 के लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर अवार्ड के लिए इतालवी टेनिस खिलाड़ी जानिक सिनर का नामांकन वापस ले रही है।

यह निर्णय हाल ही में विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) द्वारा इतालवी खिलाड़ी पर लगाए गए तीन महीने के निलंबन के बाद लिया गया है। नामांकन पैनल को भेजे गए ईमेल में अकादमी ने बताया कि मामले से जुड़ी विपरीत परिस्थितियों के बावजूद, निलंबन ने सिनर के नामांकन को अयोग्य बना दिया। लॉरियस अकादमी द्वारा चर्चा के बाद यह निर्णय लिया गया है कि इस वर्ष के लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर अवार्ड के लिए जानिक सिनर का नामांकन वापस लिया जाता है। हमने इस मामले में संबंधित वैश्विक निकायों के निर्णयों का अनुसरण किया है और - यद्यपि हम इसमें सम्मिलित परिस्थितियों को देखते हैं - हमारा मानना है कि तीन महीने का प्रतिबंध नामांकन को अयोग्य बनाता है। जानिक और उनकी टीम को सूचित कर दिया गया है। इस महीने की शुरुआत में, वाडा ने खुलासा किया कि मार्च 2024 में क्लोस्टेबोल के लिए सकारात्मक परीक्षण के बाद सिनर ने एक मामले के समाधान समझौते में प्रवेश किया था।

चैंपियस ट्रॉफी 2025

# इंग्लैंड को खून के आंसू रुलाने वाले बल्लेबाज जादरान को एडम जम्पा ने सस्ते में किया आउट




**लाहौर (एजेंसी)।** अफगानिस्तान के कप्तान हसमतुल्लाह शाहिदी ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी के ग्रुप बी के मैच में शुक्रवार को यहां टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया।दोनों टीम ने अपने अंतिम 11 में कोई बदलाव नहीं किया है। दोनों टीमों के बीच यह वर्चुअल क्वार्टर फाइनल है। अफगानिस्तान या ऑस्ट्रेलिया में से जो भी टीम मुकाबला जीतेगी। वह सीधा सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर जाएगी।

इंग्लैंड के खिलाफ अफगानिस्तान की जीत के हीरो रहे इब्राहिम जादरान का बल्ला हालांकि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चल नहीं पाया। उनको अनुभवी स्पिनर एडम जाम्पा ने सस्ते में आउट कर दिया। इसके चलते ऑस्ट्रेलिया ने राहत की सांस ली होगी क्योंकि जादरान गजब की फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ ऐतिहासिक शतक लगाते हुए 177 रन की पारी खेली। इंग्लैंड के गेंदबाजों की जादरान ने जमकर धुनाई की। लेकिन जादरान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खराब गेंद पर अपना विकेट गंवा बैठे।

### जाम्पा ने यूं किया जादरान को आउट

दरअसल, अफगानिस्तान क्रिकेट टीम की पारी का 14वां ओवर ऑस्ट्रेलिया की तरफ से एडम जाम्पा डाल रहे थे। ओवर की तीसरी गेंद पर इब्राहिम जादरान स्ट्राइक पर थे। जादरान को जैम्पा ने बाहर की तरफ गेंद डाली, जो पड़ने के बाद बाहर की ओर ही स्पिन हुई। अगर जादरान गेंद को छोड़ते तो गेंद वाइड हो जाती। लेकिन उन्होंने उस पर दूर से शॉट खेलने का प्रयास किया। लेकिन जादरान गेंद को टाइम नहीं कर पाए और 30 यार्ड सर्कल में मार्नस लाबुशेन को कैच थमा बैठे। वह सिर्फ 22 रन बनाकर आउट हो गए।

### मैच के लिए दोनों टीमें इस प्रकार

अफगानिस्तान-रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), इब्राहिम जादरान, सेदिकुल्लाह अटल, रहमत शाह, हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), अजमतुल्लाह उमरजई, मोहम्मद नबी, गुलबदीन नायब, राशिद खान, नूर अहमद, फजलहक फारूकी।

ऑस्ट्रेलिया- मैथ्यू शॉर्ट, ट्रैविस हेड, स्टीवन स्मिथ (कप्तान), मार्नस लाबुशेन, जोश इंग्लिस (विकेटकीपर), एलेक्स कैरी, ग्लेन मैक्सवेल, बेन ड्वारशुइस, नाथन एलिस, एडम जाम्पा, स्पेंसर जॉनसन।

# सितंबर महीने में होने वाले टूर्नामेंट एशिया कप 2025 में भिड़ेंगी भारत-पाक टीमें

टी20 में 3 बार हो सकती हैं आमने-सामने




**नईदिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो चुकी है। 23 फरवरी को भारत के खिलाफ दुबई में हुआ मुकाबला वह बुरी तरह से हार गई थी। अब खबर है कि भारत और पाकिस्तान की टीमें एक बार फिर से टी20 फार्मेट टूर्नामेंट में आमने सामने होने जा रही है। उम्मीद है कि सितंबर महीने में होने वाले टूर्नामेंट में दोनों टीमें एक दूसरे के साथ कम से कम तीन मैच खेलेंगी। उक्त मुकाबला एशिया कप के तहत होगा जिसकी भारत मेहबानी करेगा। लेकिन नियमों के कारण यह मुकाबले न्यूट्रल वेन्यू पर हो सकते हैं।

एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के टूर्नामेंट में भारत-पाकिस्तान आपस में 3 मैच खेल सकते हैं। इस टूर्नामेंट में कुल 19 मैच खेले जाएंगे। भारत-पाकिस्तान के राजनैतिक मतभेद को देखते हुए एसीसी ने पहले ही तय कर लिया है कि दोनों टीमों के मुकाबले न्यूट्रल वेन्यू पर होंगे। बता दें कि इस टूर्नामेंट में 8 टीमें हिस्सा लेने जा रही हैं। इन टीमों को 2 ग्रुप में बांटा जाएगा। ऐसा बताया जा रहा है कि भारत और पाकिस्तान की टीमों को एक ही ग्रुप में रखा जाएगा।

पृथ्वी शॉ और सपना गिल विवाद

# बॉम्बे हाईकोर्ट ने एफआईआर रद्द करने से किया इनकार

**मुंबई (एजेंसी)।** गुरुवार को बॉम्बे हाईकोर्ट ने सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर सपना गिल के खिलाफ दर्ज एपआईआर खारिज करने से इनकार कर दिया। यह एफआईआर क्रिकेटर पृथ्वी शॉ से जुड़े एक मामले में दर्ज की गई थी। कोर्ट ने सपना को आरोपपत्र दाखिल करने के बाद रिहाई के लिए ट्रायल कोर्ट जाने पर विचार किया।

सहारा स्टार के मेंशन क्लब में 15 फरवरी, 2023 को हुई घटना तब शुरू हुई जब सपना के दोस्त शोभित ठाकुर ने रात करीब 1 बजे पृथ्वी शॉ के साथ



लगातार सेल्फी लेने के लिए कहा। उस समय शॉ अपने दोस्त आशीष सुरेंद्र यादव के साथ डिनर कर रहे थे। हालांकि शॉ ने उनकी बात मान ली।

# एशले गार्डनर का अर्धशतक, गुजरात ने बेंगलुरु को 6 विकेट से हराया

**बेंगलूर (एजेंसी)।** गुजरात जायंट्स ने बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में घरेलू टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को एकतरफा मुकाबला में हरा दिया है। यह सीजन में गुजरात की केवल दूसरी जीत है। वहीं, बेंगलुरु की 5 मैच में तीन हार के साथ हालत खराब हो गई है। मैच की बात करें तो बेंगलुरु ने पहले खेलते हुए कनिका आहुजा के 33, राघवी के 22 रनों की बदौलत 7 विकेट के नुकसान पर 125 रन बनाए थे। जवाब में खेलने उतरी गुजरात ने कप्तान एशले गार्डनर के अर्धशतक की बदौलत आसानी से जीत हासिल कर ली। लीचफील्ड ने भी 30 रन बनाए।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु - 125-7 (20 ओवर)-** बेंगलुरु की शुरूआत खराब रही। ओपनर डेनियल व्हाइट महज 4 रन बनाकर डॉटिन की गेंद पर पगबाधा हो गई। इसके बाद एलिसा पेरी भी बिना खाता खोल



पवेलियन लौट गई। स्मृति मंधाना आज खास नहीं कर पाई और 20 गेंदों पर 10 रन बनाकर आऊट हो गई। मध्यक्रम में राघवी ने 22 तो कनिका अहुजा ने 28 गेंदों पर 33 रन बनाए। इस के बाद जॉर्जिया ने 20 तो किम गैरथ ने 14 रन बनाकर स्कोर 125 तक पहुंचाया। गुजरात की ओर से डाटिन ने 31 रन देकर 2 विकेट लिए। तनुजा कंवर को भी 16 रन देकर 2 विकेट मिले।

**गुजरात जायंट्स = 126-4 (16.3 ओवर)-** गुजरात की शुरूआत भी धीमी रही। ओपनिंग पर बेथ मूनी के साथ दयालन हेमलत्ता आई थी। दोनों ने पहले विकेट के लिए 25 रन जोड़े। दयालन 11 तो बेथ मूनी 17 रन ही बना पाई। हरलीन देओल ने केवल पांच रनों का योगदान दिया। इसके बाद क्रीज पर कप्तान एशले गार्डनर का जलवा देखने को मिला। एशले ने बेंगलुरु की गेंदबाजों को जमकर धोया और अपना अर्धशतक पूरा किया। गार्डनर ने 31 गेंदों पर 6 चौके और 3 छक्कों की मदद से 58 रन बनाए। अंत में लिचफील्ड (30) ने एक छोर संभाला और ताबड़तोड हिटिंग लगाते हुए टीम को जीत दिला दी।

चैंपियस ट्राफी 2025

# आज सेमीफाइनल में जगह पक्की करने उतरेगा दक्षिण अफ्रीका

**कराची (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका अपना दबदबा कायम रखते हुए शनिवार को यहां होने वाले चैंपियंस ट्रॉफी ग्रुप बी के अंतिम लीग मैच में संघर्षरत इंग्लैंड पर जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की करना चाहेगा। ग्रुप ए से भारत और न्यूजीलैंड पहले ही सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर चुके हैं लेकिन ग्रुप बी से ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और अफगानिस्तान इस दौड़ में शामिल हैं।

अफगानिस्तान ने एक रोमांचक मुकाबले में आठ रन से जीत दर्ज करके न सिर्फ इंग्लैंड को सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर किया बल्कि अंतिम चार में जगह बनाने की अपनी उम्मीदों को भी जीवंत रखा। दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था। इन दोनों टीम के अभी तीन-तीन अंक हैं जबकि अफगानिस्तान के दो अंक हैं। इंग्लैंड की टीम को अपने दोनों मैच में हार का सामना करना पड़ा। इंग्लैंड के खिलाफ मैच में दक्षिण अफ्रीका का पलड़ा थोड़ा भारी नजर आता है क्योंकि उसकी टीम ने अभी तक तीनों विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया है और उसके अधिकतर खिलाड़ी अच्छी फॉर्म में चल रहे हैं। दूसरी तरफ इंग्लैंड की टीम बल्लेबाजी में जो रूट पर जरूरत से ज्यादा निर्भर है। दक्षिण अफ्रीका की टीम बारिश से प्रभावित टूर्नामेंट में अभी तक केवल एक मैच खेल पाई है जिसमें उसने अफगानिस्तान को 107 रन के बड़े अंतर से हराया था।

इस मैच में रेयान रिकेल्टन ने शतक लगाया, जबकि कप्तान टेम्बा बावुमा, रासी वान डेर डुसेन और एडेन मार्क्रम ने अर्धशतक जमाए, जिससे दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 315 रन बनाए और इसके बाद




अफगानिस्तान को 208 रन पर आउट कर दिया। दक्षिण अफ्रीका की टीम भले ही कागजों पर मजबूत नजर आती है और आईसीसी की प्रतियोगिताओं में उसका प्रदर्शन अच्छा रहा है लेकिन पिछले एक साल में वह अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई है। दक्षिण अफ्रीका को पिछले 12 वनडे मैच में से आठ में पराजय झेलनी पड़ी थी। चैंपियंस ट्रॉफी से पहले पाकिस्तान में खेली गई त्रिकोणीय श्रृंखला में दक्षिण अफ्रीका फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहा था। इंग्लैंड के खिलाफ मैच में उसको अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखनी होगी क्योंकि जोस बटलर की अगुवाई वाली टीम जीत के साथ अपने अभियान का अंत करने के लिए प्रतिबद्ध होगी। रूट को छोड़कर इंग्लैंड का कोई भी खिलाड़ी आत्मविश्वास से भरा हुआ नहीं दिखता है। चैंपियंस ट्रॉफी से पहले भारत के खिलाफ तीन मैच की वनडे श्रृंखला में उसे सभी मैच में हार का सामना करना पड़ा था।

उसकी टीम को हार के इस क्रम को तोड़ने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। अफगानिस्तान के खिलाफ पिछले मैच में रूट ने 120 रन की शानदार पारी खेली थी लेकिन उसके अन्य बल्लेबाज फिर से अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने में नाकाम रहे। इंग्लैंड को अपने पहले मैच में गेंदबाजों की नाकामी के कारण ऑस्ट्रेलिया के हाथों हार सामना करना पड़ा था।

### टीमें:

इंग्लैंड - जोस बटलर (कप्तान), जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, टॉम बैंटन, हैरी ब्रूक, रेहान अहमद, बेन डकेट, जेमी ओवरटन, जेमी स्मिथ, लियाम लिविंगस्टोन, आदिल राशिद, जो रूट, साकिब महमूद, फिल साल्ट, मार्क वुड। दक्षिण अफ्रीका- टेम्बा बावुमा (कप्तान), टोनी डी ज़ोरज़ी, मार्को जानसन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, एडेन मार्क्रम, डेविड मिलर, वियान मुल्डर, लुंगी एनगिडी, कैगिसो रबाडा, रेयान रिकेलटन, तबरेज़ शम्सी, ट्रिस्टन स्टब्स, रासी वैन डेर डुसेन, कॉर्बिन बॉश।

समय - दोपहर 2.30 बजे।

# आइकिया आज से उत्तर भारत के नौ शहरों में ऑनलाइन डिलीवरी की करेगी शुरुआत

**मुंबई ।**

स्वीडन की होम फर्निशिंग रिटेलर आइकिया अब दिल्ली-एनसीआर सहित उत्तर भारत में प्रवेश करने को तैयार है। कंपनी 1 मार्च से दिल्ली-एनसीआर के साथ-साथ आगरा, प्रयागराज, अमृतसर, चंडीगढ़, जयपुर, कानपुर, लखनऊ, लुधियाना और वाराणसी सहित 9 शहरों में ऑनलाइन डिलीवरी की शुरुआत कर रही है। इन इलाकों के ग्राहक आइकिया एप, कंपनी की वेबसाइट तथा फोन के जरिए उपलब्ध खरीद सहायता का उपयोग करके कंपनी के 7000 से अधिक प्रोडक्ट्स को देख और खरीद सकते है। आइकिया वर्तमान में भारत के पांच बाजारों में मौजूद है। कंपनी के हैदराबाद, नवी मुंबई और बेंगलुरु में 3 बड़े-फॉर्मेट वाले स्टोर और वर्ली में एक सिटी स्टोर है।




आइकिया इंडिया की सीईओ और चीफ सस्टेनेबिलिटी ऑफिसर सुजैन पल्वरर ने कहा, हैदराबाद में अपना पहला स्टोर खोलने के बाद से हमें उत्तर भारत से निरंतर अच्छा रिस्पांस मिल रहा था। हमारे बी2बी चैनलों के माध्यम से इन शहरों से सैकड़ों ऑर्डर आ रहे हैं, हमें लगातार ऑनलाइन सर्च किया जा रहा है, एप डाउनलोड किए जा रहे हैं, और सोशल मीडिया पर लगातार सवाल पूछे जा रहे हैं। हमारी भारत की कहानी में यह एक खाली जगह थी। हम आइकिया को उत्तर भारत में लांच करने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। दिल्ली एनसीआर और अन्य मार्केट्स में यह लांच हमारे भविष्य के विकास के लिए एक मजबूत नींव साबित होगा। पुल्वरर ने कहा कि चाहे वह कई पीढ़ियों का रहन-सहन हो, कम खर्च में रहन-सहन हो, बच्चों की परवरिश हो या छोटी जगहों का बेहतर इस्तेमाल हो, भारतीय घरों की खास जरूरतों की हमारी गहरी समझ के साथ हमारा लक्ष्य उत्तर भारत में उपयोगी समाधान लाना है। इससे हम इन समाधानों और उत्पादों की हमारी विस्तृत श्रृंखला को तमाम लोगों तक पहुंचा पाएंगे। हम जल्द ही इस क्षेत्र में अपने स्टोर खोलने के करीब पहुंच रहे हैं।

## पेटीएम ऐप पर अब यूजर्स के लिए मिलेगा एआई इंटीग्रेटेड सर्च ऑप्शन

**मुंबई ।**

पेटीएम ऐप पर अब यूजर्स के लिए एआई इंटीग्रेटेड सर्च ऑप्शन मिलेगा। इसके लिए फिनटेक कंपनी पेटीएम ने एआई स्टार्टअप परप्लेक्सिटी के साथ टाइअप करने की घोषणा की है।

यूजर्स अपनी लोकल भाषा में इस फीचर के जरिए रियल टाइम इन्फॉर्मेशन और फाइनेंशियल इनसाइट्स एक्सेस कर सकेंगे। कंपनी ने एक्सचेंज फाइलिंग में इसकी जानकारी दी है। कंपनी का कहना है कि इस फीचर से यूजर्स की फाइनेंशियल लिट्रेसी बढ़ेगी। यूजर्स बैंकिंग, निवेश, खर्च से जुड़े विषयों की जानकारी आसानी से पा सकेंगे। इससे उन्हें फाइनेंस से जुड़े डिसीजन लेने में मदद मिलेगी। वहीं पेरप्लेक्सिटी के सीईओ अरविंद श्रीनिवास ने कहा कि यह तकनीक लोगों को रियल-टाइम में भरोसेमंद जानकारी देने में मदद करेगी। आईआईटी ग्रेजुएट ने 2022 में बनाया परप्लेक्सिटी परप्लेक्सिटी यूएस बेस्ड एआई सर्च इंजन स्टार्टअप कंपनी है। आईआईटी मद्रास से ग्रेजुएट अरविंद श्रीनिवास ने 2022 में परप्लेक्सिटी को बनाया था। अरविंद श्रीनिवास ओपन एआई में एआई रिसर्चर के तौर पर भी काम कर चुके हैं।

गूगल सर्च के कॉम्पिटिटर परप्लेक्सिटी ने हाल ही में 500 मिलियन डॉलर की फंडिंग हासिल की थी। इससे पहले कंपनी ट्रिपएडवाइजर के साथ भी इसी तरह का टाइअप कर चुकी है।

पेटीएम को एफवाय25क्यू3 में रुपए 208 करोड़ का लॉस पेटीएम की पेरेंट कंपनी वन 97 कम्युनिकेशंस का वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में नेट लॉस 208 करोड़ रुपए रहा।

एक साल पहले की समान तिमाही में पेटीएम का घाटा 220 करोड़ रुपए था। अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में कंपनी का रेवेन्यू 36 प्रतिशत गिरकर 1,828 करोड़ रुपए हो गया। एक साल पहले की समान तिमाही यानी, क्यू3एफवाय24 में यह 2,850 करोड़ रुपए था।

## सोना 85 हजार के नीचे आया, चांदी 93 के करीब, सोना खरीदने का यही सही समय




**मुंबई।**

सोने और चांदी के वायदा कारोबार में शुक्रवार का गिरावट दर्ज की गई। सोना 85 हजार के नीचे आ गया, जबकि चांदी के भाव भी 93,200 के करीब कारोबार कर रही हैं। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने का अप्रैल वायदा 297 की गिरावट के साथ 84,899 पर खुला। खबर लिखे जाने तक सोना 84,880 रुपए प्रति 10 ग्राम पर ट्रेड कर रहा था। आज दिन में सोने ने 84,912 का उच्चतम और 84,846 का न्यूनतम स्तर को छुआ। इस महीने सोने ने 86,592 का अब तक का उच्चतम स्तर छू लिया था।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर मार्च वायदा चांदी 406 की गिरावट के साथ 93,229 पर खुली। ट्रेडिंग के दौरान यह 93,229 के उच्चतम और न्यूनतम स्तर तक ही सीमित रही। पिछले साल चांदी ने 1,00,081 प्रति किलोग्राम का उच्चतम स्तर छुआ था। कोमेक्स पर सोना 2,889 डॉलर प्रति औंस पर खुला, जो पिछले क्लोजिंग प्राइस 2,895.90 डॉलर प्रति औंस से कम था। 2,885.20 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। अगर आप सोना-चांदी खरीदने का प्लान बना रहे हैं, तो यह सही समय हो सकता है। हालांकि, आगे कीमतों में और गिरावट या उछाल आ सकता है, इसलिए निवेश करने से पहले बाजार पर नजर बनाए रखें।

## कोलकाता के बाद चेन्नई में खुला उड़ान यात्री कैफे, 10 रुपये में चाय और 20 रुपये में समोसा

### देश के दूसरे अन्य एयरपोर्ट पर भी कैफे खोलने की तैयारी




**नई दिल्ली ।**

एयरपोर्ट पर चाय और समोसे का रेट देखकर ज्यादातर यात्री खाने का मन नहीं बनाते हैं। लेकिन मोदी सरकार के प्रयास से अब आम आदमी भी एयरपोर्ट पर चाय और समोसे का मजा ले सके हैं। इसी कड़ी में एयरपोर्ट पर अब 10 रुपये में चाय और 20 रुपये में समोसा मिलना शुरु हुआ हो गया है। यात्री कैफे की शुरुआत 19 दिसंबर को कोलकाता एयरपोर्ट से हुई थी और अब चेन्नई में भी इसतरह का कैफे खुल गया है। माना जा रहा है कि कोलकाता और चेन्नई के बाद अब दिल्ली और मुंबई एयरपोट्र्स का भी नंबर आ सकता है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने बताया कि यह कैफे चेन्नई एयरपोर्ट के डोमेस्टिक टर्मिनल-1 पर चेक-इन से पहले एरिया में खुला है। यहां 10 रुपये में चाय, 10 रुपये में पानी की बोतल और 20 रुपये में समोसा, कॉफी और मिठाई खरीदी जा सकती है। नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने चेन्नई एयरपोर्ट पर उड़ान यात्री कैफे का उद्घाटन किया। पहला उड़ान यात्री कैफे 19 दिसंबर को कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर किया गया था।

एयरपोर्ट एथॉरिटी ऑफ इंडिया ने कोलकाता एयरपोर्ट की 100वीं वर्षगांठ पर यात्रियों को देश के पहले उड़ान यात्री कैफे का गिफ्ट दिया था। कोलकाता एयरपोर्ट के डिपार्चर एरिया में यात्री उड़ान कैफे खोला गया है। इसमें चाय, कॉफी, स्नैक्स और पानी जैसी चीजें सस्ती कीमत पर बेची जा रही है। इस योजना का मकसद हवाई यात्रा को अधिक किफायती बनाना है, क्योंकि भारत में एविएशन सेक्टर तेजी से बढ़ रहा है।

# शेयर बाजार के लिए काल साबित हुए ये कारण नौ माह के निचले स्तर पर आया निफ्टी

**मुंबई।**

भारतीय शेयर बाजार 28 फरवरी को खुलते ही धड़ाम हो गया। सेंसेक्स 1100 अंकों से अधिक क्रैश होकर 73,469.11 अंक पर आ गया। वहीं निफ्टी-50 भी 350 अंकों का गोता लगाकार 22,188.50 के स्तर पर आ गया। गिरावट इतनी तेज थी 30 मिनट के अंदर बीएसई में लिस्टेड कंपनियों की मार्केट वैल्यू करीब 6.1 लाख करोड़ रुपये कम हो गई। इसके साथ निफ्टी अब अपने 9 महीने के निचले स्तर पर आ गया है। फरवरी में अब तक निफ्टी 5 प्रतिशत तक गिर चुका है। इसके साथ ही निफ्टी अब 29 सालों में पहली बार लगातार 5वें महीने गिरावट के साथ बंद होता हुआ दिख रहा है। लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह हैं कि आज बाजार के टूटने का कारण क्या था। हम आपकों इस खबर में उन कारणों के बारे में बताने जा रहे है।

### बाजार के टूटने का प्रमुख कारण ट्रेड वार की आशंका

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कनाडा और मैक्सिको पर 4 मार्च से ही 25 प्रतिशत टैरिफ लागू करने की घोषणा की है। जबकि इसके पहले उन्होंने टैरिफ को 2 अप्रैल से लागू करने का संकेत दिया था। ट्रंप ने यह भी कहा कि चीन से आने वाले सामानों पर भी 10 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगेगा, जिससे ग्लोबल ट्रेड वार छिड़ने की आशंका बढ़ गई है। बाजार जानकार बताते हैं कि शेयर बाजार अनिश्चितता को पसंद नहीं करते हैं, और जब से ट्रंप राष्ट्रपति चुने गए हैं, तब से अनिश्चितता बढ़ती जा रही है। ट्रंप के टैरिफ ऐलानों का शेयर बाजार पर असर पड़ रहा है। साथ ही चीन पर अतिरिक्त 10 प्रतिशत टैरिफ की नई घोषणा से शेयर बाजार के इस नजरिए की पुष्टि हो रही है कि ट्रंप अपने नए कार्यकाल में टैरिफ का इस्तेमाल देशों का धमकाने और फिर अमेरिका के अनुकूल समझौते करने के लिए करने वाले है। उन्होंने कहा, मार्च में इकोनॉमी से जुड़ी अच्छी खबरों और विदेशी निवेशकों की बिकवाली की रफ्तार धीमी होने के चलते शेयर बाजार में एक रिकवरी देखने को मिल सकती है। लंबी अवधि के निवेशक बाजार में कमजोरी का फायदा उठाकर धीरे-धीरे वाजिब भाव पर कारोबार कर रहे क्वालिटी लार्जकैप शेयरों को जमा कर सकते हैं।

### 2. एशियाई शेयर बाजारों में कमजोरी

एशियाई शेयरों में कमजोरी ने भी शुक्रवार को निवेशकों के सेंटीमेंट पर असर डाला। हांगकांग के शेयरों में शुक्रवार को गिरावट के साथ ही पिछले 6-हफ्तों से जारी तेजी का सिलसिला टूट गया। ट्रंप का चीनी सामानों पर अतिरिक्त 10 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाने के फैसले के बाद वहां जमकर मुनाफावसूली देखने को मिली। हांगकांग के बेंचमार्क हैंग सेंग में 2.3 प्रतिशत की गिरावट आई। जापानी शेयरों में विदेशी निवेशकों की ओर से करीब 5 महीनों की सबसे बड़ी बिकवाली देखने को मिली। यह कुल 1.04 ट्रिलियन येन की निकासी थी। जापानी येन में मजबूती, बढ़ती मंहगाई से जुड़ी चिंताएं और ट्रंप की टैरिफ नीतियों से जुड़ी अनिश्चितताओं के चलते एफआईआईएस ने बिकवाली की।

### 3. एआई सेक्टर की ग्रोथ पर संदेह बढ़ना

एआई चिप्स इंडस्ट्री की सबसे बड़ी कंपनी एनवीडिया के उम्मीद से कमजोर तिमाही नतीजों ने भी बाजार में भूचाल लाने में अहम भूमिका निभाई। एनवीडिया के शेयर रातों रात 8.5 फीसदी तक गिर गए। कंपनी ने ग्रॉस मार्जिन के मोर्चे पर खासतौर से उम्मीद से कमजोर प्रदर्शन किया। हालांकि एनवीडिया ने अपनी ग्रोथ को लेकर मजबूत अनुमान जताए हैं, लेकिन यह निवेशकों के मनोबल को उठा पाने में नाकाम रहा।

### 4. अमेरिकी इकोनॉमी में मंदी की आशंका

अमेरिका में साप्ताहिक बेरोजगारी दावों में उम्मीद से अधिक बढ़ोतरी हुई है। इस आंकड़े से दुनिया की सबसे बड़ी इकोनॉमी में सुस्ती की चिंता को बढ़ दिया है। ट्रंप के टैरिफ ऐलानों के चलते पहले ही वह महंगाई दर में बढ़ोतरी का अनुमान जताया चा चुका है। इसकारण आईटी शेयरों में भारी गिरावट देखने को मिली, जिनकी कमाई का एक बड़ा हिस्सा अमेरिका से आता है।

# टाटा स्टील हर्षोल्लास के साथ मना रही अपने संस्थापक जे.एन.टाटा की जयंती

### इस वर्ष की थीम है : बाजार, तकनीक और लागत में उत्कृष्ट नेतृत्व



### रोशनी से सजाए जाएंगे जमशेदपुर के 5 प्रमुख पार्कों और 26 चौक

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**जमशेदपुर।** टाटा स्टीबल 3 मार्च 2025 को अपने संस्थापक जमशेदजी नसरवानजी टाटा की 186वीं जयंती उत्साहपूर्वक मनाने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस वर्ष के संस्थापक दिवस की थीम ह्यबाजार, तकनीक और लागत में नेतृत्व है। यह हमारे ग्राहकों की आवश्यकताओं को सर्वोपरि रखने और वैश्विक लागत नेतृत्व हासिल करने के लिए तकनीक के प्रभावी उपयोग के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दोहराती है।

हर साल, टाटा स्टील और टाटा समूह की अन्य कंपनियां संस्थापक की जयंती को धूमधाम से मनाती हैं। उनके उस अद्वितीय दृष्टिकोण को नमन करती हैं, जिसमें औद्योगिक विकास के साथ सामुदायिक कल्याण को केंद्र में रखा गया था। जमशेदजी नसरवानजी टाटा ने 1870 के दशक में मध्य भारत में एक कपड़ा मिल से अपनी उद्यमशीलता यात्रा शुरू की थी। उनकी दूरदृष्टि ने न केवल भारत में इस्पात और ऊर्जा उद्योग की नींव रखी, बल्कि तकनीकी शिक्षा को भी नई दिशा दी, जिससे देश औद्योगिक राष्ट्रों की अग्रणी पंक्ति में स्थान बनाने में सक्षम हुआ।

इस वर्ष के समारोह की एक खास झलक होगी जमशेदपुर के 20 से अधिक प्रतिष्ठित स्थलों, प्रमुख इमारतों और दर्जनों गोलचक्करों की विद्युत सज्जा। रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगाते ये स्थल न केवल समारोह की भव्यता को दर्शाएंगे, बल्कि शहर की जीवंतता और उसकी अनूठी विरासत का प्रतीक बनेंगे। यह आलोकित नजारा नागरिकों और आगंतुकों के लिए एक यादगार अनुभव होगा।

संस्थापक दिवस 2025 के उपलक्ष्य में जमशेदपुर वर्क्स में आयोजित समारोह का सीधा प्रसारण कर्मचारियों के लिए किया जाएगा।

**मुख्य आकर्षण**

वरिष्ठ अधिकारियों के लिए रस्साकशी, कॉर्पोरेट 50एम*8 रिले, गोल्फ पुटिंग और एरो शूटिंग जैसे खेल आयोजित किए जाएंगे। समापन समारोह के मुख्य अतिथि सीईओ और एमडी होंगे।

3 मार्च को साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी, सर जहांगीर गांधी चैलेंज कप, लेडी जहांगीर गांधी चैलेंज कप, सर्वश्रेष्ठ एथलीट (ट्रेनिंग सेंटर) और आईडी इवेंट्स की विजेता टीम को सम्मानित किया जाएगा।

समापन समारोह में सभी प्रशिक्षण केंद्रों और अकादमियों के प्रशिक्षुओं द्वारा मार्च पास्ट किया जाएगा, जिसे प्रेम ज्योति स्कूल के बैंड की धुनों के साथ प्रस्तुत किया जाएगा।

### प्रमुख कार्यक्रमों में शामिल

**1 मार्च 2025 -नए प्रेम ज्योति प्रांगण स्कूल का उद्घाटन**

आधुनिक सुविधाओं से युक्त इस नए विद्यालय भवन का निर्माण टाटा स्टील फाउंडेशन के समर्थन से किया गया है। यह नई सुविधा छात्रों को बेहतर शिक्षा और समग्र विकास के लिए एक प्रेरणादायक वातावरण प्रदान करेगी, जिससे भविष्य के परिवर्तनशील लीडर्स तैयार होंगे।

जमशेदपुर का पहला पेट क्रेमेटोरियम 1 मार्च 2025 को उद्घाटन के लिए तैयार है। टाटा स्टील द्वारा समर्थित यह पहल पालतू पशु मालिकों को एक सम्मानजनक और पर्यावरण के अनुकूल अंतिम संस्कार की सुविधा प्रदान करेगी, जिससे उनके प्रिय पालतू जानवरों को गरिमामय विदाई मिल सके।

जुबिली पार्क में 2 मार्च 2025 को टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन संस्थापक को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

नागरिकों के लिए पार्क 3 से 5 मार्च तक खुला रहेगा।

टाटा स्टील जमशेदपुर वर्क्स में 3 मार्च 2025 को संस्थापक दिवस समारोह आयोजित किया जाएगा।

3 मार्च 2025 को पोस्टल पार्क, बिष्टुपुर में संस्थापक दिवस कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

4 मार्च 2025 को स्पाइन क्लिनिक का उद्घाटन किया जाएगा। यह स्पाइन क्लिनिक जटिल रीढ़ संबंधी समस्याओं के समग्र इलाज के लिए एक विशेष मल्टी-स्पेशियलिटी क्लिनिक होगा।

4 मार्च 2025 को टीएमएच में स्ट्रोक यूनिट का शुभारंभ किया जाएगा, जो स्ट्रोक मरीजों के त्वरित मूल्यांकन और उपचार के लिए समर्पित होगा।

जुबिली पार्क-संस्थापक दिवस 20252 मार्च 2025-टाटा संस के चेयरमैन संस्थापक को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

जुबिली पार्क में विद्युत सज्जा और आवाजाही के नियम :

**3 मार्च - 5 मार्च 2025**
**पैदल आवाजाही : शाम 5 बजे से रात 10 बजे तक**

संस्थापक दिवस खेल प्रतियोगिता इस वर्ष दो दिवसीय आयोजन के रूप में आयोजित की जाएगी, जिसमें लगभग 350 प्रतिभागी शामिल होंगे। प्रतियोगिता में 31 विभिन्न खेल स्पधाएं होंगी, जिनमें ट्रांसजेंडर व्यक्तियों, दिव्यांग बच्चों, कॉर्पोरेट अधिकारी, समूह कंपनियों के यूनियन समिति के सदस्य, प्रशिक्षण केंद्रों, फीडर केंद्रों और अकादमियों के प्रतिभागी हिस्सा लेंगे।

## देश के आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर जनवरी में 4.6 फीसदी पर

**नई दिल्ली।** देश के आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर जनवरी महीने में बढ़कर 4.6 फीसदी हो गई, जो पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों का उत?पादन 4.2 फीसदी रही थी। दिसंबर, 2024 में इनकी वृद्धि दर 4.8 फीसदी थी। वाणिज्?य एवं उद्योग मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया कि जनवरी, 2025 में देश के आठ कोर उद्योगों (आईसीआई) के उत?पादन की वृद्धि दर सालाना आधार पर 4.6 फीसदी रही है। आंकड़ों के मुताकिक सीमेंट, रिफाइनरी उत्पाद, कोयला, इस्पात, उर्वरक और बिजली के उत्पादन में जनवरी, 2025 में सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई। पिछले साल आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों का उत?पादन 4.2 फीसदी थी, जबकि दिसंबर 2024 में यह वृद्धि दर 4.8 फीसदी रही थी।

मंत्रालय ने जारी आंकड़ों में बताया कि इस साल जनवरी महीने में कोयला क्षेत्र का उत्पादन 4.6 फीसदी, इस्पात क्षेत्र का उत्पादन 3.7 फीसदी और बिजली का उत्पादन 1.3 फीसदी बढ़ा है। पिछले साल इसी महीने में इन उद्योगों में क्रमशः 10.6 फीसदी, 9.2 फीसदी और 5.7 फीसदी की वृद्धि हुई थी। हालांकि, इस दौरान रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक और सीमेंट का उत्पादन बढ़कर क्रमशः 8.3 फीसदी, तीन फीसदी और 14.5 फीसदी हो गया है। आंकड़ों के मुताबिक वित्त वर्ष 2024-25 में अप्रैल-जनवरी के दौरान देश के आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर 4.4 फीसदी रही, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह दर 7.8 फीसदी थी।



## पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बदलाव नहीं

**नई दिल्ली ।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें स्थिर बनी हुई हैं जिससे घरेलू बाजार में भी पेट्रोल और डीजल की कीमतों में फरवरी के अंतिम दिन शुक्रवार को कोई बदलाव नहीं हुआ और इसकी कीमतें पहले की तरह ही बनी हुई हैं। देश के सभी चार महानगरों की बात करें तो उसमें कीमतें पहले की तरह ही हैं। दिल्ली में प्रैट्रोल 94.72 वहीं डीजल 87.62 रुपये पर बना हुआ है। वहीं मुम्बई में प्रैट्रोल 103.44 और डीजल 89.97 रुपये जबकि कोलकाता में प्रैट्रोल 103.94 और डीजल 90.76 पर है। चेन्नई में प्रैट्रोल 100.85 व डीजल 92.44 वहीं बेंगलुरु में प्रैट्रोल 102.86 और डीजल 88.94 पर है। लखनऊ में प्रैट्रोल 94.65 और डीजल 87.76 पर हैं। वहीं लखनऊ में प्रैट्रोल 94.65 और डीजल 87.76 जबकि नोएडा में ये 94.87 व 88.01 पर हैं। गुरुग्राम में पेट्रोल 95.19 और डीज 88.05 पर है। चंडीगढ़ में इसकी कीमत 94.24 व 82.40 रुपये हैं। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में तकरीबन एक साल मार्च 2024 के बाद से ही बदलाव नहीं हुआ है। बाजार जानकारों के अनुसार अंतरराष्ट्रीय बाजार में अभी कच्चे तेल की कीमतें स्थिर बनी हुई हैं, देश में पेट्रोल और डीजल की कीमंतें पहले की तरह ही बनी हुई हैं।

## भारत-यूके फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर सहमत

**नई दिल्ली।** भारत और यूनाइटेड किंगडम के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) पर सहमति बन गई है, जिससे दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंध और मजबूत होंगे। वहीं, फिनटेक कंपनी पेटीएम ने एआई स्टार्टअप परप्लेक्सिटी के साथ हिस्सेदारी करने का ऐलान किया है, जिससे यूजर्स को ऐप पर एआई इंटीग्रेटेड सर्च ऑप्शन की सुविधा मिलेगी। भारत ने एक्सपोर्ट्स को बढ़ावा देने के लिए अब तक 13 फ्री ट्रेड एग्रीमेंट्स और 6 प्रेफरेंशियल ट्रेड एग्रीमेंट्स पर हस्ताक्षर किए हैं। इस कड़ी में यूके के साथ होने वाला नया समझौता भारतीय उद्योगों को वैश्विक बाजारों में ज्यादा पहुंच प्रदान करेगा। इस समझौते से भारतीय वस्तुओं और सेवाओं पर लगने वाले शुल्कों में छूट मिलेगी, जिससे व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। पेटीएम ने एआई स्टार्टअप परप्लेक्सिटी के साथ टाइअप किया है, जिससे अब पेटीएम पर एआई इंटीग्रेटेड सर्च उपलब्ध होगा। यह फीचर यूजर्स को लोकल भाषा में जानकारी और फाइनेंशियल इनसाइट्स प्रदान करेगा। पेटीएम का यह कदम डिजिटल बैंकिंग और फिनटेक क्षेत्र में एक नई तकनीकी क्रांति ला सकता है।

## पॉपुलर रोडस्टर बाइक गुरिल्ला 450 का अपडेटेड मॉडल लॉन्च

**नई दिल्ली ।** भारतीय बाजार में रॉयल एनफील्ड ने अपनी पॉपुलर रोडस्टर बाइक गुरिल्ला 450 का अपडेटेड मॉडल लॉन्च कर दिया है। कंपनी ने रॉयल एनफील्ड गुरिल्ला 450 में दो नए कलर पिक्स ब्रॉन्ज और स्मोक सिल्वर शामिल किए हैं। बाइक स्मार्टफोन कनेक्टिविटी, गूगल मैप्स इंटीग्रेशन और मीडिया कंट्रोल के साथ 4-इंच टीएफटी डिस्प्ले जैसे फीचर्स से लैस है। बाइक अब 6 कलर ऑप्शन के साथ अवेलेबल है। रोडस्टर बाइक तीन वैरिएंट- एनालॉग, डैश और फ्लैश में आती है और इसकी शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 2.49 लाख रुपए रखी गई है, जो टॉप वैरिएंट में 2.54 लाख रुपए (एक्स-शोरूम) तक जाती है। नए कलर के साथ बाइक की बुकिंग लॉन्च के साथ ही शुरू हो चुकी है और इनकी डिलीवरी 10 मार्च 2025 से मिलेगी। भारत में इसका मुकाबला ट्रायम्फ 400, हुस्कवर्ना स्वार्टपिलेन 401 और होंडा सीबी300आर से है। नई गुरिल्ला 450 में 452सीसी का लिक्विड-कूल्ड सिंगल-सिलेंडर शेरपा इंजन दिया गया है, जो 8,000आरपीएम पर 40 एचपी की पावर और 5,500आरपीएम पर 40एनएम का टॉर्क जनरेट करता है। इंजन को असिस्ट और स्लिप क्लच के साथ 6-स्पीड गियरबॉक्स के साथ जोड़ा गया है। बाइक में दो राइड मोड- परफॉरमेंस और इको मिलते हैं। रॉयल एनफील्ड ने बेहतर लो-एंड टॉर्क देने के लिए इंजन को फिर से ट्यून किया है। कंपनी का दावा है कि 3000आपीएम से शुरू होने वाले टॉर्क का 85 प्रतिशत से अधिक अवेलेबल है।

# मुख्यमंत्री इस्कूलमन में करलयं टैबलेट कर बितरन, देखू तस्बीर

**रांची।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग कर दन से झारखंड मंत्रालय में आयोजित समारोह में 28,945 सरकारी प्राथमिक बिद्यालय कर बीच टैबलेट बितरन आइज करल गेलक। गुनवत्ताजुक्त सिछा संबर्धन ले बिद्यालय रिपोर्ट कार्ड आउर सिछकमन ले 50 घंटा कर अनिवार्य समेकित-सतत छमता बिकास कार्जकरम कर ऑनलाइन सुभारंभ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करलयं।
मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 28,945 सरकारी प्राथमिक बिद्यालय कर सिछकमन के टैबलेट देलयं।
गुनवत्ताजुक्त सिछा संबर्धन ले बिद्यालय रिपोर्ट कार्ड आउर सिछकमन ले 50 घंटा कर अनिवार्य समेकित-सतत छमता बिकास कार्जकरम कर भी ऑनलाइन सुभारंभ करलयं।
मुख्यमंत्री कहलयं कि राइज कर सिछा बेबस्था के बेहतर आउर छउवामन के तकनीकी माध्यम से गुनवत्ता जुक्त सिछा देवेक ले सरकार ठोस कदम उठात हे। सरकार राइज कर गरीब आउर होनहार छउवामन के बिभिन्न माध्यम से प्रोत्साहित करत हे।









# डायन कइह के मारेक इया प्रताड़ित करेक अपराध : राजेश कुमार सिन्हा

- पीएलवी लता कुमारी रास्ट्रीय लोक अदालत कर जानकारी देलयं




**रांची।** झालसा कर निरदेस में न्यायायुक्त-सह-अध्यछ कर मार्गदरसन में डालसा, रांची वाईबीएन यूनिवर्सिटी कर सहजोग से नामकुम परखंड कर लाली पंचायत भवन में जागरुकता कार्जकरम कर आयोजन 28 फरवरी के करल गेलक। ई अवसर में एलएडीसी डिप्टी चीफ राजेश कुमार सिन्हा, नालसा, झालसा आउर डालसा, रांची कर मध्यस्थ श्रीमती अरूणा प्रकाश, वाईबीएन यूनिवर्सिटी कर असिस्टेंट प्रोफेसर श्रीमती निकिता तिवारी, कानूनी अध्ययन कर मुध अजीत कुमार गांड, विधि बिभाग कर असिस्टेंट प्रोफेसर सुश्री अंतरा रॉय, विक्रम दुबे, सुशोभन अधिकारी, छात्र-छात्रामन, देवराज, मीनु माहतो, बिकिस फिरदौस, अभिषेक कुमार, विशाल कुमार, सगुफा प्रवीण, सुरज गुप्ता, आशा कुमारी, सोनाली पांडे, अमन राज, जय, वरूण कुमार माहतो, वासुदेव माहतो, पीएलवी लता कुमारी, प्रीति कुमारी, रूही अग्रवाल, अनिता कुमारी, बिनोद कश्यप, युधिष्ठिर महतो, प्रहलाद उपाध्याय संगे आउरोंमन उपस्थित रहयं।

मंच कर संचालन वाईबीएन यूनिवर्सिटी कर असिस्टेंट प्रोफेसर श्रीमती निकिता तिवारी करलयं।

ऊ कहलयं कि समय-समय में डालसा कर सहजोग से जागरुकता कार्जकरम कइर के सउब के जागरूक करल जायेला, ताकि दबल-कुचलल आउर जरूरतमंदमन के सरकार कर लाभकारी जोजना कर लाभ मिइल सके। कार्जकरम कर मुध उद्देस गरीबमन के डालसा, रांची कर सहजोग से लाभ पहुंचायेक हय।

श्रीमती अरूण प्रकाश सउब अदमी के डालसा कर बारे में जानकारी देलयं। ऊ कहलयं कि डालसा सउब परखंड आउर पंचायतमन में पीएलवी के नियुक्त कइर हयं, ताकि गरीबमन के उनकर अधिकार कर लाभ मिइल सके। ऊ कहलयं कि केऊ भी बेक्ति परखंड इया पंचायत में पीएलवी से सम्पर्क कइर के डालसा में आवेदन देइ सकयंना।

बाल तस्करी उपरे चर्चा करते ऊ कहलयं कि बेटी छउवामन के लालच देइ के झारखंड से दूसर राइज में लेइ के ऊ मन से वैश्यावृत्ति कर काम करुवायंना इया फिर उनके भिखमंगा बनाय के भीख मांगेक ले मजबूर करयंना। इकर संगे ऊ श्रम कानून कर बारे में भी बिस्तार से बतालयं। आगे ऊ मानव तस्करी उपरे भी प्रकास डाललयं।

इकर अलावा एलएडीसी डिप्टी राजेश कुमार सिन्हा महिलामन से संबंधित कानून कर बारे में बिस्तार से बतालयं। ऊ डायन प्रथा, बाल तस्करी आउर बाल बिहा उपरे सउब के जानकारी देलयं। ऊ कहलयं कि डायन-बिसाही अंधबिस्वास आहे। केऊ भी महिला के डायन कईह के मारेक इया प्रताड़ित करेक कानूनन अपराध आहे। बाल बिहा उपरे फोकस करते कहलयं कि अभिभावक आपन बेटी छउवामन कर बिहा 18 बछर कर बादेहे करयं, उनकर पढ़ाई-लिखाई उपरे धेयान देवयं।

पीएलवी लता कुमारी दहेज प्रथा उपरे फोकस करते कहलयं कि दहेज लेवेक आउर देवे क दुईयों कानूनन अपराध हेके। अगर केऊ अदमी केकरो से दहेज मांगेला। दूसर दहेज देवेक ले राजी होय जायेला, तो दुईयों कानूनन अपराध हेके। दहेज प्रथा ले कानून बनल हेके। दहेज मांगेक से 6 महिना से दुई बछर कर सजा कर प्रावधान हेके। दहेज लेवेक से 5 बछर कर जेल आउर 15 हजार कर जुर्माना कर प्रावधान हेके।

प्रीति कुमारी कहलयं कि दहेज देवेक से भी देवेक वालामन कर उपरे उक्त कानून लागू होवेला। दहेज कर चलते महिला प्रताड़ित होवयंना। रूही अग्रवाल कहलयं कि दहेज ले महिला के मारल-पीटल जायेला। जान से भी माइर देवल जायेला। अनिता कुमारी कहलयं कि महिलामन कर संगे छेड़खानी उपरे बनाल गेल कानून कर संबंध में बतालयं कि केऊ भी किसिम से महिला कर गरिमा के भंग करेक कर प्रयास करल जायेला, तो ऊ कानूनन अपराध हेके, जेकर ले पांच बछर तक सजा कर आउर जुर्माना कर प्रावधान हय।

अंत में राजेश कुमार सिन्हा आउर पीएलवी 8 मार्च के आयोजित होवेक वाला रास्ट्रीय लोक अदालत कर बारे में जानकारी देलयं। ऊ कहलयं कि उक्त तिथि के वादकारी आपन वाद कर निस्तारन निःसुल्क कराय सकयंना। लता कुमारी बिधवा पेंसन आउर वृद्धा पेंसन कर बारे में सउब के बतालयं। बिनोद कश्यप आउर प्रहलाद उपाध्याय रासन कार्ड, जॉब कार्ड आउर प्रधानमंत्री आवास कर बारे में जानकारी देलयं। युधिष्ठिर महतो झारखंड सरकार द्वारा चलाल जायेक वाला लाभकारी जोजना कर बारे में जानकारी देलयं। इकर अलावा ऊ डालसा कर बारे में भी बिस्तार से बतालयं।

आखरी में सउब पीएलवी कर द्वारा सउब कर बीच संबंधित लिफलेट आउर पम्प्लेट बांटल गेलक, ताकि लोग बेसी से बेसी संख्या में जागरूक होवयं। ऑन-दी-स्पॉट समस्या के सुनल गेलक। समस्या निदान ले उनकर ले आवेदन करल गेलक।

## नागपुरी कविता

### मोबाइल कर दुनियां



रामदेव बड़ाईक

आजुक दिने छउवा मने,
मोबाइल धरथंय,
फोटो देखथंय उमन, मनोरंजन करथंय।
देखथंय वीडियो देखु,
गेम खेलथंय,
उमन सोशल मीडिया में,चिटिंग करथंय।।
मोबाइल कर दुनियां में,
मगन रहथंय,
लटर – पटर बात के,देखु उमन खोजथंय।
छव सात घंटा समय,
उमन देवथंय,
काम – काज बेरा में, सुसताय खोजथंय।।
आगे–पाछे सोचत नखंय,
बहस करथंय,
उमन आपन जिनगी के, बरबाद करथंय।
करत नखंय मेहनइत,
कोढ़िया बनथंय,
आजुक दिने छउवा मने,मोबाइल धरथंय।।



# एक घंटा श्रमदान कइर के बनई नदी में बनालयं 40 फीट लंबा बोरीबांध



**खूंटी।** सउबकर साथ-सउबकर बिकास कर नारा के मुरहू कर बिचना पंचायत कर अंतर्गत पेलौल गांव कर गंवईयामन बिफे के मूर्त रूप देवेक कर काम कइर हयं। ग्रामसभा में ई बताय देलयं कि हमिन के आपन गांव कर बिकास कर चिंता अपनेहे से करेक चाही। गांव एकजुट रहब तो भारी काम भी चुटकी में निपइट जायेला। ग्रामसभा पेलौल आउर सेवा वेलफेयर सोसाईटी बिफे के संजुक्त रूप से महज एक घंटा में गांव कर बगल में बहेक वाला बनई नदी में 40 फीट लंबा बोरीबांध बनाय देलयं।

ग्रामसभा कर बैठकी कर बाद बिहाने सात बजे गांव कर सउब 70 गो परिवार कर एक-एक गो सदस्य हाथ में कुदारी, गैंता, बेल्चा आदि लेइ के बिहाने सात बजे बनई नदी पहुंचलयं। हुवां पहिले से बोरा राखल रहे। जल संरछन आउर नदी के बचायेक कर जज्बा गांव केर अदमीमन उपरे ई लखे हावी रहे कि सात बजे बोरीबांध बनायेक कर काम सुरू करल गेलक आउर आठ बजते 40 फीट लंबा बोरीबांध बइन के तइयार होए गेलक।

ग्रामप्रधान शिवशंकर मुंडा कहलयं कि बोरीबांध बनेक कर बाद गर्मी कर दिन में पानी कर समस्या नई होवी। खेत कर सिंचाई कर संगे गंवईयामन आपने से नहायेक धोवायेक आउर मवेसीमन के पानी पियायेक कर काम करे पारबयं। प्रगतिसील किसान लक्ष्मण महतो कहलयं कि बोरीबांध बनेक कर ढेइरे फायदा गांव कर अदमीमन के मिली। गांव कर भूगर्भीय जलस्तर भी उपर आवी।

सेवा वेलफेयर सोसाईटी कर अध्यछ अजय शर्मा बतालयं कि जिला में बोरीबांध निर्मान ले जिला कर एसपी अमन कुमार आउर एपेक्स कंक्रीट इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड, तुपुदाना, रांची कर निदेसक विपीन कुमार सिंह कर द्वारा सीमेंट कर खाली बोरी उपलब्ध कराल जाए रहे।

बोरीबांध में श्रमदान करेक वाला में ग्रामप्रधान शिवशंकर तिड़ू, लक्ष्मण महतो, प्रफुल्ल तिड़ू, जगन्नाथ रूंडा, दुर्गा स्वांसी, संदीप कंडुलना, नियारण संगा, मार्शल तिड़ू, समीर कंडुलना,सरजू महतो, अनिल रूंडा, पहलू स्वांसी, इलियस तिड़ू, गोमेया तिड़ू, मंगल बोदरा, आर्यन तोपनो, जोहन संगा, सालू तोपनो संगे आउर गंवईयामन श्रमदान करलयं।

गंवईयामन कर द्वारा अपने से अफीम कर खेती खतम करेक कर बाद जिला पुलिस कर द्वारा उनके बैकल्पिक खेती करेक में सहजोग करल जात हे। जिला कर एसपी अमन कुमार कर द्वारा सेवा वेलफेयर सोसाईटी कर माध्यम से ग्रामसभा सदस्यमन के संगे लेइ के सुकरवार के सुरूंदा-मुरहू नाला में चाइर से पांच बोरीबांध कर निरमान करल जाई। किसानमन कर बीच मुंग कर बीज भी बितरित करल जाई। मौकम में खूंटी कृषि विज्ञान केंद्र कर अध्यछ सह वैज्ञानिक डॉ दीपक राय संगे कृषि बिभाग कर अधिकारी भी उपस्थित रहबयं।

मुद्रक व प्रकाशक **नीलम सिंह** द्वारा झारखंड वनिता उद्योग एसएचजी के लिए श्याम नगर, गांधी नगर सीसीएल कॉलोनी डीएवी गांधी नगर स्कूल के पीछे, थाना गोंदा, जिला-रांची, राज्य झारखंड-834008 से प्रकाशित एवं शिवा साईं पब्लिकेश प्राइवेट लिमिटेड रातू, काठीटांड़ टेंडर बगीचा के नजदीक, एचपी पेट्रोल पंप, पोस्ट व थाना रातू, रांची, झारखंड-835222 में स्थित प्रिंटिंग प्रेस में मुद्रित। आरएनआई पंजीयन संख्या. **JHABIL/2023/86791**, **संपादक** : नीलम सिंह, **प्रबंध संपादक** : कृशन गोपालका, **सलाहकार संपादक** : रतन लाल अग्रवाल। **फोन नंबर** : 8210640230, 9934166306, **ईमेल आइडी** : jharkhandwanitaudyog@gmail.com